शनिवार

14 सितंबर 2024

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज





मिड डे मील खाने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ी, भर्ती 2




# जगदानंद सिंह का दावा... राबड़ी देवी के सामने हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाए थे नीतीश कुमार

- राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने साधा सीएम नीतीश पर निशाना
- बोले- राजनीति विश्वास पर चलती है, नीतीश कुमार बार-बार बोलते रहे कि, गलती हुई, अब गलती नहीं करेंगे





**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निशाना बनाया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, पूरा बिहार जानता है कि किस तरह से गिड़गिड़ा कर राबड़ी जी से तेजस्वी, लालू से क्षमा मांगकर नीतीश जी आते रहे हैं और जाते रहे हैं। अभी उनके मंत्री अशोक चौधरी ने कहा अगर कोई फोटो हो तो दिखाइए। किस तरह से बीजेपी ने ठुकराया तो नीतीश जी ने कैसे गिड़गिड़ा कर दिखाया था। उन्होंने कहा कि, बीजेपी विधानसभा के भीतर इनको जलील कर रही थी, राज्यसभा के सभी उम्मीदवार हार रहे थे, हमने सहयोग किया, हमने साथ दिया और बाहर निकलकर उन्होंने कहा कि क्या मैंने समर्थन मांगा था? राजद से मैंने कोई बात नही की थी। इनको दोबारा समर्थन चाहिए था तो ये गिड़गिड़ाए।

सिंह ने कहा कि, हर घटना का कोई फोटो बनाकर नहीं रखता, ना कोई आशा रहती है कि कोई धोखेबाज रिश्ता मांगने आया है। राजनीति विश्वास पर चलती है। विधानसभा के भीतर उन्होंने क्या-क्या कहा सब जानते हैं, मिट्टी में मिल जाएंगे, बीजेपी से हाथ नहीं मिलाएंगे। बार-बार बोलते रहे कि, गलती हुई, अब गलती नहीं करेंगे... उनका काम था कुर्सी से चिपकना। बीजेपी वाले साइड कॉर्नर कर दिए तो फिर दुबारा माफी मांग कर आए। एक गलती हो गई थी, अब हम आगे से गलती नहीं करेंगे, राजद के साथ रहेंगे कभी नही जाएंगे।

आरजेडी नेता ने कहा कि, खुशी से वे बीजेपी के साथ रहे लेकिन हर चीज का अंत होता है, लोग तब यह मान लेते हैं कि हर भाषा हर बात असत्य पर आधारित है। सिंह ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि, वीडियो में नीतीश जी क्या कर रहे हैं, सब देख सकते हैं, राबड़ी जी के सामने हाथ जोड़ रहे हैं। तेजस्वी कभी झूठ नहीं बोलते हैं। 17 साल में नीतीश ने जो नहीं किया वह तेजस्वी ने किया। आपके पास मौका था करने का लेकिन आपने नहीं किया। नीतीश जी झूठे हैं, बार-बार माफी मांगकर आए हैं। वीडियो में नीतीश जी हाथ जोड़ रहे हैं।

### याद दिलाया मिट्टी में मिल जाएंगे वाली बात

राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने राजद कार्यालय में पत्रकारों के सामने फोटो और वीडियो जारी करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने विधानसभा के भीतर क्या-क्या नहीं कहा था। उन्होंने याद दिलाया कि नीतीश कुमार ने सदन के भीतर यह कहा था कि मिट्टी में मिल जाएंगे मगर बीजेपी के साथ हाथ नहीं मिलाएंगे। जगदानंद ने कहा नीतीश कुमार की एक ही उपलब्धि रही है कि ये कभी भी किसी के साथ जा सकते हैं। उन्होंने कहा, जब उनका अस्तित्व संकट में था वे अपना राजनीतिक अस्तित्व और पार्टी को बचाने के लिए लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी के सामने पहुंचे थे, जिसका वीडियो आज पार्टी साझा कर रही है। प्रेस कांफ्रेस में जयप्रकाश नारायण यादव, बीनू यादव, विजय कृष्ण, तनवीर हसन व अन्य उपस्थित रहे।

### जिसके घर एके-47 मिली, सीएम उससे मिलने गए: तेजस्वी



**पटना।** बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पूर्व विधायक अनंत सिंह का नाम लिए बिना उनके जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि जिस कथित अपराधी को पुलिस ने घर में एके-47 रखवाने के जुर्म में गिरफ्तार किया था, तीन से चार दिन पूर्व उसी से मिलने मुख्यमंत्री उसके घर गए थे। उन्होंने सवाल पूछा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बताएं कि क्या यह सत्ता प्रायोजित, सत्ता संपोषित और सत्ता संरक्षित अपराध नहीं है? तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के नेता अवैध पिस्तौल और बंदूक बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं फिर उन अवैध हथियारों को सरकारी अपराधियों को बेचते हैं। सीएम की पार्टी के नेता शराबबंदी के बावजूद तस्करी से अपने घरों में शराब का भंडारण कर फिर पुलिस की मिलीभगत से उसे बेचते है। बीते दिनों छपरा के मढ़ौरा में ईंट उद्योग फैक्ट्री में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ था। इस मामले में जेडीयू के जिला महासचिव अखिलेश कुशवाहा को पुलिस ने अरेस्ट किया था। इसके साथ ही नालंदा में भी पुलिस ने जुआ खेलते 14 लोगों को गिरफ्तार किया था। मौके से शराब की खेप भी मिली थी। गिरफ्तार होने वालों में जेडीयू का प्रखंड अध्यक्ष भी शामिल था। इन सारी घटनाओं का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है।

## शराब घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम को सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

# 177 दिनों बाद जेल से बाहर से आए सीएम केजरीवाल, आप बोली- यह सत्य की जीत

- शर्तों के साथ मिली है दिल्ली के सीएम को जमानत
- सरकारी फाइलों पर साइन और दफ्तर नहीं जा सकेंगे केजरीवाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 177 दिन बाद तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं। 5 सिंतबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुइयां ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से फैसला सुना दिया। दिल्ली के सीएम को हालांकि बेल शर्तों के साथ मिली है जिसमें सरकारी फाइलों पर साइन और दफ्तर न जाना शामिल है। आप ने इसे सत्य की जीत बताया तो बीजेपी उनसे कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए सीएम पद से इस्तीफा मांग रही है।

जेल से बाहर निकलने पर तिहाड़ के बाहर दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, पंजाब के सीएम भगवंत मान सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी कार्यकताओं ने अरविंद केजरीवाल का स्वागत किया।

दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम की ओर से जमानत मिलने के बाद केजरीवाल के रिहाई के आदेश जारी किए। स्पेशल जज राकेश स्याल ने केजरीवाल के वकीलों द्वारा अदालत के समक्ष 10 लाख रुपये का जमानती बांड और इतनी ही राशि की दो जमानतें दाखिल किए जाने के बाद यह आदेश पारित किया।



### रिहाई पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जश्न में डूबे

केजरीवाल ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, सबसे पहले मैं भगवान को आशीर्वाद के लिए धन्यवाद करना चाहूंगा। मैं यहां खड़ा हूं। मैं उन लाखों-करोड़ों लोगों का आभार व्यक्त करता हूँ जो इस भारी बारिश में भी यहां आए। अरविंद केजरीवाल अपने समर्थकों के साथ रोड शो किया। उनका यह रोड शो उनके आधिकारिक आवास तक चला। अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत दिए जाने के बाद से ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जश्न में डूबे हुए हैं। आप के नेता और कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर जमकर जश्न मनाया और मिठाई बांटी।

### बोले... ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया क्योंकि मैं सच्चा था

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'मैंने जिंदगी में बहुत संघर्ष किया है। बहुत बड़े-बड़े संघर्ष किए, जिंदगी में बहुत मुसीबतें झेली हैं लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया। ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया क्योंकि मैं सच्चा था, मैं सही था। इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। इन लोगों को लगा कि केजरीवाल को जेल में डाल देंगे तो केजरीवाल के हौसले टूट जाएंगे। आज मैं आपको कहना चाहता हूं कि मैं जेल से बाहर आया हूं, मेरे हौसले 100 गुना ज्यादा बढ़ गए हैं। मेरी ताकत 100 गुना ज्यादा बढ़ गई है। कहा कि जो देश को बांटने का काम कर रही हैं, देश को अंदर से कमजोर करने का काम कर रही हैं, जिंदगी भर मैं इनके खिलाफ लड़ा हूं और ऐसे ही लड़ता रहूंगा।

## पटना में प्रॉप्रटी डीलर की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में एक बार फिर हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां अपराधियों ने पटना एम्स के करीब प्रॉप्रटी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की यह घटना दोपहर डेढ़ बजे के आसपास की है। वहीं दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सुदर्शन कुमार वर्मा के रूप में की गई है। उनका एम्स गोलंबर के पास अपना ऑफिस है, जहां वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। शुक्रवार को वह अपनी कार से किसी जमीन के सिलसिले में बात करने के लिए एम्स के पास पहुंचे थे। एम्स के पास दूसरे प्रॉपर्टी डीलर का ऑफिस है। ऑफिस से निकलकर अपनी कार की ओर बढ़ रहे थे। इसी बीच बाइक सवार 3 अपराधी पहुंचे। दो अपराधी बाइक से उतरकर प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस की तरफ बढ़े और सुरेंद्र वर्मा पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से 4 खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेज दिया है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामले में फुलवारी शरीफ थाने के पुलिस अधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि मृतक सुरेंद्र वर्मा पर बिहटा थाने में पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। एक बार वह जेल भी जा चुका है। फिलहाल गोली मारने वालों की पहचान की जा रही है। वहीं, सुरेंद्र वर्मा का भी आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

## आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चत्तरू में शुक्रवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया और 4 घायल हो गए। यहां तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। मुठभेड़ अभी चल रही है। इलाके में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। तभी मुठभेड़ हुई। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है।

## जूनियर डॉक्टरों ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की

**एजेंसी/कोलकाता**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। डॉक्टरों ने पत्र में आरजी कर मामले में मृत चिकित्सक और अन्य चिकित्सकों को न्याय दिलाने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की है।

डॉक्टरों ने पत्र में लिखा है कि हम देश के प्रमुख के तौर पर आपके समक्ष मुद्दा रखते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे जो सहयोगी अपराध का शिकार हुए हैं, उनको न्याय मिले। आपके हस्तक्षेप के बाद ही पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के तहत स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर भय और आशंका के बिना जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में सक्षम हो सकते हैं। उन्होंने लिखा कि कठिन समय में आपका हस्तक्षेप हमारे लिए प्रकाश की किरण के रूप में काम करेगा। जो हमें अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता दिखाएगा।

## मंडी में अवैध रूप से बने मस्जिद को तोड़ने की मांग को ले सड़क पर उतरा हिंदू संगठन, पुलिस ने खदेड़ा

**एजेंसी/मंडी**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में हुए मस्जिद विवाद की आग मंडी तक पहुंच गई। मंडी में भी अवैध मस्जिद को लेकर बवाल देखने को मिला। शुक्रवार को मंडी के जेल रोड पर बनी मस्जिद के बाहर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि ये मस्जिद अवैध है और इसे तुरंत तोड़ा जाए। हिंदू संगठनों के प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही प्रदर्शनकारी मस्जिद के नजदीक पहुंचे तो पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल कर उन्हें खदेड़ दिया। दोपहर दो बजे तक माहौल शांत हो गया और सभी प्रदर्शनकारी वहां से चले गए। मस्जिद के बाह अभी भी पुलिस बल तैनात किया गया है।

डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि हर विभाग अपनी कार्रवाई कर रहा है। मुस्लिम समाज ने भी खुद अवैध निर्माण गिराया है। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है



कि प्रदर्शनकारियों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों ने कई बातें हमारे सामने रखी है। मस्जिद सील करने के सवाल पर डीसी ने कहा कि निगम इसमें कार्रवाई करेगा और निगर निगम से प्रशासन सहयोग करेगा। मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को अब पूरी तरह से तोड़ना होगा। इस मामले को लेकर नगर निगम में शुक्रवार को सुनवाई हुई। निगम ने इस अवैध निर्माण को तोड़ने के आदेश दिए हैं। नगर निगम ने मस्जिद कमेटी को 30 दिन में अवैध निर्माण को गिराने के आदेश दिए हैं। निगम ने कहा कि मस्जिद कमेटी या तो खुद ढांचा गिराए या फिर प्रशासन इसे तोड़ेगा।

## मणिपुर के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर लगा प्रतिबंध सशर्त हटा

**एजेंसी/इंफाल**

मणिपुर में पिछले साल से शुरू हुई हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। तीन मई 2023 के बाद से लेकर अब तक हिंसा की अनेक वारदात हो चुकी हैं। कभी सुरक्षा बलों के हथियार लूटे जा रहे हैं तो कभी उनका रास्ता रोका जा रहा है। यहां तक कि अब ड्रोन और बम भी हमले में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। पिछले दिनों भड़की हिंसा के बाद घाटी के पांच जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को तीन दिन बाद अब सशर्त हटा दिया गया है। आयुक्त (गृह) एन. अशोक कुमार ने बताया, 'राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं (आईएलएल और एफटीटीएच) के मामले में प्रतिबंध को सशर्त हटाने का फैसला लिया है, जोकि नियम और शर्तों को पूरा करने के अधीन है। कनेक्शन स्टेटिक आईपी के जरिए होगा और संबंधित सब्सक्राइबर फिलहाल स्वीकृत कनेक्शन के अलावा कोई अन्य कनेक्शन स्वीकार नहीं करेगा।

**हॉटस्पॉट की अनुमति नहीं:** उन्होंने कहा, किसी भी राउटर से वाईफाई/हॉटस्पॉट की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्थानीय स्तर पर सोशल मीडिया और वीपीएन को ब्लॉक करना उपभोक्ता द्वारा लागू किया जाएगा।

## मोदी सरकार ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी का नाम बदलने का लिया फैसला

# पोर्ट ब्लेयर अब श्री विजयपुरम नाम से जाना जाएगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मोदी सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर की नाम बदलने का फैसला किया है, जिसका ऐलान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से किया। उन्होंने कहा कि अब पोर्ट ब्लेयर का नया नाम श्री विजयपुरम होगा। उन्होंने कहा कि पोर्ट ब्लेयर एक गुलामी का प्रतीक था, इसीलिए केंद, शासित प्रदेश की राजधानी का नाम बदलने का निर्णय किया गया है।

दरअसल, इस फैसले को लेकर केंद्रीय





गृहमंत्री अमित शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट किया। इस पोस्ट में गृहमंत्री ने कहा कि देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा कि श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दशार्ता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्विवतीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा कि यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा माँ भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है।

बता दें कि देश की मोदी सरकार लगातार अंडमान-निकोबार में द्वीपों के नाम बदल रही है। इससे पहले केंद्र सरकार ने रोस आइलैंड का नामकरण नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वीप के नाम पर किया था। वहीं इसके अलावा नील आइलैंड को शहीद द्वीप और हेवलॉक आइलैंड को स्वराज द्वीप का नाम देने का फैसला सुनाया था। इसके बाद केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह के 21 द्वीपों का नामकरण परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर किया गया।




# पति से झगड़े के बाद महिला ने तीन बेटियों के साथ खाया जहर

- मां और दो मासूम बेटियों की मौत, एक बेटी जूझ रही जिंदगी और मौत से
- मामूली विवाद में पत्नी से उठाया खौफनाक कदम
- घटना बेतिया के मलाही थाना क्षेत्र के ममरखा गांव की

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

मोतिहारी में एक महिला अपनी तीन बेटियों के साथ जहर खा लिया। इस घटना में महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई जबकि तीसरी बेटी की हालत गंभीर है। उसे डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर कर दिया है। घटना मलाही थाना क्षेत्र के ममरखा गांव की है। मृतकों की पहचान महिला और उसकी मृत बेटी की पहचान भोला राम की पत्नी सुगावती देवी (33), ज्वाला कुमारी (7) और परी कुमारी (5) के रूप में की गई है। वहीं उजाला कुमारी (13) की हालत गंभीर है, जिसका इलाज बेतिया में चल रहा है। पति से झगड़ा होने के बाद तीन बेटियों के साथ महिला ने जहर खा लिया। घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि भोला राम बहुत गरीब आदमी था। उसे चार बेटियां थीं। किसी तरह



मजदूरी कर वह अपने परिवार को चला रहा था। गरीबी और आर्थिक तंगी की वजह से उसका और उसकी पत्नी में अक्सर झगड़ा होते रहता था। गुरुवार को खेत से मजदूरी कर वह घर लौटा ही था तभी किसी बात को लेकर भोला राम और उसकी पत्नी सुगावती देवी में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद भोला राम जैसे ही घर से बाहर निकला, उसकी पत्नी सुगावती देवी ने घर में रखे कीटनाशक दवा को खुद तो खाया ही, साथ ही साथ अपनी तीनों बेटियों को भी खिला दिया। कीटनाशक खाने के बाद तीनों बच्चियों के पेट में दर्द होने लगा। वह जोर-जोर से रोने लगी। इसके बाद भी सुगावती देवी किसी से कुछ नहीं बता रही थी। देखते ही देखते उसकी भी तबियत खराब होने लगी। तब बात का खुलासा हुआ। इस बात की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। आननफानन में उन लोगों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने सुगावती देवी, ज्वाला और परी को मृत घोषित कर दिया।

### मौके पर पहुंची पुलिस, जांच शुरू

मिली जानकारी के अनुसार उजाला भी जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। डॉक्टर का कहना है कि उसकी हालत भी गंभीर है। सुगावती देवी, ज्वाला कुमारी और परी कुमारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। मलाही थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इनके मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। हालांकि यह स्पष्ट है कि मामूली विवाद में तीन लोगों की जान चली गई है। वहीं दूसरी ओर पति भोला राम का रो-रोकर बुरा हाल है। उसकी पूरी दुनिया ही उजड़ गई।

# रेप की कोशिश में नर्स ने डॉक्टर का प्राइवेट पार्ट काटा

**केटी न्यूज/समस्तीपुर**

समस्तीपुर में एक निजी अस्पताल के डॉक्टर ने अस्पताल में ही काम करने वाली एक नर्स से रेप करने की कोशिश की।नर्स ने हिम्मत दिखाकर डॉक्टर के प्राइवेट पार्ट पर ब्लेड चला दिया। जिससे आरोपी चिकित्सक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ब्लेड चलाने के बाद नर्स वहां से भाग कर पास के ही एक मकई के खेत में छिप गई और पुलिस के 112 नंबर पर घटना की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नशे की हालत में डाक्टर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टर को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गंभीर स्थिति में डीएमसीएच रेफर पर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर के पास की है। अस्पताल के डॉक्टर और दो कर्मियों ने मिलकर की थी। घटना के संबंध में एएसपी संजय पांडे का कहना है कि रात मुसरीघरारी पुलिस की 112 नंबर टीम को एक महिला ने फोन कर बताया कि उसके साथ अस्पताल के डॉक्टर और दो कर्मी ने मिलकर रेप करने का प्रयास किया है।

## खबरें फटाफट

### मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम में बवाल

**मधुबनी।** मधुबनी में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जमकर बवाल हुआ। गुस्साए लोगों ने कार्यक्रम के लिए लगाए गए साउंड सिस्टम और लाइट को तोड़ डाला और स्टेज को आग के हवाले कर दिया। घटना गुरुवार देर रात की है।जानकारी के मुताबिक, खजौली थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास एक कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आयोजन में कलाकारों के लेट आने के कारण वहां मौजूद लोगों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी और स्टेज को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान जमकर ईट पत्थरों भी चलाए गए।

### गोपालगंज में जीविका दीदियों ने दिया धरना

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के पंचदेवरी में मानदेय में बढ़ोतरी सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर जीविका दीदियों ने शुक्रवार को जीविका परियोजना कार्यालय भवन के पास धरना प्रदर्शन किया। इसके पूर्व जीविका दीदियों ने प्रखंड मुख्यालय से लेकर रामपुर गांव होते हुए जीविका कार्यालय तक मार्च किया। जीविका दीदियों ने दो हजार में दम नहीं, 20 हजार से कम नहीं, सहित कई तरह की मांगों लेकर नारेबाजी की।

**नालंदा के हिलसा प्रखंड के चिकसौरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय हरबंशपुर मड़वा स्कूल की घटना**

# मिड डे मील खाने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ी, भर्ती

- बच्चों के मिड डे मील में मिली मरी छिपकली
- एनजीओ के माध्यम से दिया जाता था बच्चों को भोजन

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में मिड डे मील के नाम पर बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। राज्य के अलग-अलग जिलों से लगातार मिड डे मील में गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा से आ रही है, जहां स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद दो दर्जन से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। दरअसल, पूरा मामला हिलसा प्रखंड के चिकसौरा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय हरबंशपुर मड़वा स्कूल का है। हर दिन की तरह शुक्रवार को भी बच्चे स्कूल पहुंचे थे। पहली पाली की पढ़ाई खत्म होने के बाद बच्चों के बीच मिड डे मील परोसा गया। मिड डे मील खाने के बाद अचानक बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी।एक के बाद एक 24 से अधिक बच्चों के बीमार होने के बाद स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। बच्चों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत के बाद घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई अधिकारी पहुंचे और एम्बुलेंस मंगाकर सभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्चों के अभिभावक अस्पताल पहुंचे और स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि सरकारी स्कूल में किसी एनजीओ के माध्यम से मिड डे मील का भोजन पहुंचाया जाता है। भोजन में मरी हुई छिपकली पाई गई थी और बच्चों को बिना देखे खाना परोस दिया गया। इसके बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। अधिकारियों ने दोषी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। फिलहाल बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।



### खाने के दौरान एक बच्चे की थाली में मिली छिपकली


मध्य विद्यालय हरबंशपुर मड़वा के छात्र गोलू कुमार ने बताया कि खाने में एक छिपकली निकली, उक्त खाने को सभी बच्चों ने खाया था। इसके बाद एक-एक कर सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टी और चक्कर आने लगे। मध्याह्न भोजन में पुलाव और छोले की सब्जी मिली थी। पुलाव में छिपकली मिली थी। उस स्कूल के रसोइया और शिक्षक द्वारा खाना खाकर टेस्ट किया गया था, उसके बाद बच्चों को परोसा गया। फिर एक बच्चे की थाली में छिपकली मिली इसके बाद यह पूरी घटना हुई। वहीं, अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर राजीव रंजन, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा ने बताया कि बच्चों की स्थिति सामान्य है। उन्हें दवा और सलाइन किया जा रहा है।

### अचानक होने लगी बच्चों की तबियत खराब, मचा हड़कंप

बीमार बच्चों में सिमरन कुमारी, गोलू कुमार, साहिल कुमार, कुंदन कुमार, सोनी कुमारी, अंशु कुमारी, रजनीश कुमार, रोहित कुमार, धर्मवीर कुमार, स्वीटी कुमारी, जिग्नेश कुमार, रूनी कुमारी, निर्मला कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सोनम कुमारी, टीपू कुमार, संजीत कुमार, गुंजन कुमारी, अस्मिता कुमारी, झुनी कुमारी, जुली कुमारी और शिवम कुमार आदि शामिल हैं। बताया जा रहा है कि अचानक एक-एक कर बच्चों में उल्टी-दस्त और सिर चकराने की शिकायत पर स्कूल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाई गई और बच्चों को एक-एक कर हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जैसे ही यह बात बच्चों के परिजनों को मिली तो एक-एक कर वे अपने बच्चे को देखने के लिए अस्पताल पहुंचते रहे, जिससे पूरे अस्पताल में अफरातफरी का माहौल बना रहा।मध्य विद्यालय हरबंशपुर मड़वा स्कूल के प्राचार्य अबू तलाह ने बताया कि एनजीओ द्वारा स्कूल में खाना पहुंचाया जाता है। नालंदा में एक बार फिर से मध्याह्न भोजन में छिपकली मिलने का मामला सामने आया है। घटना हिलसा अनुमंडल के मध्य विद्यालय हरबंशपुर मड़वा की है। जहां खाने में छिपकली मिलने के बाद स्कूल के 23 बच्चे बीमार हो गए, जिन्हें इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एक नजर

### सहरसा में आयरन स्टोर में इनकम टैक्स टीम की छापामारी, कई दुकानों के गिरे शटर



**सहरसा।** सहरसा शहर के रहमान चौक पर स्थित जय श्रीआयरन स्टोर में जीएसटी और इनकम टैक्स की छापामारी की जानकारी सामने आ रही है। हालांकि इसकी कोई पुष्टि नहीं हो पा रही है। जांच की जानकारी सामने आते ही कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया। सभी एक दूसरे से मामले की जानकारी के लिए कॉल और मैसेज कर पुष्टि करने में जुटे रहे। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम से ही टीम स्टोर के अंदर जांच पड़ताल कर रही है। वहीं, बाहर में पुलिस की तैनाती है। किसी को न अंदर जाने और न ही अंदर से बाहर आने दिया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक गुरुवार की शाम शटर गिरा और कई वाहनों से अधिकारी उतर कर अंदर गए। इस दौरान बाहरी लोगों को अंदर जाने और आने से रोक दिया गया है। ग्राहकों को भी बाद में आने की बात कही जा रही है। दुकान के बाहर एक ट्रक भी सामान लेकर खड़ा है। लोगों ने बताया कि किसी के बाहर नहीं आने और अंदर नहीं जाने देने के कारण किसी तरह की जानकारी से अवगत नहीं हो पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जय श्रीआयरन स्टोर बहुत पुराना है। इसमें सीमेंट, छड़, लोहा, चदरा और एस्बेस्टस सहित हार्डवेयर सामानों का बड़ा कारोबार होता है। इधर, टीम के जांच करने की बात सामने आते ही शहर के पूरब बाजार स्थित कई कारोबारियों के दुकानों के शटर गिर गए। ।

### विस चुनाव में भी उतरेंगी लालू की बेटी रोहिणी

**पटना।** राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने काफी लंबा पोस्ट लिखा है। पिता की एंजियोग्राफी के बाद रोहिणी आचार्य एक बार फिर से कमर कसती हुई नजर आ रही हैं। इस वक्त वह मुंबई में अपने पिता की देखभाल कर रही हैं। इधर, राजनीतिक पंडितों का कहना है कि लोकसभा में हार के बाद रोहिणी विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमा सकती हैं। हालांकि, राजद या लालू परिवार की ओर से अब तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है रोहिणी ने भाजपा और जदयू के नेताओं का नाम लिए बिना उन्हें सामंती सोच वाला बताकर उनपर हमला भी बोला।रोहिणी ने लिखा कि सामाजिक, आर्थिक न्याय की अवधारणा के क्रियान्वयन के लिए हिमालय के समान अडिग और लोकतंत्र एवं आवाम की बेहतरी के लिए दृढ-प्रतिज्ञ देव-तुल्य मेरे पिता पर मेरी आस्था ईश्वर से भी अधिक है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि ईश्वर ने मुझे लालू जैसे विराट व्यक्तित्व की बेटी होने का सौभाग्य प्रदान किया है।

# मोतिहारी में निगरानी ने चार शिक्षकों पर दर्ज की प्राथमिकी

**केटी न्यूज/मोतिहारी**

मोतिहारी में फर्जी शिक्षकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। निगरानी विभाग ने हाल ही में फिर चार फर्जी शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें से तीन शिक्षक पिपराकोठी और एक शिक्षिका तुरकौलिया की है। यह साल की तीसरी प्राथमिकी है जो निगरानी विभाग ने दायर की गई है। निगरानी की जांच के अनुसार, ये शिक्षक फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नियुक्त हुए थे। अब इन पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। निगरानी के डीएसपी ने पिपराकोठी थाना में एनपीएस पासवान टोली में कार्यरत शिक्षिका सपना कुमारी, यूएमएस हथियाही में कार्यरत संजय कुमार और यूएमएस झखरा में कार्यरत नवल किशोर राम के साथ-साथ तुरकौलिया थाने में मध्य विद्यालय टिकैता में कार्यरत शिक्षिका कुमारी रूपलता पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। इस वर्ष अब तक निगरानी विभाग ने 14 फर्जी शिक्षकों को पकड़ा है। निगरानी विभाग इन शिक्षकों की नियुक्ति के लिए दिए गए प्रमाण पत्रों की वैधता की जांच कर रहा है। शिक्षक नियोजन में फर्जी प्रमाण पत्रों के मामलों में हाल ही में काफी गर्मी देखी गई है। सरकार ने भी प्रमाण पत्रों की जांच को लेकर कदम उठाए हैं, और हाई कोर्ट के निर्देश पर निगरानी विभाग को प्रमाण पत्रों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

# डिवाइडर से टकराई स्कॉर्पियो दो डांसर की मौत, दो जख्मी

**केटी न्यूज/गोपालगंज**

बिहार में सड़क हादसे के मामले में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। राज्य के अंदर आए दिन लोगों की सड़क हादसा में लोगों की जान जा रही है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला गोपालगंज से निकल कर सामने आ रहा है। जहां स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई है। जसिमें प्रोग्राम से लौट रही दो नर्तकी की मौत हो गई। जबकि दो की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गोपालगंज में सड़क हादसे में दो नर्तकी की मौत हो गई है। यहां घटना जिले के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के भोजपुरवा गांव के पास की है जहां एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार दो नर्तकियों की मौत हो गई जबकि दो नर्तकी बुरी तरह जख्मी हो गई है। जिसमे एक नर्तकी की स्थिति नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया है। जख्मियों में नेहा और अंजना शामिल है। बताया जा रहा है कि, मृत नर्तकी जादोपुर थाना क्षेत्र के किसी प्रोग्राम में गई थी। वापस लौटने के दौरान जैसे ही स्कॉर्पियो भोजपुरवा गांव के पास पहुंची तभी ड्राइवर को नींद आने लगी। इसी दौरान चालक ने झपकी ली और स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराते हुए उस पर चढ़कर क्षतिग्रस्त हो गई। यह हादसा इतना भीषण था की स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

**मोबाइल के जरिए घर बैठे ले सकते हैं ट्रैफिक से जुड़ी हर जानकारी**

# बिहार के लोगों को सड़क जाम की समस्या से मिलेगी राहत

**केटी न्यूज/ पटना**

बिहार के लोगों को अब ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए बिहार पुलिस ने नई पहल की है। अब ट्रैफिक से जुड़ी हर समस्या की जानकारी एक क्लिक पर मिलेगी। इसके लिए बिहार पुलिस और मैप माई इंडिया के बीच समझौता हुआ है। इसके तहत ट्रैफिक प्रबंधन, सड़क सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं से जुड़ी जानकारी लोगों को मोबाइल पर मुहैया कराई जाएगी। इससे पर्यटक स्थलों, अस्पताल, स्टेशन की भी मिलेगी जानकारी मिलेगी। इस मौके पर एडीजी यातायात सुधांशु कुमार ने बताया कि नेविगेशन ऐप के जरिए लोगों को आगे रोड बंद है, सड़क पर किसी तरह की रुकावट है, ट्रैफिक ज्यादा है, या धरने की वजह से भीड़ इकट्ठा है तो वैकल्पिक रास्ते की जानकारी वाहन चालकों को सीधे मोबाइल ऐप पर मिल जाएगी। साथ ही इसके माध्यम से लोग अस्पताल, रेस्टोरेंट, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा, पर्यटक स्थलों के नाम, धार्मिक स्थलों के नाम



की भी जानकारी हासिल कर सकेंगे। वहीं इमरजेंसी जैसे रैलियों, वीआईपी मूवमेंट, दुर्घटना की भी जानकारी मिलेगी। यह एप एक अक्टूबर से पूरे बिहार में लागू होगा। साथ ही ट्रैफिक एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर से पूरे बिहार में लागू कर दिया जाएगा। इस ऐप के माध्यम से सफर करने वाले लोगों को काफी मदद मिलेगी। वहीं नेविगेशन ऐप के माध्यम से तीन तरह की सूचना दी जाएगी। जिसमें पुलिस से मिली जानकारी। आम लोगों से ली गई सूचना, तस्वीर और बेसिक मैप शामिल है। बता दें कि मैप माई इंडिया के बारे में बताया गया कि यह एक स्वदेशी 27 वर्ष पुरानी कंपनी है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल मैपिंग डाटा बेस विकसित किया है। वहीं उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड के बाद बिहार चौथा ऐसा राज्य होगा, जहां नागरिकों को यातायात संबंधी सूचनाओं की जानकारी मोबाइल पर मिलेगी।




केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण
बक्सर
बक्सर, 14 सितंबर 2024
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# अनियंत्रित होकर नहर में पलटी ट्रैक्टर, मढ़ौरा के चालक की मौत; पसरा मातम

♦ अमसारी व अरैला गांव के बीच डुमरांव राजवाहा की है घटना, परिजनों क्रंदन चित्कार से गमगीन हुआ माहौल



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव राजवाहा में एक ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वही, जानकारी मिलते ही डुमरांव व मुरार दोनों थानों की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई तथा एक दूसरे का सीमा क्षेत्र बता रही थी। घटना शुक्रवार की शाम अरैला व अमसारी गांव के बीच डुमरांव राजवाहा का है। मृतक की पहचान डुमरांव थाना क्षेत्र महरौरा गांव निवासी स्व. कामता राजभर के 35 वर्षीय पुत्र रितन राजभर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार मृतक ट्रैक्टर चला अपनी आजीविका चलाता था। शुक्रवार की शाम वह अपनी ट्रैक्टर पर मिट्टी लादने डुमरांव राजवाहा मार्ग से कोरानसराय जा रहा था। इसी दौरान अरैला व अमसारी गांव के बीच किसी वाहन सवार को बचाने के प्रयास में उसकी ट्रैक्टर अनियंत्रित हो नहर में पलट गई। इस घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन दौड़े भागे घटना स्थल पर पहुंचे तथा शव को देख फफक पड़े। परिजनों के क्रंदन चित्कार से घटना स्थल का माहौल गमगीन हो गया।

### सीमा विवाद में उलझी पुलिस

घटना के बाद डुमरांव व मुरार थाने की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। जहां, डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत इसे मुरार थाना क्षेत्र का मामला बता रहे थे, वहीं मुरार थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय ने कहा कि मामले की बारीकि से जांच की जा रही है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक सीमा विवाद का मामला नहीं सुलझा। जिस कारण शव को कब्जे में ले पंचनामा तैयार करने तथा पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे जाने की कवायद शुरू नहीं हो सकी थी।

### तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था

ग्रामीणों के अनुसार मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर पर था। घटना के बाद से बूढ़ी मां कुचली देवी के अलावे बड़े भाई बीतन राय, छोटे भाई अजित राय समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा है। वही, गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। मृतक की शादी हो चुकी थी, लेकिन उसकी पत्नी उसे छोड़ मायके में ही रहती थी। वह, ट्रैक्टर चला पूरे परिवार का भरण पोषण करता था। यही कारण है कि उसकी मौत की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर दिया है। लोगों ने बताया कि वह काफी मिलनसार स्वभाव का था।

## एक नजर

### नप में जन शिकायत हेल्पलाइन सेल शुरू



**बक्सर।** शुक्रवार को नगर परिषद द्वारा जन शिकायत हेतु जन शिकायत हेल्पलाइन सेल का शुभारंभ किया गया। जिसका शुभारम्भ नगर परिषद अध्यक्ष कमरून निशा तथा सदर एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। एसडीओ ने कहा कि जिलाधिकारी काफी समय से इस समस्या को लेकर चिंतित थे कि नगर परिषद से लोगों की जो शिकायतें अथवा सुझाव हैं उन्हें दर्ज कराने के साथ-साथ लोग उन्हें ट्रैक भी कर सके और यह जान सके कि उन शिकायतों का क्या हुआ? लेकिन, अभी तक इस तरह का कोई उपाय नहीं था। नगर परिषद के द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किए जाने के बाद निश्चय ही व्यवस्था शुरू कर दी गई। इस दौरान उन्होंने प्रयोग के तौर पर टोल फ्री नंबर 18008433411 पर फोन किया और बंदरों की अधिकता की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि वह जिस इलाके में रहते हैं वहां बंदरों की अधिकता के कारण लोगों की काफी परेशानी होती है। दूसरी तरफ से सहायता कक्षा में बैठे व्यक्ति ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी शिकायत दर्ज कर ली गई है और जल्द ही इस शिकायत पर नगर परिषद द्वारा सार्थक पहल की जाएगी। मौके पर नगर परिषद की उप मुख्य पार्षद इशरत बानो, कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ,नगर परिषद के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. श्रवण कुमार तिवारी, स्थायी सशक्त समिति के सदस्य बबन सिंह, झब्बू कुमार के साथ-साथ वार्ड पार्षद दिलीप कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि नियामतुल्लाह फरीदी एवं नगर परिषद के सफाई सुपरवाइजर आशुतोष कुमार सनी सिंह, राज कुमार, मुख्तार आलम आदि मौजूद रहे।

### बच्चों की काउंसलिंग करके परिणाम में लाया जा सकता है सुधार : डॉ महेंद्र पाल



**बक्सर।** एमपी उच्च विद्यालय परिसर में संचालित केंद्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक शुक्रवार को की गई। बैठक नामित अध्यक्ष सह उप विकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के अन्य सदस्य यथा एसएन दुबे, पूर्व एजुकेशन ऑफिसर, केविसं आर नीरज, कार्यपालक पदाधिकारी भवन प्रमंडल, ट्रेजरी ऑफिसर सुकुर पासवान, एपटेक व स्मृति कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट रमेश कुमार, नगर परिषद सिटी मैनेजर विनय कुमार भी उपस्थित रहे। प्राचार्य केवि बक्सर मीनाक्षी निर्मल ने विद्यालय के उत्थान हेतु नामित अध्यक्ष सह उप विकास आयुक्त के द्वारा दी जा रही सहायता एवं उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया। विद्यालय में हो रहे विकास एवं इस कार्य में आ रही चुनौतियों से निपटने के कार्यो पर भी प्रकाश डाला गया। नामित अध्यक्ष सह उप विकास आयुक्त ने शैक्षणिक उपलब्धता एवं प्राचार्य द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की। कक्षा-नवमीं एवं दसवीं के बच्चों के परिणाम में सुधार हेतु शिक्षकों के मेंटरशिप पर जोर डाला कि किस प्रकार शिक्षकों के लगातार बच्चों के संपर्क में रहने एवं उनकी इमोशनल काउंसलिंग कर भी परिणाम में सुधार लाया जा सकता है। भविष्य में केंद्रीय विद्यालय बक्सर के सतत विकास हेतु अन्य सहायता एवं मार्गदर्शन देने का भी उप विकास आयुक्त ने आश्वासन दिया।

### अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने कलेक्ट्रेट के समक्ष दिया धरना

**बक्सर।** शुक्रवार को गुड्डू पासवान के परिजनों ने हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर समाहरणालय गेट पर धरना दिया। गुड्डू पासवान का कहना है कि गत 26 मई की रात्रि में लाल मोहर बासफोर, तुफानी डोम, पतक बसफोर, सुरज बसफोर ने मेरे पूरे परिवार के साथ मारपीट किया। इस दौरान मेरे बेटे पवन कुमार को बुरी तरह से लोहे के राड़ से मारा। जिसकी सूचना उसी समय थाना नगर को किया और अपने पुत्र को सदर अस्पताल, बक्सर ले गया। उसने बेटे के साथ अपनी पत्नी और बेटी को भी भर्ती कराया। बेहतर इलाज के लिए बनारस व पटना ले गया। छह जून को मेरा पुत्र इस चोट के कारण मर गया। मैंने पुनः थाना में आवेदन दिया। लेकिन अभियुक्त अभी तक खुला घुम रहे हैं और मुझे धमकी दे रहे हैं। संबंधित थाना अभियुक्तों को पकड़ने के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। गुड्डू पासवान ने कहा कि नगर थाना बक्सर, पुलिस अधीक्षक बक्सर को आवेदन भी दिया पर कोई कारवाई नहीं हुई। नगर थाना एवं पुलिस अधीक्षक, बक्सर से कोई सहयोग ना मिलने के कारण आपसे गुहार लगा रहे है कि अभियुक्तों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए। लेकिन अभी तक पुलिस के द्वारा कोई कारवाई नहीं किया जा रहा है और जिलाधिकारी को कई बार आवेदन देने के बाद भी कोई कारवाई नहीं किया जा रहा है। अगर हमें और मेरे परिवार को कुछ होता है उसके सारे जवाब देही जिलाधिकारी और पुलिस प्रशासन का होगा।

### सदर विधायक मुन्ना तिवारी के भांजे को मिली जान से मारने की धमकी, प्राथमिकी दर्ज

**बक्सर।** सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी के भांजे नगर थाना क्षेत्र के बसांव मठ के पीछे घर बनाकर रह रहे वीरेंद्र नाथ चौबे के पुत्र मिथिलेश कुमार चौबे और रिंकू चौबे को किसी ने मोबाईल पर जान से मारने की धमकी दी गई है। जिसको लेकर दोनो युवक मानसिक तनाव में है। इस मामले में इनलोगों द्वारा नगर थाने में आवेदन दी गई। जहा पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गई है। रिंकू चौबे ने अपने आवेदन में बताया है कि 12 सितंबर की शाम लगभग 7.18 बजे उनके मोबाइल फोन पर 8777581012 नम्बर से काल आया, फोन करने वाले ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि गाली-गलौज कर रहे व्यक्ति ने ना तो अपना नाम पता बताया और ना ही इस तरह की अभद्रता का कारण बताया। ऐसे में उन्होंने इस बात की लिखित शिकायत थाने में दी है।

## खबरें फटाफट

### शराब तस्करी में उत्पाद अधीक्षक को हाई कोर्ट से मिली बेल



**बक्सर।** शराब तस्करों से सांटगाठ का आरोप झेल रहे बक्सर के उत्पाद अधीक्षक दिलीप कुमार पाठक को बेल मिल गई है। बेल मिलने के बाद वे जल्दी ही अपने पद पर योगदान करेंगे। बता दें कि उन पर शराब तस्करों से सांटगांठ का आरोप था। मामले में बक्सर पुलिस ने उन्हें आरोपित किया था। हालांकि, उत्पाद अधीक्षक ने इसे साजिश बताया और कहा कि एक राजनैतिक दल के नेता के इशारे पर उन्हें जानबूझकर फंसाया गया है। उनके अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक पर जो भी आरोप लगाए गए थे वह पूरी तरह से बेबुनियाद थे और न्यायालय के फैसले के बाद यह साबित हो गया कि सत्य की हमेशा जीत होती है। अधिवक्ता ने बताया कि उनके खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे, कोर्ट में उसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

### पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट में एक घायल, प्राथमिकी दर्ज

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना के लरई गांव में मामूली बात को लेकर तू-तू, में-में हो गई। जिसमे दो पड़ोसी आपस मे भीड़ गए, लाठी-डंडे से लेकर ईट-पत्थर चलने लगे। जिसमे एक पक्ष के एक व्यक्ति घायल हो गया। जिनका इलाज चौसा सीएचसी में कराया गया। इस मारपीट की घटना पर घायल द्वारा तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार लरई गांव के गोविन्द यादव से अपनी पड़ोसी शम्भू यादव से मामूली बात को लेकर बहस हो गई। बात बढ़ते-बढ़ते गाली-गलौज फिर मारपीट में तब्दील हो गई। इस मारपीट में गोविंद यादव घायल हो गया। जिनका इलाज चौसा सीएचसी में किया गया। जिसको लेकर गोविंद यादव ने पड़ोसी शम्भू यादव, मकरधन यादव व भोलू यादव पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि लरई गांव से एक मारपीट का आवेदन आया हुआ है। जिसकी जांच की जा रही है।

## लूटी गई पिकअप, मवेशी, अन्य सामान के अलावे रायफल व पांच कारतूस बरामद

# लूटकांड में नियाजीपुर खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया पति समेत तीन गिरफ्तार

♦ डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने चार घंटे में किया मामले का उद्भेदन

♦ दागदार रहा है पूर्व मुखिया पति ददनी यादव का इतिहास, हत्या, लूट, छिनतई समेत कई संगीन मामलों में रहा है आरोपित



**केटी न्यूज/सिमरी**

मवेशियों से लदी पिकअप तथा पशु व्यवसायी से नगदी, मोबाईल आदि लूटने के एक मामले का पुलिस ने चार घंटे में उद्भेदन करने के साथ ही घटना में शामिल तीन लूटेरों को एक रायफल तथा पांच कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटी गई तीन मवेशी, एक पिकअप वैन, साउंड बक्स, मोबाईल तथा अन्य सामान भी बरामद हुए है। शुक्रवार को डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने रामदास राय के डेरा ओपी में प्रेस वार्ता आयोजित कर इस संबंध में जानकारी दी।

**टीम में शामिल थे कई अधिकारी :** उन्हें गिरफ्तार करने वाली टीम में डुमरांव डीएसपी के अलावे ब्रह्मपुर के सर्किल इंस्पेक्टर ओमप्रकाश कुमार, रामदास राय के डेरा ओपी प्रभारी शुभम राज, रामदास राय के डेरा ओपी के एसआई सत्येन्द्र कुमार, चंदन कुमार, एएसआई कुंदन कुमार सिंह, पीटीसी कुमार कश्यप तथा रामदास राय के डेरा ओपी के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। चार घंटे में लूट कांड का उद्भेदन होने से लोग पुलिस की कार्यशैली की तारीफ कर रहे है।

**पूर्व मुखिया प्रतिनिधि है लूटकांड का सरगना :** गिरफ्तार लूटेरों में नियाजीपुर खुर्द पंचायत की पूर्व मुखिया तथा सूचित के डेरा निवासी उषा देवी के पति कुख्यात ददनी यादव पिता जंगी यादव, इसी डेरा के मिट्ठू यादव पिता भरत यादव तथा लाल सिंह के डेरा के धनजी यादव पिता हकड़ू यादव शामिल है। डीएसपी ने बताया कि कुख्यात ददनी यादव ही इस लूट कांड का मुख्य सरगना है। उस पर हत्या, लूट, डकैती, छिनतई जैसे कई संगीन मामले दर्ज है। वह पूर्व में कई बार जेल भी जा चुका है तथा इलाके में अपने धौंस के कारण अपनी पत्नी उषा देवी को मुखिया का चुनाव भी जीतवा चुका हैं। पूर्व में संगीन घटनाओं में फरार रहने के दौरान पुलिस ने उसकी संपति भी कुर्क की थी।

**चर्चित संतोष ओझा हत्याकांड में भी रहा है शामिल :** मिली जानकारी के अनुसार ददनी यादव खरहाटांड़ के चर्चित संतोष ओझा हत्याकांड में भी शामिल था। इसके अलावे वह, लूट तथा छिनतई के कई मामलों में वह शामिल रहा है। जानकारों का कहना है कि करीब एक-डेढ़ दशक पहले उसके गिरोह का आतंक पूरे दियारा इलाके में छाया था। शाम ढलते ही ददनी गिरोह लूट पाट में सक्रिय हो जाता था। हालांकि, एक बार जेल जाने तथा पत्नी को मुखिया का चुनाव जीतवाने के बाद उसने लूटपाट बंद कर दिया था। लेकिन, पिछले चुनाव में उसकी पत्नी चुनाव हार गई थी। माना जा रहा है कि पत्नी के चुनाव हारने के बाद वह फिर से अपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो गया। लेकिन, बलिया के पशु व्यवसायी से लूट के बाद उसके नकाब से पर्दा उठ गया है। लूट मामले में उसकी गिरफ्तारी नियाजीपुर तथा आस पास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

### नियाजीपुर गैस एजेंसी के पास दिया था घटना को अंजाम

डीएसपी ने बताया कि बलिया का जितेन्द्र राजभर पशु व्यवसायी है। वह गुरूवार की रात चुआ राय के डेरा के रास्ते उत्तर प्रदेश के बलिया से पिकअप पर तीन मवेशियों को लाद मझवारी मेला लेकर आ रहा था। मध्य रात्रि में नियाजीपुर इंडेन गैस एजेंसी के पास तीन लोगों ने हथियार के बलपर पशुओं से लदी पिकअप वैन को रूकवा चालक से मारपीट कर उसका मोबाईल व नगदी छिन लिया तथा उसे पिकअप से उतार खुद पिकअप लेकर पीछे की तरफ भाग निकले। इधर पीड़ित ने तत्काल रामदास राय के डेरा ओपी पहुंच इस मामले की जानकारी दी। रामदास राय के डेरा ओपी प्रभारी ने एसपी को घटना से अवगत कराया। एसपी ने डुमरांव डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तत्काल छापेमारी करने का निर्देश दिया। इसी टीम ने लाल सिंह के डेरा गांव से उक्त लूटी गई पिकअप तथा मवेशियों को बरामद करने के अलावे घटना में शामिल तीन लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक रायफल तथा पांच कारतूस बरामद हुए। पुलिस सभी को गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां, आवश्यक पूछताछ के बाद शुक्रवार को सभी को जेल भेज दिया गया है।

# तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार को रौंदा, मौके पर मौत



**केटी न्यूज/चक्की**

चक्की डुमरी पथ पर एक तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार एक अधेड़ को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे पंचफेड़वा के पास की है। डंपर की चपेट में आने से उसका सिर बूरी तरह से कुचल गया था, जिससे उसकी पहचान भी मुश्किल हो रही थी। उसके कपड़े तथा साइकिल के आधार पर उसकी पहचान शिवपुर दियर के बेयासी गांव निवासी परमहंश शर्मा के पुत्र तारकेश्वर शर्मा के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार मृतक अपने गांव तथा आस पास में सब्जी बेचता था। वह सब्जी लेने साइकिल से नया भोजपुर की थोक सब्जी मंडी जा रहा था। इसी दौरान चक्की डुमरी पथ पर पचफेड़वा के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार डंपर उसे कुचलते हुए निकल गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि, शाम तक इस मामले में परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। चक्की ओपी प्रभारी संजय पासवान ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि परिजनों ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वैसे मामले की जांच की जा रही है।

# रोहतास में हुई सड़क दुर्घटना में राजपुर के युवक की इलाज के दौरान मौत, दूसरा गंभीर

♦ सासाराम के अगरेर में बोलेरो की चपेट में आ गए थे बाइक सवार युवक



**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के बारूपुर पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव निवासी राजेश कुमार राम की तेज रफ्तार बोलेरो के धक्के से दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं, उसके पड़ोसी कृष्ण कुमार हालत काफी नाजुक बनी हुई है। घटना सासाराम के अगरेर में हुई। जब उसका शव शुक्रवार की सुबह घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी एवं बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल है। राजेश की मौत से परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट गया, अब उनके परिवार में कमाने वाला कोई व्यक्ति नहीं है। राजेश की तीन पुत्रियां है।

जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर निवासी नान्हू राम का पुत्र राजेश कुमार एवं बिगु राम 32 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार राम अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाने के लिए बिजली विभाग में किसी कंपनी में मजदूरी पर रोहतास जिला के सासाराम में प्रीपेड मीटर लगाने का काम कर रहे थे। गुरुवार के दिन दोनों सासाराम शहर से दूर अगरेर गांव में मीटर लगाने के लिए गए थे। काम समाप्त होने के बाद देर शाम दोनों एक ही बाइक से अपने आवास की तरफ लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मोकर पुल के नजदीक पहुंची, इसी समय विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक से गिरकर बेहोश हो गए। बोलेरो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद सड़क पर अफरा तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने पहुंचकर इन दोनों को नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां डॉक्टारों ने राजेश कुमार राम को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल कृष्ण कुमार राम जिंदगी एवं मौत से जूझ रहा है। मृतक का शव शुक्रवार की सुबह घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ग्रामीणों ने बताया कि वो मजदूरी का काम करते थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इन लोगों ने प्रशासन से उचित मुआवजा राशि की मांग की है।

## बक्सर जिलामुख्यालय में जिला जनसुराज की हुई बैठक, 251 सदस्यीय कार्यवाहक समिति की हुई घोषणा

# दो अक्टूबर को जन सुराज को मिल जाएगी राजनैतिक दल की मान्यता

♦ सम्मेलन में शामिल हुए जिले के कोने-कोने से आए सैकड़ों लोग

**केटी न्यूज/बक्सर**



जन सुराज की जिला स्तरीय 251 सदस्यों की कार्यवाहक समिति की घोषणा शुक्रवार को की गई। इसके लिए बाईपास रोड स्थित एक निजी सभागार में सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनसुराज के संस्थापक सदस्यों के अलावा उससे जुड़े लोग जिले के विभिन्न भागों से पहुंचे हुए थे। पूरा भवन समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। भारी संख्या में समर्थकों की मौजूदगी में केंद्रीय घोषणा समिति के सदस्य कन्हैया सिंह, अवधेश कुशवाहा तथा अभय सिंह ने जन सुराज की जिला कार्यवाहक समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की। इसमें कुल 251 लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें सभी प्रखंडों के लोगों के साथ समाज के सभी वर्ग के लोगों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। लंबे समय तक चले राय मशविरा तथा व्यापक स्तर पर विचार विमर्श करने के बाद सूची को अंतिम रूप दिया गया है। जिला स्तरीय पदाधिकारियों की घोषणा कुछ दिन बाद की जाएगी।

**2025 में बिहार में स्थापित होगा जनता का राज :** समारोह में वक्ताओं ने कहां कि 2025 में राज्य में जनता का राज्य स्थापित होगा तब युवाओं को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके अलावा सभी ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की जमकर तारीफ की और कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों को इस अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। हर गांव में प्रशांत किशोर की तरह हमें भी घर-घर जाकर लोगों को जन सुराज अभियान से जोड़ना चाहिए। इसका पुरजोर समर्थन समारोह में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर किया। समारोह में पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमानंद यादव मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष विश्वामित्र चौबे पूर्व डीएसपी लालधारी प्रसाद, मुखिया रेखा कुशवाहा व टुनटुन राय, प्रमुख प्रतिनिधि रमेश राय उर्फ मटरू राय, नंदकुमार तिवारी, अंशु कुमारी, तेज नारायण ओझा, जयराम कुशवाहा, ज्योति गुप्ता, साबित रोहतास्वी, रमेश गुप्ता, कमलेश प्रसाद, मुन्ना आलम, धनंजय आर्य, भरत चौधरी, दिवाकर पाठक, अजीत सम्राट, भृगुनाथ रजक, सर्वेश पाठक, विकास ठाकुर, तुलसी खरवार, शंभु यादव, विकास पांडेय, मनीष पांडेय, विनय कुशवाहा सहित कई अन्य ने भी अपने विचार रखें। मालूम हो कि आगामी 2 अक्टूबर को जन सुरज विधिवत तौर पर राजनीतिक दल बन जाएगा।



## लीगेसी वेस्ट वाले स्थल को बायो रेमेडियेशन के बाद समतल कर बिछाएं पेवर ब्लॉकः डीएम

◆ डीएम ने की नमामि गंगे समिति की बैठक, लैंड फील्ड के लिए दिए निर्देश



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी सह जिला गंगा समिति के अध्यक्ष अंशुल अग्रवाल के द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम अंतर्गत जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक समाहरणालय कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर, डुमरांव एवं नगर पंचायत इटाढ़ी, ब्रह्मपुर द्वारा बताया गया कि वर्तमान में लैंडफिल साइट पर कूड़ा निस्तारण किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला पदाधिकारी के द्वारा निरंतर अनुश्रवण के बाद उक्त चार नगर निकायों में लैंडफिल साइट का चयन कर कूड़ा निस्तारण प्रारंभ किया गया है। इसी संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत चौसा को निर्देश दिया गया कि अंचलाधिकारी, चौसा से समन्वय स्थापित करते हुए कूड़ा निस्तारण के लिए लैंडफिल साइट का चयन करना सुनिश्चित करेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर द्वारा बताया गया कि शहर में रात्रि में साफ सफाई का कार्य कराया जा रहा है एवं जगह-जगह पर कूड़ा पॉइंट्स को हटाकर चिन्हित लैंडफिल साइट पर कूड़ा निस्तारण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यपालक पदाधिकारी को रात्रि में साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। डीएम ने ईओ को निर्देश दिया गया कि किला मैदान में लीगेसी वेस्ट वाले स्थल को बायोरेमेडियेशन के बाद समतल करते हुए पेवर ब्लॉक लगाना सुनिश्चित करें, ताकि धार्मिक अनुष्ठानों, कार्यक्रमों के दौरान बसों, वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की जा सकें। ईओ को विभाग द्वारा प्राधिकृत एजेंसी के माध्यम से सभी नालों में जाली लगवानेका निर्देश दिया, ताकि गंगा नदी में कूड़ा प्रवाहित नहीं हो सके एवं निर्देशों का अनुपालन किया जा सके। साथ ही इसका अनुश्रवण अपने स्तर से करने का निर्देश भी दिया।

बैठक में जिला परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि विद्यालयों से संपर्क स्थापित करते हुए पौधरोपण का कार्य कराया गया है। इस संबंध में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पौधरोपण के लिए विभाग से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में कार्य योजना समर्पित करेंगे। जबकि परियोजना निदेशक, बुडको को नगर विकास विभाग एवं जिला परियोजना पदाधिकारी को एनएमसीजी से समन्वय स्थापित कर पूर्व में भेजे गए घाटों की स्वीकृति प्राथमिकता के आधार पर कराने का निर्देश दिया गया। परियोजना निदेशक, बुडको को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं सीवेज नेटवर्क की स्वीकृति के लिए नगर विकास विभाग से समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने नोडल पदाधिकारी जिला गंगा समिति को निर्देशित किया कि कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर से समन्वय स्थापित करते हुए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे। अंत में जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता, डुमरांव को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी जिला गंगा समिति, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर, डुमरांव, चौसा, ब्रह्मपुर, इटाढी, जिला परियोजना पदाधिकारी जिला गंगा समिति, परियोजना निदेशक बुडको के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### मामूली बात पर शहीद पार्क के पास भिड़े दो गुट, तीन ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त, कई जख्मी



**डुमरांव।** शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे एक मामूली बात पर ई-रिक्शा चलाने वाले कुछ चालकों तथा स्थानीय युवाओं के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लड़के जख्मी हुए है, जबकि तीन ई-रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना के दौरान शहीद पार्क का इलाका रणक्षेत्र में तब्दील हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, तबजाकर मामला शांत हुआ। हालांकि, इस मामले में किसी पक्ष ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है। मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन के पास स्थित जतकुटवा बस्ती के कुछ लड़के ई-रिक्शा चलाते है। इन्हीं में एक एक चालक शहीद पार्क के पास अपनी ई-रिक्शा खड़ा किया था, जिसका किसी बात पर शहीद पार्क के पास स्थित चिकटोली के लड़कों विवाद हो गया। देखते ही देखते बात बढ़ गई तथा दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई। इस मारपीट में दोनों तरफ से कई लड़के शामिल हो गए। इस दौरान आक्रामक रूख अख्तियार किए एक गुट के लड़कों ने तीन ई-रिक्शा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद से बाजार में भगदड़ मच गई थी। लोग इधर उधर भाग खुद को बचाते रहे। इधर, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करा, उन्हें थाना बुलाया। लेकिन थाना पहुंचने के पहले ही दोनों पक्ष आपस में समझौता कर लिए। जिस कारण एफआईआर दर्ज नहीं हो सका। डुमरांव थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि किसी पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराया है।

### सेना में भर्ती के तैयारी करने वाले युवाओं के सौजन्य से अखंड संकीर्तन शुरू

**सिमरी।** सिमरी अंचल के नियाजीपुर गांव स्थित जयनाथ महर्षि उपमुन्यु उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को 24 घंटे का अखंड संकीर्तन शुरू हुआ। यह आयोजन वैसे ग्रामीण युवा जो सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे है, के द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों की मानें तो फौज की तैयारी करने वाले युवाओं द्वारा इस परंपरा का निर्वहन पिछले 25 सालों से किया जा रहा है। प्रत्येक साल यह आयोजन स्कूल के मैदान में बने हनुमान मंदिर के पास होता है। इस बार भी युवाओं ने पूरे विधि विधान व उत्साह के साथ संकीर्तन की शुरूआत कराई है। जिसमें यूपी और बिहार की प्रसिद्ध कीर्तन मंडली के द्वारा हरि नाम संकीर्तन किया जा रहा है। इस आयोजन से आस पास के इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। मान्यता है कि इस मंदिर के पास हरिनाम संकीर्तन कराने वाले युवाओं का फौज में नौकरी हो जाता है। पिछले 25 वर्षों से इस गांव के सैकड़ो युवाओं का अबतक आर्मी के अलावे विभिन्न अर्द्धसैनिक बलों में नौकरी हो चुकी है। जिस कारण युवाओं में इस बात का भरोसा रहता है कि संकीर्तन से वीर हनुमान तथा जयनाथ महर्षि उपमन्यु काफी प्रसन्न होते है।

### प्रखंड में पशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू

**केसठ।** अब प्रखंड के पशुपालकों को अब अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं होगी। बिहार में पशुपालन विभाग ने मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन सेवा शुरू की है, जिसके लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1962 जारी किया गया है। शुक्रवार को प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल पशु एंबुलेंस को रवाना किया। इस मौके पर मोबाइल वेटनरी यूनिट के डॉ रजत कुमार भी उपस्थित थे। प्रभारी ने कहा मनुष्यों को अस्पताल ले जाना आसान होता है, लेकिन बीमार पशुओं को अस्पताल ले जाना मुश्किल काम है। इसी समस्या को देखते हुए भारत सरकार और बिहार सरकार ने मिलकर पशु एंबुलेंस सेवा शुरू की है। यह एंबुलेंस सेवा पशुपालकों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। अब कोई भी पशुपालक टोल फ्री नंबर 1962 पर सोमवार से शनिवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कॉल कर अपने बीमार पशु का इलाज करवा सकता है। मोबाइल पशु एंबुलेंस उनके घर पर जाकर ही इलाज करेगी, जिससे पशुपालकों को अस्पताल जाने की परेशानी नहीं होगी। इस इस एंबुलेंस में एक पशु चिकित्सा ,पारा वेट आवश्यक दवाइयों के साथ रहेंगे। प्रभारी ने कहा की मोबाइल पशु चिकित्सालय के संचालन से दूर-दराज के इलाकों से बीमार पशुओं को पशु चिकित्सालय तक लाने में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

## नाली के अतिक्रमण से नया तालाब रोड में घरों में रह जाता है गंदा पानी



**केटी न्यूज/ डुमरांव**

◆ डेढ़ दशक से बंद है नगर परिषद द्वारा लाखों रुपए के खर्च से बनी नाली

थाना के सामने वाली सड़क का नाम नया तालाब रोड है। इस रोड के उत्तर तथा दक्षिण दोनों तरफ नगर परिषद द्वारा लाखों रुपया खर्च कर नाली का निर्माण किया गया है। दक्षिण तरफ की नाली तो ठीक है। लेकिन इस रोड का महत्वपूर्ण नाली उत्तर छोर वाली है। जिस पर दो दर्जन से अधिक लोगों का आवास है। जाहिर सी बात है कि इन घरों से गंदा पानी भी निकलता होगा। उत्तरी क्षेत्र के नाली की सफाई करीब डेढ़ दशक से नहीं हुई है। सफाई के अभाव में नाली मिट्टी से भरकर सड़क में तब्दील हो गया है।

बताया जाता है कि एक स्थानीय दबंग के विरोध के चलते लंबे समय से नाली की सफाई नहीं हो रही है। जिन लोगों का मकान इस सड़क के उत्तरी छोर पर स्थित है उन लोगों के घरों का गंदा पानी घर आंगन में ही मर रहा है। इससे मकान का नुकसान का जो खतरा है वह अलग। पानी के सींड़न से बीमारी फैलने का खतरा भी कम नहीं है। स्थानीय प्रशासन तथा नगर परिषद की इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी चौंकाने वाली है। मोहल्ले के गोपाल प्रसाद गुप्ता का कहना है कि नाली बंद हो जाने से इस रोड के दो दर्जन घरों का पानी निकल नहीं रहा है। जानकारी होने के बावजूद नगर परिषद की चुप्पी से घरों तथा जीवन दोनों पर खतरा है। संजय सिंह का कहना है कि नाली सफाई के नाम पर नगर परिषद प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए की भारी भरकम राशि की निकासी कर रहा है। लेकिन पिछले 15 वर्षों से इस नाली का सफाई नहीं होना आश्चर्यजनक है।

वृज बिहारी प्रसाद का कहना है कि नाली के सहारे पानी का निकासी नहीं होने से सारा पानी घर के नींव में ही मर जाता है। मकान तथा उसमें रहने वाले लोगों के जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बिहारी पाल का कहना है कि नाली सफाई में नगर परिषद की मनमानी का यह नाली प्रत्यक्ष प्रमाण है। उसकी जांच होनी चाहिए तथा दोषी लोगों निश्चित रूप से कार्रवाई की जानी चाहिए।

“ नाली की सफाई नहीं होने तथा आसपास के घरों का पानी का निकास अवरूद्ध होने की जानकारी नहीं है। किसी स्तर से नगर परिषद को इसकी निखिल जानकारी नहीं दी गई है। मामले की जांच तत्काल कराई जाएगी। प्रयास होगा कि लोगों को परेशानी से निजात मिले।

– **सुनीता गुप्ता, मुख्य पार्षद, नगर परिषद, डुमरांव**

### नगर परिषद क्षेत्र में कॉमर्शियल बिल्डिंग में बायलॉज की हो रही नाफरमानी

## नियमों का उल्लंघन करना शहर में जाम का सबसे बड़ा कारण

◆ कॉमर्शियल मकानों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं, लोग शहर में रोड किनारे खड़े कर रहे वाहन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में बिना किसी नियम के सड़क के किनारे बने कमर्शिक्ल मकान बैंकेट हॉल व अन्य बड़े शो रूम में रोज लग रही ग्राहकों की भीड़ के पार्किंग के अभाव में शहर में जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन नासूर होती जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि शहर में सड़क के किनारे बने बड़े-बड़े कॉमर्शियल मकानों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि बिल्डिंग बायलॉज के नियम के अनुसार हर कॉमर्शियल बिल्डिंग में पार्किंग होना अनिवार्य है।

यह जिम्मेदारी नगर परिषद की है कि शहर में बन रहे हर प्रकार के बिल्डिंग में बायलॉज के नियम का पालन हो लेकिन बिल्डिंग के निर्माण के लिए आवश्यक बायलॉज के नियम को ताक पर रख कर लोग सड़क किनारे बड़े-बड़े महल कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स खड़े कर रहें है। जिसके आगे ना तो पार्किंग की सुविधा है ना बायलॉज के अन्य नियमों का पालन हो रहा है। जिस वजह से लोग यत्र-तत्र वाहन खड़े कर रहें है। लिहाजा हर जगह जाम की स्थिति बनी रहती है। डुमरांव नप क्षेत्र जहां स्टेट बैंक का संचालन होता है। उस बिल्डिंग में बायलॉज के नियमो को ताख पर रखकर कार्य किया गया है।



### नगर परिषद क्षेत्र में नियमों को ताक पर रख बनाए गए है ज्यादातर मकान

बिना नक्शा पास कराए मकानों के निर्माण पर अंकुश लगाने व उन्हें अवैध घोषित करने का अधिकार नप के पास है। हालांकि, नप को इससे कोई सरोकार नहीं है। शहर के आधे से अधिक बिल्डिंग नप से बिना नक्शा पास कराए बना हुआ है। शहर में अभी भी सैकड़ों ऐसे मकान है। जिसके आगे 04 या 05 फीट का रास्ता है। जिसमें रिक्शा भी बड़ी मुश्किल से प्रवेश कर पाती है। और चार फीट के गली के अंदर बहुमंजिला इमारतें खड़ी है। वर्तमान समय में भी धड़ल्ले से बिल्डिंग का निर्माण हो रहा है। ऐसी स्थिति में अगर कहीं किसी मकान में अगलगी की घटना हो जाती है तो अग्निशमन भी घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाएगा। लेकिन नगर प्रशासन इसको लेकर कोई कदम नहीं उठा रहे है। शहर में दिन प्रतिदिन नई बस्तियों का निर्माण हो रहा है। विस्तारित क्षेत्र में भी धड़ल्ले से बिना नियम का पालन किए बिना ही मकान का निर्माण चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक स्टेट बैंक में शहर एवं ग्रामीण इलाके के करीब लाखो उपभोक्ता का खाता है। प्रतिदिन हजारों ग्राहक बैंक में आते है। पार्किंग नहीं होने के कारण अपनी वाहन को रोड के किनारे ही खड़ा करके चले जाते हैं जिस शहर में भीड़ की समस्या जटिल हो जाती है हालांकि इसी मार्ग से एंबुलेंस अनुमंडल अस्पताल तक भी जाते हैं जाम किया समस्या अनुमंडल प्रशासन एवं नप प्रशासन के जानकारी में है। उसके बाद भी कोई विशेष व्यवस्था पार्किंग को लेकर नहीं किया जा रहा है। इसका खामियाजा आम लोग रोज जाम में अपना बहुमूल्य समय घंटों में बर्बाद कर चुकाना पड़ रहा है। फिलहाल नगर परिषद के अधिकारी भी ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के मूड में भी नहीं नजर आ रहे हैं। लिहाजा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने का कोई प्लान नगर परिषद के पास फिलहाल तो नजर नहीं आ रहा है।

### शहरी क्षेत्र में बायलॉज का नियम जाने...

शहर और वहां की भूमि के अनुसार थोड़े बहुत बायलॉज के नियम में परिवर्तन आते रहते है। लेकिन लगभग हर जगह का कुछ नियम सामान्य ही रहता है। बाइलॉज के नियम के अनुसार तो 2 मंजिल से ऊपर वाली बिल्डिंग में 12 फिट आगे का रास्ता होने के बाद ही दो या दो से अधिक मंजिल के मकान का निर्माण किया जा सकता है, वही कमर्शियल बिल्डिंग के लिए मुख्य सड़क से मकान के बीच कम से कम 18 फीट जगह होनी चाहिए। मकान के बाएं व दाएं साइड 10-10 फीट का रास्ता होना चाहिए। जिससे मकान में आग लगने के वक्त अग्निशमन की गाड़ी अंदर तक जा सके।

### मोटर खराब होने से पानी की सप्लाई बंद

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव स्थित वार्ड नंबर 12 में लगाया गया नलकूप का मोटर विगत चार दिन से खराब पड़ा हुआ है। पंप नहीं चलने से गांव के विभिन्न हिस्सों में जलापूर्ति प्रभावित है। लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। लोगों को पानी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। लेकिन विभाग इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पंप का मोटर विगत चार दिन से खराब हुआ है। जिसके कारण गांव में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। गांव के सैकड़ों लोगों को नलों से पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि घरों में लगे नलों में पानी नहीं पहुंचने से लोगों को हैंडपंप से थोड़ी बहुत पानी की व्यवस्था कर काम चलाना पड़ रहा है।

## प्रदर्शनकारी जीविका दीदियों ने की समन्वयक की पिटाई

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

नया भोजपुर में उस वक्त अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई जब जीविका में अंशकालिक रूप से काम कर रही महिलाओं ने एक व्यक्ति की जमकर धुनाई कर दी। बाद में पता चला कि जीविका महिलाओं के मारपीट का शिकार हुआ व्यक्तिजीविका के क्षेत्रीय समन्वयक अमरेश मुन्नू है। इस दौरान जीविका की महिलाओं ने उनका मोबाइल छीन लिया था। महिलाओं का कहना था कि जब वह सब महिलाएं नया भोजपुर स्थित हरियाली जीविका कार्यालय पर प्रदर्शन कर रही थी तब उक्त व्यक्ति चोरी छिपे मोबाइल से वीडियो बना रहा था। मारपीट की घटना महिलाओं ने समन्वयक का कपड़े भी फाड़ डालें। फिलहाल यह मामला नया भोजपुर थाना में पुलिस के पास है। जीविका महिलाओं का कहना है कि वेतन वृद्धि के लिए जीविका में अंशकालिक रूप से काम कर रही महिलाएं पूरे बिहार में पिछले दो सितंबर से ही हड़ताल पर है। हड़ताल कर रही महिलाओं ने अपनी मांग के समर्थन में बुधवार को नया भोजपुर स्थित हरियाली जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ में तालाबंदी की थी। बताया जाता है कि संकुल के अध्यक्ष पुष्पा देवी, सचिव अंजू देवी तथा कोषाध्यक्ष रिंकी देवी द्वारा मामले की जानकारी प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका को देकर ताला खोल दिया गया था। शुक्रवार को तालाबंदी के बावजूद कार्यालय खुला होने की जानकारी मिलते ही हड़ताल कर रही जीविका के अंशकालिक महिलाएं नया भोजपुर में हरियाली जीविका कार्यालय पहुंची।



वहीं जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक अमरेश मुन्नू नया भोजपुर में जीविका के पैसे से सब्जी की दुकान चलाने वाली महिला सुमित्रा देवी का दुकान जांच करने पहुंचे थे। ताकि जिला कार्यालय को बताया जा सके की जिस महिला को जीविका का पैसा दिया गया है वह इसका सदुपयोग कर रही है या नहीं। उन्होंने अंशकालिक रूप से काम करने वाली महिलाओं का हंगामा देखा। सीएम रश्मि कुमारी का कहना है कि क्षेत्रीय समन्वयक मोबाइल पर वीडियो बना रहे थे। जिसका विरोध किया गया। उधर क्षेत्रीय समन्वयक ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें दुर्गा देवी, रोशनी कुमारी, खुशबू कुमारी, फूल कुमारी, सुमित्रा देवी एवं अन्य अज्ञात द्वारा मारपीट करने की बात कही गई है।

### नैनीजोर थाना का जल्द होगा अपना भवन, निर्माण के लिए विभागीय कार्यवाही तेज

## महुआर डोभा बाबा स्थान के समीप 60 डिसमिल चिह्नित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

◆ भोजपुर जिले की जमीन पर उधार के जर्जर भवन में चल रहा बक्सर जिले का नैनीजोर थाना



नैनीजोर थाना का जल्द ही दिन बहुरने वाले है। थाना का भवन निर्माण के लिए महुआर स्थित डोभा बाबा स्थान के समीप अंचल के द्वारा 60 डिसमिल भूखण्ड दिया गया। भवन का निर्माण बिहार पुलिस निगम पटना के द्वारा टेंडर के माध्यम से करवाया जाएगा। नया भवन जी-4 श्रेणी का होगा। जिसके एक छत के नीचे थानाध्यक्ष के कक्ष से लेकर हाजत सहित सीसीटीएनएस से लैस एक कम्प्यूटर कक्ष भी होगा। साथ ही थाना का भवन सीसीटीवी कैमरा से लैस होगा। वही इस भवन में जब्त वाहनों के लिए व्यस्था एवं गैराज भी शामिल होगा। इस संदर्भ में बिहार पुलिस निगम के कनीय अभियंता अनुज कुमार ने बताया कि नैनीजोर थाना के भवन निर्माण के लिए नक्शा तैयार किया जा रहा है। उसके बाद इसका टेंडर होगा। विभाग के द्वारा जल्द से जल्द कार्य करने को लेकर दबा भी बनाया जा रहा है।

**उधार के जर्जर भवन में चल रहा नैनीजोर थाना :** ब्रह्मपुर प्रखंड के नैनीजोर थाना के थानाध्यक्ष समेत 21 पुलिसकर्मियों पर 3 पंचायतों के 13 गांवों की एक लाख आबादी की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। बिहार-यूपी बॉर्डर और गंगा का दियारा क्षेत्र होने के कारण गोवंश, लाल-सफेद बालू व शराब तस्करी के लिए चर्चित है यह जगह। यहां थाने की ना तो जमीन है, ना ही भवन। थाने का संचालन बक्सर जिले में नहीं, बल्कि भोजपुर जिले की जमीन पर हो रहा है। 32 वर्षों से जर्जर पंचायत भवन में थाने का संचालन किया जा रहा है। पास के ही मध्य विद्यालय, नैनीजोर के जिस भवन को दस वर्षों पूर्व जर्जर होने के कारण छोड़ दिया गया, उस भवन में तब से नैनीजोर थाने के पुलिसकर्मी रहते हैं। थाना की छत की सीलिंग टूट रही है।वायरलेस सेट से लेकर कागजात और पुलिसकर्मियों के बिछावन तक बारिश के पानी में भीग रहे हैं। वही इस थाना के मेस शौचालय में पूर्व में संचालित होता था। अब बन्द कर दिया गया है।

**थाना में ना हाजत ना सरिस्ता की व्यवस्था :** जिस थाना पर इतने आबादी एवं अपराधी की बोझ है। उस थाना में अपराधियों को रखने के लिए हाजत की व्यवस्था तक नहीं है। अपराधी को पेड़ में बांध कर रखा जाता है। ना हाजत है ना सिरिस्ता। फाइलें, केस डायरी, इन्वेस्टिगेशन रजिस्टर बारिश के पानी से बचाने को पॉलीथिन से ढककर रखे जाते हैं। हथियार तक सुरक्षित नहीं हैं। थाने से निकलने में कच्चे रास्तों में पुलिस की गश्ती गाड़ी कीचड़ में फंस जाती है, उसे 200 मीटर दूर पार्क करनी पड़ती है।



# जनता दरबार में क्षेत्र के लोग बेहिचक करें अपनी शिकायत दर्ज : डीएम

- डीएम ने 60 फरियादियों की सुनी शिकायत
- पीड़ित लोगों के शिकायत का त्वरित निष्पादन करने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिला मुख्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले दैनिक जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी फरियाद लेकर जनता दरबार में पहुंचे। डीएम उदिता सिंह ने सभी फरियादियों की फरियाद सुनी और उनकी समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दीं। मौके पर डीडीसी विजय कुमार पांडे व एडीएम चंद्रशेखर प्रसाद सिंह भी मौजूद थे। लगभग 60 फरियादी जनता दरबार में आए थे। सासाराम थाना अंतर्गत मुरादाबाद गांव की निवासी सरिता देवी ने बताया कि उनके पति स्वर्गीय चंद्रशेखर सिंह ने पेट्रोल पंप के संचालन के लिए बैंक ऑफ इंडिया, सासाराम शाखा से 50 लाख रुपए का सीसी लोन लिया था। इस लोन के लिए पति के नाम के तीन जमीन के दस्तावेज बैंक में जमा किया गया था। लेकिन बैंक में लोन की पूरी



राशि जमा करने के बाद भी जमीन के कागज बैंक के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। डीएम ने उक्त मामले के संबंध में लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। सासाराम थाना अंतर्गत करवंदिया के अमरी टोला के निवासी ममता कुमारी ने बताया कि 1995 में सरकार द्वारा निर्मित इंदिरा आवास में वर्षों से रह रही हैं, जिसका खाता संख्या 201, प्लॉट संख्या 708/709 रकबा 4 डिसमिल भूमि है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के द्वारा अभी तक उन्हें आवासीय भूमि बंदोबस्ती पर्चा नहीं मिला है। बंदोबस्ती पर्चा नहीं मिलने से दबंग लोगों द्वारा जमीन छोड़ने की धमकी दी जा रही है।

**पीजीआरओ करें मामले की सुनवाई** : जिलाधिकारी ने लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले की सुनवाई करने का निर्देश दिया है। दिनारा थाना के रेही गांव के निवासी धुरभारी सिंह ने बताया कि वे बाप-दादा के जमाने से बिहार सरकार की जमीन में मकान बनाकर रह रहे थे। लेकिन 22 अगस्त को अचानक सीओ ने उनके मकान को तोड़ दिया गया। अब उनके पास कोई दूसरा मकान नहीं है, जहां वे आसरा ले सकें। डीएम ने बिक्रमगंज डीसीएलआर को उक्त घटना के संबंध में स्वयं जांच-पड़ताल कर रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। चुटिया थाना अंतर्गत तिउरा गांव के निवासी राजेश मेहता ने बताया कि 2022 में उनके घर में आग लगने के कारण घर का सारा सामान जलकर राख हो गया था। उन्होंने इस संबंध में अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन दिया था। लेकिन आज तक आपदा का मुआवजा उन्हें नहीं मिला है। जिलाधिकारी ने डेहरी अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को मामले की सुनवाई का निर्देश दिया है।

## एक नजर

### विद्युत कंपनी ने दिनारा के 13 बकाएदार उपभोक्ताओं पर भेजा लीगल नोटिस

**दिनारा।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दिनारा अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित उपभोक्ताओं के परिसर में लीगल नोटिस भेजी जा रही है। पूर्व में जो बकायेदार उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया था एवं अब तक बकाए राशि का भुगतान एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा नहीं किया गया है उन पर विभाग नीलामवाद दायर करने हेतु लीगल नोटिस भेज रही है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि प्रखंड दिनारा के उपभोक्ताओं पर नीलामवाद दायर करने हेतु 13 लीगल नोटिस भेजी गई है। निबंधित डाक से भेजी गई नोटिस में ग्राम-बकरा के विश्वनाथ मिश्रा, कौवाखोच के भरत सिंह, खनिता के गीता देवी, प्रदीप साह, सरोज सिंह, भरत मुनि पाण्डेय, बलिया के ललन सेठ, हीरालाल साह, करहंसी के रामावतार सिंह, जय प्रकाश राय, समहुति बुजुर्ग के निर्मल कुमार पाण्डेय, सहुआरी के ललन सिंह एवं कृष्णा सिंह का नाम शामिल है। उक्त उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन कटने के बाद भी बकाया राशि जमा नही करने के कारण बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के तहत नीलामवाद दायर करने हेतु अग्रतर कारवाई की जा रही है। आगे बताते चले कि कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार के द्वारा बताया गया कि जो भी उपभोक्ताओं का बकाया राशि रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काटा जाता है तो सक्षम प्राधिकारी से किस्तीकरण कराने के पश्चात बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा करने के पश्चात विद्युत का उपभोग करे एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें।

### दावथ में विद्युत चोरी करने वाले दो उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**दावथ।** प्रखंड-दावथ अंतर्गत विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत ग्राम-दोलैचा मे अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की बिना कोई बिजली कनेक्शन लिए विद्युत विभाग के विस्तारित एलटी तार मे सर्विस तार संयोजित कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर सत्येंद्र सिंह पिता-प्रहलाद सिंह पर 26332 एवं मुकुंद सिंह पिता-प्रहलाद सिंह पर 41118 रुपए राजस्व की क्षति आकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उक्त व्यक्तियों के परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं थे तथा विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। कनीय विद्युत अभियंता, दावथ अर्जुन कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की गत माह मे विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर 66 व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी।

### गांवों में गंदगी के अंबार से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा

**दुर्गावती।** इन दिनों रुक-रुक करके बूंदा बादी के कारण गांव में पड़े गंदगी के अंबर से मच्छरों का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ गया है जिसके चलते बूढ़े से लेकर नव जवान और नवजात शिशू तक के लोगों में अनेकों तरह के बीमारियो के कारण लोग परेशान है । भारत सरकार के द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान के तहत बिहार सरकार ने भी कदम उठाया और हर पंचायत में जिला पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि स्वच्छता अभियान के तहत हर पंचायत में स्वच्छता अभियान कैंप लगाकर चलाएं और सफाई के लिए सामग्री भी उपलब्ध कराएं। वह योजना की पूरी तरह से धरातल पर फेल हो चुकी है। कुछ पंचायत को कचरा उठाव के लिए राशि का आवंटन किया गया तो कुछ पंचायत में कचरा उठाव पर काम ही नहीं लगा न राशि दी गई जिसके चलते कचरा का उठाव करहे कर्मी वेतन के अभाव में अपना सफाई अभियान बंद कर दिए। जिसका परिणाम रहा कि आज गांव में गंदगी का अंबार पूरी तरह से फैल चुका है और ग्रामीण जनता रोग की शिकार हो रही है। सरकार के पास गांव की गलियों में सड रहे गंदगी की अंबर को साफ करने के लिए कोई दवा भी उपलब्ध नहीं है न मच्छरों के मारने के लिए छिड़काव जिससे जनता अनेकों बीमारियों का शिकार हो रही है। इन समस्याओं से सरकार को क्या फर्क पड़ता है तंगी परेशानियां तो जनता को झेलनी है।

### सदस्यता अभियान में मंत्री संतोष सिंह ने लोगों को बनाया भाजपा सदस्य



काराकाट (रोहतास) भाजपा पार्टी के कार्यकताओं ने शुक्रवार को काराकाट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सदस्यता अभियान चलाया। अवसर पर बिहार सरकार श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने भी अभियान में भाग लिया। जिनको कार्यकताओं ने फूला माला पहना व बुके अंगवस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री ने लोगो का अभिनंदन करते स्वयं भी लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। वही मंत्री संतोष ने लोगों के बीच संगठन पर चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए लोगों से आग्रह किया। साथ ही काराकाट विधानसभा के गोड़ारी मंडल में सैकड़ों महिलाओं ने मिस कॉल देकर सदस्यता ग्रहण किया। जिनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं से दूर लोगों को इसकी जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेश्वर कुशवाहा एवं संचालन सुदर्शन प्रसाद वैश्य ने की। मौके पर जिला महामंत्री विजय सिंह,ओबीसी मोर्चा के संजोजक नवीनचंद्र साह ने प्रधानमंत्री के उपलब्धियों को बताते हुए लोगों से भाजपा सदस्य बनने के लिए अपील की।

## खबरें फटाफट

### लूट की योजना बनाते एक गिरफ्तार

**छपरा।** जिले के बनियापुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सरैया सतुआ पुल के पास तीन व्यक्ति हथियार लेकर लूट की योजना बना रहे हैं ।उक्त सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सतुआ पुल के पास पहुंच कर एक अभियुक्त जनता बाजार थाना अंतर्गत खुर्द लौंवा निवासी दीपक कुमार को एक देशी कट्टा, जिन्दा कारतूस, मोबाइल,एवं मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया ।इस संबंध में बनियापुर थाना कांड सं0-419/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तो के विरुद्ध पुलिस की छापेमारी जारी है।

### छपरा जंक्शन से चोर गिरफ्तार

**छपरा।** वाराणसी मंडल टास्क टीम एवं छपरा जंक्शन आरपीएफ पोस्ट के द्वारा संयुक्त अभियान चला कर एक शातिर चोर को चोरी का सामान के साथ गिरफ्तार किया गया ।
गिरफ्तार चोर जिले के परसा थाना क्षेत्र के सगुनी श्रीरामपुर निवासी 28 वर्षीय पप्पू कुमार राम है ।छपरा जंक्शन आरपीएफ इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अपराधी को रेलवे स्टेशन छपरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या एक से पूरब व अभियोजन कार्यालय के मध्य बाहर की तरफ जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से चोरी किए गए एक स्क्रीन टच मोबाइल और 4270 रुपए नकद बरामद हुआ है।

### मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव में शुक्रवार की सुबह घटना

# भोजपुर में करेंट की चपेट में आने से सेंट्रिग ठेकेदार की मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम
- पुलिस ने सदर अस्पताल में कराया मृतक का पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लक्षणपुर गांव में करेंट की चपेट में आने से एक सेंट्रिग ठेकेदार की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसमें रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी रामकुमार केशरी का 25 वर्षीय पुत्र राहुल केसरी है। वह पेशे से ठेकेदार था एवं ठेके पर लेकर सेंट्रिग का काम करता था। इधर मृतक के साथ काम करने गए उनके पड़ोसी टुन्ना प्रसार ने बताया कि वह दोनों शुक्रवार की सुबह अपने गांव से लक्षणपुर गांव सेंट्रिग का काम करने गए थे। तभी वह शौच करने के लिए लक्षणपुर गांव स्थित आहर के किनारे चले गए। जहां बिजली का तार काफी नीचे से गुजर रहा था। जाने के क्रम में वही विद्युत प्रवाहित तार से स्पर्श कर गए। जिसके कारण वह करेंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर वे लोग फौरन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पर अगर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो में छोटा था। उसकी शादी इसी वर्ष 6 मार्च को हुई थी। अभी उसकी पत्नी के हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी के उसके मांग का सिंदूर ही उजड़ गया। उसके मौत की खबर मिलते ही उसकी नई नवेली दुल्हन प्रियंका देवी एवं मां फुलकुमारी देवी बदहवास हो गई और दोनों बार-बार बेहोश हो जा रही थी। उसके परिवार में मां फुलकुमारी देवी,पत्नी प्रियंका देवी, दो भाई जितेंद्र केशरी,संतोष केशरी व दो बहन आरती कुमारी एवं सोनी कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मृतक की मां फुलकुमारी देवी, पत्नी प्रियंका देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### आरा में पोखरा में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा।** शहर के नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला स्थित पोखरा में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव अनाइठ मुसहर टोली स्थित पोखरा से शुक्रवार की शाम बरामद किया गया। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी दु:खी राम का 27 वर्षीय पुत्र खिलाड़ी मुसहर है एवं वह पेशे से मजदूर था। इधर मृतक के मोहल्ले वासी अजीत कुमार ने बताया कि वह गुरुवार की शाम अनाइठ मुसहर टोली स्थित पोखरा के किनारे गया था। जहां पर वह हाथ-मुंह धोने लगा। उसी दौरान वह पोखरा में डूब गया। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना उसके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से गुरुवार की शाम उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन वह नहीं मिल पाया था। शुक्रवार की सुबह स्थानीय थाना द्वारा एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। इसके बाद एसडीआरएफ टीम के काफी मशक्कत करने के बाद उसके शव को पोखरा से बाहर निकल गया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में बड़ा था। उसके परिवार में पत्नी पतलिया देवी व दो पुत्री अंजोरिया कुमारी एवं ऐश्वर्या कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी पतलिया देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पुरानी रंजिश में चाकू से गोदकर वृद्ध की हत्या, आरोपी फरार

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मागत परासी गांव में शुक्रवार की अहले सुबह 6 बजे सरेआम एक 60 वर्षीय वृद्ध की चाकू से गोदकर हत्या की खबर सुनते ही अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार धर्मागत परासी गांव निवासी स्वर्गीय नगीना यादव के 60 वर्षीय पुत्र लोरिक सिंह शुक्रवार की सुबह सब्जी खरीद कर अपने घर के समीप जैसे ही पहुंचे वहा पहले से ही मौजूद पप्पू यादव ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर चाकू से गोदकर हत्या कर भाग निकला। घटना में लोरीक सिंह के 32 वर्षीय बहू डीनकी देवी भी घायल बताई जा रही है। जिसका प्राथमिक इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव भी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच घटना की जानकारी लिया। साथ ही उक्त मामले को लेकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों के समक्ष कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया । इस संदर्भ में मृतक की बड़ी बेटी ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व में पप्पू यादव उनके घर में घुसकर उनकी भाभी के साथ छेड़खानी कर रहा था । जिस मामले में वो जेल भी गया था । जेल से बाहर निकलने के बाद से पप्पू यादव दिल्ली में ड्राइवरी का काम करता था। पूर्व के केस को मैनेज करने के लिए पप्पू यादव फोन से पिछले कई दिनों से दबिश बना रहा था । पप्पू यादव शुक्रवार को अहले सुबह पांच बजे अपने गांव धर्मागत परासी पहुंचा और घटना को अंजाम दे दिया।

## कॉलेज में ही त्रुटि सुधार के लिए आवेदन देने के आदेश पर छात्र संगठन ने जताई आपत्ति

**केटी न्यूज/ छपरा**

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) सारण जिला इकाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संगठन के राज्य नेता राहुल कुमार यादव ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय कैम्पस आने वाले छात्र-छात्राओं के विश्व विद्यालय कैंपस में नहीं आने, प्रवेश नहीं करने के फरमान पर कड़ा आपत्ती जताया। छात्र नेता ने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के किसी भी समस्याओं के निदान के लिए कॉलेजों के माध्यम से विश्वविद्यालय में आवेदन लेने की बात कहीं जा रही है लेकिन अधिकांश कॉलेजों में मनमानी और

जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा विद्या ददाति विनयम्

छात्रों को बेवजह आर्थिक व मानसिक शोषण करने की प्रवृत्ति कायम है। पिछले कई महीनों से सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कॉलेजों के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को आवेदन भेजा है लेकिन उन आवेदनों पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ना ही कोई उचित जवाब मिल पा रहा है। कालेज कर्मियों द्वारा विश्वविद्यालय से कोई सूचना नहीं मिलने या विश्वविद्यालय जाकर पता करने की नसीहत दी जाती है, ऐसे में छात्र-छात्राएं कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का चक्कर लगाने व आर्थिक व मानसिक शोषण झेलने को विवश है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग किया कि पहले विश्वविद्यालय कैंपस सहित, सभी कॉलेजों में सिंगल विंडो सिस्टम लागू करें। कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय कैम्पस में छात्र-छात्राओं की समस्याओं के निराकरण हेतु पूछ-ताछ काउंटर और शिकायत, सुझाव, सुधार काउंटर हो और ऑन द स्पॉट छात्राओं को आवेदन पत्रों पर निश्चित तिथि तक शिकायत, सुधार,आवेदन पत्रों पर विचार करने का आवेदन रिसीविंग का एक कॉपी देना सुनिश्चित करें।

### जीविका कैडर संघ ने श्रम मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**काराकाट।** जीविका दीदीयों ने अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर बिहार सरकार श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ज्ञापन सौंपा। जिस ज्ञापन को पढ़ते हुए मंत्री ने जीविका संघ सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। दस सूत्री मांगों में जीविका दीदियों ने सभी कैडरों को जीविका की ओर से नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र दिलाने की बात कही। अवसर पर मंत्री ने जीविका दीदी को सदस्यता अभियान के तहत भाजपा का सदस्य भी बनाया। वहीं श्रम मंत्री का कहना है कि गांव-गांव तक जब तक सदस्य नहीं बना लिए जाते हैं। अपने देश और प्रदेश को बचाने के लिए लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिये प्रेरित करना है।

## जलालपुर प्रखण्ड जनसुराज कार्यवाहक समिति की घोषणा

**केटी न्यूज/छपरा**


जिले के जलालपुर प्रखंड में शुक्रवार को जनसुराज कार्यवाहक समिति की घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता चंद्रदेव मांझी एवं मंच संचालन नीरज तिवारी ने किया। इस बैठक में जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने प्रखण्ड स्तरीय कार्यवाहक समिति का गठन किया। बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष राजकुमार पंडित,संगठन महासचिव प्रताप कुमार सिंह,संयोजक धर्मेंद्र सिंह, महिला अध्यक्ष मीणा देवी, किसान अध्यक्ष राजन कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष गोलु दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल सिंह,कार्यालय प्रभारी लालबाबू सिंह, मुख्य प्रवक्ता अम्बिका प्रसाद,प्रवक्ता वीरेंद्र कुशवाहा एवं आठ उपाध्यक्ष बनाये गए।बैठक में ब्रजेन्द्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी ने कहा कि जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सूबे के जन-जन के बीच जनसुराज की नीतियों को पहुंचाने का सफल प्रयास किया। आज हर गांव के चौक-चौराहे पर जनसुराज की चर्चा होती है। सरकारी योजनाओं के नाम पर लूट-खसोट, कमीशन खोरी व अफसरशाही के खिलाफ जनसुराज ने मोर्चा खोल दिया है।आम लोगों के हितों की रक्षा के लिए जनसुराज खड़ी रहेगी। इस मौके पर श्रवण महतो, प्रियरंजन युवराज, नवनीत यादव, उदयशंकर सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रमेश गिरी, ललित तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### निर्माण कार्य के लिए चिन्हित विभागों को सौंपा गया कार्य, समय सीमा के अंदर पूरा करना होगा काम

# विद्यालयों के आधारभूत संरचनाओं का जल्द होगा निर्माण : डीएम

**केटी न्यूज/छपरा**

डीएम अमन समीर ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों एवं संबंधित तकनीकी विभाग के अभियंताओं के साथ गुरुवार को बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्धारित प्राथमिकता के आधार पर सभी सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है।इस उद्देश्य से सारण जिला के विद्यालयों में अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण, शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मती, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिये लगभग 2500 योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।इन योजनाओं का कार्य तेजी से पूरा हो इसके लिये विभिन्न तकनीकी विभागों के सहयोग से इनका क्रियान्वयन कराया जा रहा है। भवन प्रमण्डल, एलएईओ-1 एवं 2, पीएचईडी तथा बिहार शिक्षा परियोजना के बीच योजनाओं का बंटवारा कर क्रियान्वित कराया जा रहा है। पेयजलापूर्ति से संबंधित सभी 476 योजनाओं का क्रियान्वयन पीएचईडी से होगा है। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को अविलंब सभी योजनाओं की निविदा प्रकाशित कराकर क्रियान्वित



कराने का आदेश डीएम ने दिया। अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण एवं नये शौचालय निर्माण की योजनाओं का क्रियान्वयन भवन प्रमण्डल एवं एलएईओ 1 एवं 2 द्वारा कराया जायेगा। शौचालय मरम्मती की योजनाओं का क्रियान्वयन बिहार शिक्षा परियोजना के माध्यम से कराया जायेगा। डीएम ने सभी संबंधित कार्यकारी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को अविलंब सभी योजनाओं की निविदा प्रकाशित कराकर त्वरित अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। योजनाओं की निविदा क्लस्टर में निकालने हेतु 24 घंटे में कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सभी योजनाओं का कार्य 31 जनवरी 2025 तक पूरा करने का स्पष्ट रूप से लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस बैठक में परिक्ष्यमान सहायक समाहर्त्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन, एलएईओ, पीएचईडी एवं बिहार शिक्षा परियोजना के अभियंता उपस्थित थे।

## मॉक ड्रिल में अग्निशमन के कर्मियों ने छात्रों को दी बचाव की जानकारी

**केटी न्यूज/तिलौथू**

रोहतास के तिलौथू क्षेत्र के राधा शांता महाविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एनसीसी के छात्र-छात्राओं के बीच शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने आग से बचाव की जानकारी मॉक ड्रिल द्वारा दी। अग्निशामालय डेहरी के पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी के अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही अग्निक अजित कुमार, शैलेन्द्र कुमार,रूपेश कुमार, पिंकी कुमारी चालक करण कुमार , चंदन राम ने बताया कि छात्राएं घरों में गैस चूल्हे का उपयोग करती है। कई बार



गैस के रिसाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसी स्थिति से निपटने की जानकारी उन्होंने छात्राओं को दी। गैस रिसाव के चलते सिलेंडर व चूल्हे के समीप लगने वाले आग को बुझाने की तकनीक उन्होंने बताई। उन्होंने बताया कि यदि सिलेंडर से गैस रिस रहा हो और आग लग जाती हो तो तत्काल गीले सूती कपड़े से लपेटकर आग बुझाया जा सकता है। यह भी बताया कि खाली बाल्टी सिलेंडर के ऊपर उलटकर रखने से भी सिलेंडर की आग बुझ सकती है। उन्होंने उक्त दोनों विधियों से आग बुझाकर दिखाया। यह भी सलाह दी कि खाना बनाते समय सूती कपड़ा पहनें।

# बलिया में पत्थर से प्रहार कर दो देवरों ने भाभी को मौत के घाट उतारा, दोनों फरार

- गमला से फूल उखाड़ने को लेकर हुआ विवाद
- मृतका के पति की तहरीर पर दोनों देवर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज
- कोतवाली के राजपूत नेवरी मोहल्ले के है मामला

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली क्षेत्र राजपूत नेवरी में शुक्रवार को गमला से फूल उखाड़ने को लेकर हुए विवाद में सगे दो देवरों ने अपनी भाभी की पत्थर से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद छानबीन में जुट गई। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति के तहरीर पर दोनों देवरों के विरुद्ध संबंधीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार राजपूत नेवरी निवासी राजू कुमार गुप्ता की उनके भाई कृष्ण कुमार गुप्ता व विजय गुप्ता के साथ गमला से फूल उखाड़ने को लेकर कहासुनी हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि कृष्ण कुमार व विजय गुप्ता ने राजू कुमार गुप्ता की पत्नी संध्या गुप्ता (45) पर पत्थर से सिर पर प्रहार कर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से पति राजू गुप्ता अपनी पत्नी को जिला अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सक ने संध्या को मृत घोषित कर दिया।



सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, सीओ सिटी गौरव कुमार व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र बहादुर सिंह पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया। उधर आरोपी मौके से फरार हो गए। इस बाबत पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि राजू गुप्ता व उनके दो भाई कृष्ण कुमार और विजय गुप्ता के साथ पारिवारिक विवाद हो गया। जिसको लेकर दोनों देवरों ने अपनी भाभी के सिर पर पत्थर से प्रहार कर दिया। जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के पति के तहरीर पर दोनों देवरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दिया गया है, जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएंगे।

## एक नजर

### भरौली गोलंबर के पास कीचड़ में फंसी मवेशियों से भरी पिकअप, पुलिस ने पकड़ा



**बलिया।** बिहार जा रही मवेशियों से लदी पिकअप को शुक्रवार की दोपहर भरौली गोलंबर पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बरामद किया। पुलिस ने कीचड़ में फंसी पिकअप को क्रेन से खिंचवाकर बाहर निकाला और थाने लाई। इस दौरान दो पशु तस्कर भागने में सफल रहे। जबकि एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। मवेशियों को पिकअप पर इस तरह लादा गया था कि मवेशी कराह रहे थे। बता दे कि लक्ष्मणपुर की तरफ से भरौली के रास्ते तिरपाल से ढकी पिकअप गाड़ी में बेरहमी से ठूसकर मवेशियों को वध के लिए तस्कर बिहार ले जा रहे थे। जैसे ही चालक भरौली पीकेट पर पहुँचा, वैसे ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को देखकर चालक गाड़ी को दूसरी तरफ लेकर भागना चाहा। भागते समय गाड़ी कीचड़ में फंस गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर गाड़ी को कब्जे में ले लिया। गाड़ी में सवार तीन पशु तस्करों में दो भागने में सफल रहे। जबकि एक को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। कीचड़ में फंसी गाड़ी को पुलिस ने क्रेन के सहारे बाहर निकाला और ट्रैक्टर से खिंचवाकर थाने पहुंचाया। इस दौरान मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का कहना था कि नरही वसूली कांड को लेकर चर्चा में आए इस थाना क्षेत्र में पशु और शराब तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन तस्कर नया तरकीब अपना कर तस्करी करने में सफल हो जा रहे हैं।

### गाजीपुर में चिकित्सक को हथियारबंद बदमाशों ने लूटा, मोबाइल भी लेकर भागे

**सेवराई।** गाजीपुर जनपद के सुहवल- ढढनी मार्ग पर बीती रात अंधारीपुर गांव के पास बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने स्कूटी सवार चिकित्सक डा. सत्यसिंधु उपाध्याय निवासी सब्बलपुर खुर्द कोतवाली जमानियां से असलहे के बल पर 50 हजार नगद और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। लूट की घटना से पुलिस महकमे में हडकंम्प मच गया। वायरलेस सेट घनघनाने लगे। आनन- फानन में मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर जगह -जगह वाहनों की चेकिंग भी शुरू कर दी और लुटेरा का पता लगाने में जुट गई। उधर पुलिस ने इस घटना के बाद मार्ग किनारे जगह-जगह लगे पच्चास से अधिक सीसीटीवी कैमरे के जरिए फूटेज खंगाला मगर लुटेरों का कुछ पता नहीं चल सका। बहरहाल पुलिस ने पीड़ित चिकित्सक द्वारा मिले तहरीर के आधार पर तीन अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि जिस तरह से लुटेरों ने इस घट?ना को अंजाम दिया है, उससे क्षेत्रीय व स्थानीय लोग सहमे हुए है। लोगों ने बताया कि इस तरह की लूट की इलाके में यह पहली घटना है। कहा कि इलाके में पुलिस की रात्रि पेट्रोलिंग गश्त बिल्कुल नहीं है। इसे तत्काल बढाय़ा जाए, ताकि लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। पीड़ित चिकित्सक सत्य सिंधु उपाध्याय ने बताया कि सुहवल शिवाला पर उनकी डिस्पेंशरी है। रोज की तरह वह देर रात को डिस्पेंशरी बंद कर अपने स्कूटी से घर के लिए निकले थे। बताया कि वह अभी अंधारीपुर गांव के बगीचे के समीप पहुंचे ही थे कि पीछे से बाइक पर सवार तीन लोग उनकी स्कूटी को ओवरटेक कर रोक लिया और असहला सटाकर उनसे ?50000 और मोबाइल लूट कर पुन: सुहवल की ओर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि चिकित्सक से लूट की जानकारी मिली है?। बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही इस लूट का पदार्फाश कर दिया जाएगा।



### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत 27 माध्यमिक विद्यालयों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

**गाजीपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत बालिकाओं के विपरीत परिस्थतियों से सामना करने एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जनपद के चयनित 27 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को 103 माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए प्रशिक्षक (मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यताधारी) की आवश्यकता है। महिला प्रशिक्षक को वरीयता दी जाएगी। उक्त प्रशिक्षण के लिए प्रति विद्यालय रू0 5000/- मानदेय के रूप में देय होगा प्रति विद्यालय प्रशिक्षण का समय 40 मिनट होगा। एक प्रशिक्षक को अधिकतम तीन विद्यालय आवंटित किया जाएगा तथा प्रशिक्षक को तीन माह के लिए अधिकतम रू0 15000/-दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन पत्र कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक गाजीपुर में 24 सितंबर 2024 तक पंजीकृत डाक अथवा ऑनलाइन (Email : rmsa.ghazipur@gmail.com) के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है।

## खबरें फटाफट

### जिलाधिकारी की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**गाजीपुर।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार गाजीपुर में की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के अन्तर्गत निमार्णाधीन योजनाओं की गहन से समीक्षा की तथा कार्यदायी संस्थाओं एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी योजनाओं पर ट्यूबवेल, शिरोपरि जलाशय के कार्य माह दिसम्बर-2024 तक पूर्ण कर लिया जाए तथा क्षतिग्रस्त मार्गो को यथाशीघ्र शीर्ष प्राथमिकता पर पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित कराएं। बैठक में जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर, आईएसए तथा टीपीआई के इंजीनियर उपस्थित थे।

### व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगाने पर जोर

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक मऊ के निर्देश पर रतनपुरा आउटपोस्ट पुलिस चौकी के प्रभारी सरफराज खान ने कस्बा के प्रमुख व्यापारियों की बैठक गुरुवार के दिन ली। जिसकी अध्यक्षता रतनपुरा के युवा ग्राम प्रधान जय किशोर गुप्ता ने किया। व्यापारियों को संबोधित करते हुए चौकी प्रभारी सरफराज खान ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा काफी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इससे जहां व्यापारियों के माल असबाब की सुरक्षा होगी। वही अपराधियों के घर पकड़ में सीसीटीवी फुटेज काफी मुफीद साबित होंगे। व्यापार मंडल अध्यक्ष राम नारायण साहू ने सभी व्यापारियों से आग्रह किया कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठानों में समय की मांग को देखते हुए सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुरक्षित रहेंगा। बैठक में व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष फतेह बहादुर गुप्ता, विनोद कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, अमित कुमार मौर्य, विनय सिंह, सुभाष चंद्र मद्धेशिया, दयाशंकर उर्फ दीपू लाल, प्रमोद कुमार खरवार,डॉ अरविंद कुमार सिंह इत्यादि प्रमुख थे।

## डीएम ने की 50 लाख से अधिक की निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हों, उन्हें 30 सितंबर से पहले कर दें हैंडओवर: डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने जिले में 50 लाख से अधिक की निमार्णाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, जरूरी औपचारिकताओं को पूर्ण कर 30 सितम्बर से पहले हैण्डओवर की कार्यवाही कर ली जाए। साथ ही जिन परियोजनाओं में टेंडर हो गया है, उसका निर्माण शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया। यह भी कहा कि प्रशासन स्तर से जिस सहयोग की जरूरत हो तो बेहिचक बताएं। लेकिन निर्माण की गुणवत्ता व समयसीमा का विशेष ख्याल रखें।

कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से उनसे सम्बन्धित एक-एक प्रोजेक्ट की जानकारी ली। जिस परियोजना के निर्माण में वित्तीय प्रगति के सापेक्ष भौतिक प्रगति कम मिलने पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद हैण्डओवर में विलम्ब होने से यह जाहिर होता है कि कार्यदायी संस्था व सम्बन्धित विभाग में समन्वय की कमी है। पूर्ण हो चुकी 18 परियोजनाओं को 30 सितम्बर तक हैण्डओवर कराकर अवगत कराया जाए। हैंडओवर से पहले होनी वाली जांच में यह ध्यान रखें कि उसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारी भी रहें। नगर पंचायत रतसर कलां का कार्यालय भवन निर्माण बंद होने पर सवाल किया। इसके अलावा नगर पालिका परिषद बलिया के लिगेसी वेस्ट निस्तारण कार्य में भी लापरवाही पर नाराजगी जताई।

प्रभारी अधिकारी नगरीय निकाय/सीआरओ त्रिभुवन को निर्देश दिया कि वित्तीय व भौतिक प्रगति की जांच कर रिपोर्ट दें। बस स्टेशन के निर्माण को शुरू कराने में हो रहे विलंब को लेकर पूछताछ की तो सी एण्ड डीएस के अभियंता ने पुराने भवन के ध्वस्तीकरण के बाद निर्माण शुरू कराने की बात कही। इस पर जिलाधिकारी ने सवाल किया कि पिछली बैठक में भी यही जवाब मिला था। अगली बैठक में प्रगति नहीं होने पर संबन्धित जिम्मेदार के विरूद्ध कार्रवाई हेतु पत्र लिखने की चेतावनी दी।



### जुलूस में अराजकता फैलानेवालों की खैर नहीं

**बलिया।** ईद-ए-मिलाद को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें समस्त जुलूस आयोजकों के साथ विचार-विमर्श कर उनके जरूरी सुझाव लिये गये। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व से चल रही परम्परा के अनुसार ही जूलूस का आयोजन होना चाहिए। भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। जूलूस के रास्तों में सफाई व्यवस्था सुद्दढ़ रहेगी।

### जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की। उन्होंने सी, डी व ई श्रेणी पाये विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया कि अपने विभागीय पोर्टल को प्रतिदिन समीक्षा करते रहें और कार्यों की प्रगति पर ध्यान दें। किसी भी हाल में आपके कार्य की वजह से जिले की रैंकिंग खराब नहीं होनी चाहिए, अन्यथा जवाबदेही तय कर कार्यवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि छोटी-छोटी शिकायतों का समाधान पूरी गंभीरता से कराना सुनिश्चित कराएं, ताकि उस शिकायत के लिए शिकायतकर्ता को उच्चाधिकारी के यहां नहीं दौड़ना पड़े। ऐसा संज्ञान में आया तो उसे गंभीरता से लिया जाएगा। पेंशन आवेदन के प्रकरण अनावश्यक लम्बित नहीं रहे। यह भी निर्देश दिया कि आईजीआरएस की शिकायत की निस्तारण आख्या जिला स्तरीय अधिकारी अवलोकन करके ही निस्तारित करें। गुणवत्तापरक निस्तारण होगा तो जिले की रैंकिंग भी स्वत: अच्छी हो जाएगी। जल निगम, पर्यटन विभाग, लोनिवि, उद्योग विभाग, समाज कल्याण अधिकारी के अधिकारी को भी ग्रेडिंग सुधार की चेतावनी दी। बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, पीडी उमेश मणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## छेड़खानी करने के आरोप में पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा



**केटी न्यूज/बलिया**

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर के निर्देश पर महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में दोकटी पुलिस ने शुक्रवार को सोनिया मोड़ के पास से दो मनबढ़ युवकों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। पूछताछ में अपना नाम व पता कृष्णा कुमार यादव पुत्र रामायन यादव निवासी योगेन्द्र का मठिया थाना बैरिया जनपद बलिया व मोनू कुमार मौर्य पुत्र स्व विश्वकर्मा मौर्य निवासी दोकटी थाना दोकटी जनपद बलिया बताया। पुलिस के अनुसार 12 सितंबर को थाना दोकटी पर एक छात्रा ने प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि वह नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर-बैरिया बलिया में पढ़ती है। वह साइकिल से स्कूल जाती है और वहां से ट्यूशन के लिए रुद्रा कोचिंग सेन्टर में जाती है।

जहां से शाम पांच बजे के बाद वापस घर लालगंज बैरिया मार्ग से आ रही थी। जैसे ही वह कस्तुरबा विद्यालय के पास स्थित पानी टंकी के सामने पहुँची कि सामने से बुलेट पर सवार दो लड़के हमें रोक छेड़खानी करने लगे। मना करने पर कागज पर एक मोबाइल नम्बर लिखकर मेरे ऊपर फेक दिए और गन्दी गन्दी गाली देते उस मोबाइल नंबर पर बात करने को कहा। नहीं करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देकर चले गए।

## महंगाई, बेरोजगारी व बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर सपा ने भरी हुंकार

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, बेहतशा महंगाई, बिगड़ी कानून व्यवस्था, गोंड खरवार, तुरहा बिरादरी को एससी, एसटी जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने, घाघरा, गंगा नदियों के बाढ़ और कटान पीड़ितों को मदद करने, भाजपा नेताओं द्वारा अवैध शराब के किए जा रहे धंधे को रोकने, छात्रसंघ चुनाव पर लगी रोक हटाने, जनपद में मेडिकल काजेज की स्थापना, जर्जर सड़को को दुरुस्त करने हेतु जनपद को विशेष पैकेज देने, बंद पड़े नलकूपों को ठीक करने नगर क्षेत्र के जल जमाव एवं जाम से मुक्ति आदि 18 सूत्री मांगो को लेकर समाजवादी पार्टी बलिया द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर शुक्रवार को धरना दिया गया। तत्पश्चात महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से पहुंचाने हेतु अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया।



पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविन्द चौधरी ने कहा कि हर राजनीतिक लड़ाई की शुरूआत बलिया से होती हैं और इस बार भी इस लोकतंत्र विरोधी सरकार के खिलाफ बिगुल बलिया ने बजाया है। 27 में सफलता अवश्य मिलेगी पूर्वांचल से चला यह विरोध का आंदोलन लखनऊ की कुर्सी हिलाएगा। सांसद सनातन पाण्डेय ने कहा कि बलिया के अधिकारी जनहित के सवाल पर जनता की सुने नहीं तो यह भृगु मुनि की धरती है यहां के लोग जवाब तुरंत और वाजिब देते हैं। सांसद रामाशंकर राजभर ने कहा कि पीडीए के लोगो एकजुट हो जाइए समाजवादी पार्टी ही आपकी शुभचिंतक हैं इसे मजबूत बनाइए। घोसी के सांसद राजीव राय ने कार्यकताओं का आह्वाहन करते हुए कहा कि आज ही से 2027 विधनसभा चुनाव के तैयारी में जुट जाइए। धरना सभा को मुख्यरूप से पूर्व मंत्री अम्बिका चौधरी,सिंकदरपुर विधायक मो रिजवी,जय प्रकाश अंचल, श्री मती मंजू सिंह, ब्यास जी गोड, सुशील कुमार पाण्डेय कांहजी" अरविन्द गिरी, मिठाई लाल भारती, संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता,डा. विश्राम यादव,यशपाल सिंह,रोहित चौबे, जलालु दीन जेडी, रजनीश यादव, रामेश्वर पासवान, अजय यादव, जय प्रकाश मुन्ना आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता संग्राम सिंह यादव ने किया।

## जागरूकता एवं लाइसेंस कैम्प से 101 व्यापारी हुए लाभान्वित



**केटी न्यूज/बलिया**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग बलिया की ओर से चौक सिनेमा रोड पर शुक्रवार को जागरूकता एवं खाद्य लाइसेंस/पंजीकरण कैम्प लगाया गया। जिसमें खाद्य कारोबार से जुड़े 101 व्यापारियों ने कैम्प का लाभ उठाया। 95 व्यापारियों ने अपने अपने खाद्य कारोबार का पंजीकरण एवं 6 व्यापारियों के लाइसेस का आवेदन किया। सभी खाद्य कारोबारियों के पंजीकरण व लाइसेंस कैम्प में ही बनाया गया, जिसे सहायक आयुक्त आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ श्रवण कुमार मिश्रा ने अपने हाथों से व्यापारियों को दिया।

इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा खाद्य कारोबार महत्वपूर्ण कारोबार है। इसमें नियम कानून का पालन सभी व्यापारियों को करना आवश्यक है। जनहित के कार्य में विभाग बराबर आपके साथ है। सहायक आयुक्त द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने कहा कि अपने खाद्य कारोबार का पंजीकरण या लाइसेंस बनवाकर ही व्यापार करना चाहिए। कैम्प में 101 व्यापारियों ने अपने कारोबार के अनुसार पंजीकरण व लाइसेंस का आवेदन किया और तत्काल प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर व्यापारी नेता सुरेश कुमार गुप्ता, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार, अनिल कुमार, धर्मराज शुक्ल आदि रहे।


## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जंगीपुर विधानसभा में हजारों लोगों को ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता

# प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य, 1 अक्टूबर से अगला चरण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी शुक्रवार को संगठन महापर्व 2024 के अंतर्गत चल रहे विशेष सदस्यता अभियान में जनपद के विधानसभा जंगीपुर में बूथ संख्या 18, ग्राम बिजौरा, बूथ संख्या 95 ग्राम - अरखपुर, सदर विधानसभा के बूथ संख्या 143 ग्राम -बबेड़ी, बूथ संख्या 199 विवेकानंद कॉलोनी बंशी बाजार, मोहम्मदाबाद विधानसभा के बूथ संख्या 14, ग्राम चकताहा तथा जहुराबाद विधानसभा में बूथ संख्या 79 मुहल्ला-बहादुरगंज मे घर-घर पहुंचकर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कराते हुए हजारों लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया।





इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सदस्यता नवीनीकरण के बाद देश के चार चुनावी राज्यों जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा को छोड़ कर शेष सभी राज्यों मे संगठन सदस्यता का काम तेजी से चल रहा है। जिसके पहले चरण मे बुथ स्तरीय सदस्यता का कार्य किया जा रहा है, जो 25 सितंबर तक चलेगा। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उसके बाद 1 अक्टूबर से सामूहिक सदस्यता का अगला चरण प्रारंभ होगा जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर कैम्प लगाकर संगठन कार्यकर्ता लोगों को सदस्यता दिलाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि देश भर से संगठन ने 11 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश से 3 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी समाज के सभी लोगों को लेकर चलने वाली लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने विपक्षी दलों पर व्यंग्य बोलते हुए कहा कि कुछ राजनैतिक दल के लोग परिवार की विरासत को आगे बढ़ाने की राजनीति कर रहे हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी मे समानता के साथ सबको आगे बढ़ने का समान अवसर प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ विधि सम्मत, कठोर कार्यवाही हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की महान जनता का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है हम अपने कार्यों के दम पर आप सबके बीच उपस्थित है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के लोग देश के हर क्षेत्र में सदस्य बन रहे हैं।उत्तर प्रदेश में अब तक 60 लाख तथा देश में अब तक 2 करोड़ लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ चुके हैं। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जी ने गाजीपुर जनपद में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता को गति देने तथा आप सबसे संवाद करने के लिए आए हैं। उन्होंने गाजीपुर के सभी धर्म, जाति, वर्ग, महिला, पुरुष ,छात्र, युवा सभी का आह्वान करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय राजनैतिक दल से जुड़ना गौरव का विषय है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का इसके लिए अभिनन्दन किया। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र से सम्मान किया।

# बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प के लिए टेक्निकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का होगा गठन

♦ सीएम योगी के विजन अनुसार, बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास सेटअप से लैस करने की तैयारी शुरू

**केटी न्यूज/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश के कायाकल्प को लेकर तमाम तरह के प्रयास कर रही है। इसी क्रम में, प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को आधुनिक तकनीक से युक्त कर भविष्य की जरूरतों के अनुसार विकसित करने की दिशा में कार्य शुरू हो गया है।

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है और अब इन्हें स्मार्ट क्लास सेटअप से युक्त करने की प्रक्रिया योगी सरकार आगे बढ़ा रही है। प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प के लिए तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, विद्यालयों को स्मार्ट क्लास सेटअप से युक्त करने के लिए एक टेक्निकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन जल्द ही किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने का जिम्मा उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है तथा विभाग द्वारा इस प्रक्रिया की शुरूआत



कर दी गई है।

**डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट होगी तैयार, कार्यों की रेगुलर मॉनिटरिंग होगी सुनिश्चित :** टीपीएमयू द्वारा प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास व ई-लर्निंग प्रक्रिया से युक्त करने के लिए सबसे पहले डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई जाएगी। इस कार्य को यूपीएलसी व शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए किया जाएगा। इसके बाद, स्मार्ट क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर्स की स्थापना व विकास के लिए विभिन्न चरणों में डीपीआर के अनुसार कार्यों को कराया जाएगा। टीपीएमयू द्वारा तीन वर्षों की कार्यावधि के हिसाब से कार्य किया जाएगा। इस दौरान परियोजना के अंतर्गत जारी कार्यों की अद्यतन स्थिति की रेगुलर मॉनिटरिंग व प्रॉग्रेस रिपोर्ट फॉमुर्लेशन जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा।

## विभिन्न कॉम्पोनेंट्स से स्कूलों को किया जाएगा लैस

प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास व ई-लर्निंग प्रक्रिया से युक्त करने के लिए विभिन्न कॉम्पोनेंट्स की स्थापना व संचालन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इसमें इंटरैक्टिव बोर्ड, इंटरैक्टिव डिस्प्ले तथा आधुनिक ऑडियो वीजुअल सेटअप प्रमुख हैं। इस कार्य को पूरा करने के लिए टेक्निकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (टीपीएमयू) का गठन किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा यूपीएलसी में पहले से इंपैनल्ड एजेंसी का निर्धारण व कार्यावंटन होगा जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। एजेंसी के निर्धारण के बाद टीपीएमयू का गठन किया जाएगा जो यूपीएलसी, बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभागों से समन्वय व संवाद स्थापित करते हुए प्रदेश के सभी बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त करने का कार्य करेगा।

## एक नजर

### सामाजिक संगठन के साथ ट्रैफिक पुलिस ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान




**जौनपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में हो रही म्यूट को रोकने के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा समय-समय पर यातायात पुलिस विभाग द्वारा मिलकर जागरूकता अभियान चलाया जाता है।इसी क्रम में शुक्रवार को जेसीआई जौनपुर द्वारा यातायात पुलिस निरीक्षक जीडी शुक्ला के नेतृत्व में नगर के सिपाह, ओलंदगंज, जेसीज आदि चौराहा पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों पर मौत के रूप में यमराज को भी दशार्या गया। संस्था द्वारा जो लोग बाइक से निकल रहे थे और हेलमेट नहीं पहने थे उन्हें रोक कर जानकारी देते हुए फिल्म प्रदान किया गया और यह अपेक्षा की गई कि घर से निकलने से पहले गाड़ी की चाबी से पहले वह हेलमेट पहने तब अपने गंतव्य को निकले इस दौरान भारी संख्या में यातायात विभाग की सिपाही और संस्था के मेंबर मौजूद रहे।

### कैलाशनाथ को मिलेगा आर्य भाषा सम्मान

**पीडीडीयू नगर।** हिंदी दिवस के उपलक्ष में आर्य समाज मंदिर में आर्य भाषा सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। आर्य समाज की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि इस पुनीत अवसर पर वयोवृद्ध साहित्यकार कैलाशनाथ सिंह करुणम्, निवासी मधुपुर, जनपद चन्दौली को आर्य भाषा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ₹हिंदी के विकास में स्वामी दयानंद सरस्वती एवं आर्य समाज का विशेष योगदान ₹ विषय पर चर्चा भी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डा० शम्भूनाथ शास्त्री, (सेवानिवृत्त) जगतपुर डिग्री कॉलेज,वाराणसी करेंगे। हिंदी साहित्य के विभिन्न विधाओं के मर्मज्ञ विद्वान एवं जाने माने ललित निबंधकार डॉ. उमेश प्रसाद सिंह , मुख्य अतिथि और दिनेश चंद्र , पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ,पूर्व मध्य रेल , डीडीयू मंडल बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### सब जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता के लिए आजमगढ मंडल की टीम का चयन

**मऊ।** खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के तत्वावधान में यू०पी० कुश्ती एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सबजूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 27 से 29 सितम्बर 2024 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय आगरा में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता हेतु आजमगढ़ की मंडलीय टीम हेतु जनपद मऊ की जनपदीय टीम के चयन/ट्रायल्स दिनांक 16 सितम्बर 2024 को प्रातः 10:00 से डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में किया जायेगा। उक्त चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सब-जूनियर बालक कुश्ती खिलाड़ियों की आयु जन्म वर्ष 2007-2008 के मध्य होनी चाहिए और 15 वर्ष की आयु वाले खिलाडी मेडिकल (वर्ष 2009) देकर भाग ले सकते है। जिसमें खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र खिलाडियों को जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (हाई स्कूल सर्टिफिकेट/नगर निगम द्वारा जारी प्रमाण-पत्र) के साथ छाया प्रति सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्य से प्रमाणित साथ में लाना अनिवार्य है। जिले के इच्छुक सब-जूनियर बालक कुश्ती वर्ग के खिलाड़ी इस चयन/ट्रायल में भाग ले सकते हैं। जनपद स्तर पर चयनित खिलाडियों का मण्डलीय चयन/ट्रायल्स दिनांक 18 सितम्बर 2024 को क्षेत्रीय खेल कार्यालय, सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में प्रातः 10:00 से किया जाएगा। मण्डल स्तर पर चयनित बालक खिलाड़ी दिनांक 27 से 29 सितम्बर, 2024 तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, आगरा में सब-जूनियर बालक कुश्ती खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस स्पोर्ट्स स्टेडियम कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर सकते है ।

### भाकपा महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी को लोगों ने किया श्रद्धासुमन अर्पित



**चंदौली।** भाकपा माले की ओर से 23 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा।इस दौरान कार्यकर्ताओं सहित अन्य दलों के लोगों ने पहुंचकर कामरेड सीताराम येचूरी के निधन पर उनका अभिवादन कर श्रद्धांजलि दिया।वहीं आरोप लगाया कि जनपद में कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई है। इस दौरान वक्ताओं कहा कि भाजपा सरकार आम जनजीवन को पूरी तरह से चौपट कर दिया है। इस सरकार में आज आदमी को न्याय नहीं मिल पा रहा है। नौगढ़, चकिया, शहाबगंज के गांवों में वनाधिकार कानून के तहत गरीबों को मालिकाना हक नहीं मिल पाया है। इस जिला सचिव अनिल पासवान, खेग्रामस जिला सचिव रामायण राम, शशिकांत सिंह, हरिशंकर विश्वकर्मा, चंद्रिका यादव उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### 15 सितंबर तक के लिए अलर्ट जारी

**मऊ।** अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और निकटवर्ती दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश पर बना अवदाब पिछले 6 घन्टों के दौरान 8 किमी प्रति घन्टे की गति से लगभग उत्तर प्रदेश की ओर धीरे-धीरे बढ़ा और आज 12 सितम्बर को भारतीय समयानुसार सुबह 05.30 बजे उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्र में 26.7 ठ आक्षांश देशान्तर 78.3 पूर्व ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से लगभग 50 किमी उत्तर आगरा (उत्तर प्रदेश) से लगभग 60 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) से 130 किमी दक्षिण और झांसी (उत्तर प्रदेश) से 140 किमी उत्तर-उत्तर पश्चिम पर केन्द्रित रहेगा। दिनांक 13 सितम्बर 2024 से 15 सितम्बर 2024 हेतु अलर्ट जारी करते हेतु निदेर्शित किया गया जिसमें जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर आदि जनपदो को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं।

### विद्युत स्पशार्घात से किसान की मौत

**मऊ।** रतनपुरा प्रखंड स्थित तमसा तटवर्ती ग्राम पंचायत ठैचा निवासी राम आशीष यादव उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय विश्राम यादव शुक्रवार को सुबह अपने खेत में पानी चला रहे थे कि अचानक बिजली का तार टूट कर इनके दाहिने हाथ व सीने पर आ गिरा , और विद्युत स्पशार्घात के चलते उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंचे परिजनो द्वारा तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा ले जाया गया जहां चिकित्सक ने देखते ही इन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची, और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।राम आशीष यादव के दो लड़के एक लड़की है। एक लड़के और लड़की की शादी हो चुकी है। राम आशीष यादव के अचानक निधन से उनके परिवार पर मानो वज्रपात हो गया है। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। यह घटना शुक्रवार की प्रात लगभग 9:00 बजे की है।

## दृढ़ इच्छाशक्ति, आपसी समन्वय और संवाद से इंसेफेलाइटिस पर पाया काबू: योगी

# वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी से बढ़ रहा प्रदेश

♦ डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए सीएम

**केटी न्यूज/लखनऊ**

पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। मैंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्?दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम



लगाने के लिए गोरखपुर को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। सीएम योगी ने वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

**हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि परंपरा में बीज का वृक्ष बन जाना संस्कृति कहलाता है, जबकि बीज का सड़कर नष्ट हो जाता विकृति कहलाता है। हमारी संस्कृति ही जीवन के विकास का आधार है। ऋषि परंपरा के अनुरूप ही डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल से इंस्टीट्यूट बनकर सबके सामने है। संस्थान उत्तर भारत में चिकित्सा स्वास्थ्य का बेहतरीन केंद्र बनकर उभर रहा है। यह संस्थान की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अच्छे काम करने पर परिणाम भी अच्छे आते हैं।

### अगले 5 वर्ष में खत्म हो जाएगी डॉक्टरों की कमी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ। कोविड-19 पर काबू पाने में इसी अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को बढ़ा रही है। आने वाले अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हम एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की तरफ बढ़ चुके हैं। प्रदेश के सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे।

## 'पेड़ बचाओ-पृथ्वी बचाओ' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**केटी न्यूज/मऊ**

जिला परियोजना अधिकारी ने बताया कि पर्यावरण निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जिला योजना 2024-25 के अंतर्गत, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मऊ द्वारा "पेड़ बचाओ-पृथ्वी बचाओ" विषय पर एक जनपद स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता छात्रों और युवाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से आईडी इंटर कॉलेज, चचाईपार, मऊ पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से पेड़ और पृथ्वी की सुरक्षा के महत्व को चित्रों के रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पेड़ों के महत्व और पर्यावरण के प्रति उनके दायित्वों के बारे में जागरूक करना था। डॉ. गीतिका ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## ट्यूबवेल पर सो रहे वृद्ध की गला रेतकर हत्या, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

♦ मोबाइल से खुला राज, पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू को किया बरामद

**केटी न्यूज/जौनपुर**

सरपतहा थाना क्षेत्र के कुसियाबहार गांव में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के ही एक वृद्ध की गला रेत कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में जहां कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस व आलाधिकारी मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी।

परिजनों ने गांव के ही एक युवक को हत्या का आरोप लगाया। इसी को आधार बनाकर चल रही पुलिस छानबीन के दौरान घटना में प्रयुक्त चाकू संग आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

बताया जा रहा है कि पैसठ वर्षीय



मृतक रामजीत बिंद अपने चार भाइयों रमेश, कमलेश व गणेश में सबसे बड़ा था। उसके पास कोई संतान नहीं थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद उसकी पत्नी उसे छोड़ कर चली गई थी और वह अपने छोटे भाई गणेश के साथ रहता था।गांव के बाहर ट्यूबवेल पर कई सालों से अपना आशियाना बना कर रहता था। और खेती बारी करता था।घटना वाली रात में भी वह ट्यूबवेल पर ही सोया था।जिसकी गला रेत कर हत्या कर दी गई। शुक्रवार तड़के गणेश अपने खेत से परवल तोड़कर बेचने के लिए निकाला तोभाई को जगाने ट्यूबल पर तो घटना की जानकारी हुई सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। समूचे गांव में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पर इलाकाई पुलिस समेत विभाग के एएसपी अरविन्द वर्मा और क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान भी मौके पर पहुंच कर छानबीन किया।मौके पर परिजन गांव के ही एक युवक पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। पुलिस जांच के दौरान घटनास्थल के पास एक मोबाइल पड़ा मिला जिसकी जांच में परिजन जिस युवक पर हत्या का आरोप लगा रहे थे मोबाईल उसी का निकला।

## नगरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा में सीएमओ ने मातहतों को दिए निर्देश

**केटी न्यूज/मऊ**

डाटा वैलिडेशन एवं नगरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा कार्यालय सभागृह में हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राहुल सिंह मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश दिए, चेताया कि बेपरवाही करने पर कार्रवाई की जाएगी, बैठक में सभी सीएससी और पीएससी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, नगरीय पीएससी एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, बीपीएम एवं नगरी स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ नर्स एवं पीएसआई इंडिया, यूनिसेफ, यूपीटीएसयू के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया, मासिक प्रगति लाभार्थी एवं सर्विस प्रोवाइडर भुगतान रिपोर्ट की समीक्षा की गई, सीएमओ ने निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर एवं अर्बन स्वास्थ केन्द्रो में डाटा वैलिडेशन कमेटी की बैठक समय से की जाए एवं उसमें सभी हेल्थ इंडिकेटर्स पर ध्यान दिया जाय।

जिले स्तर पर डेटा वैलिडेशन कमेटी की मिटिंग में प्राप्त डेटा पर और ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। अर्बन में जो दो नए हेल्थ वेलनेस सेंटर शुरू हुए हैं उनकी एच एम आई एस में अति शीघ्र अपलोड करना शुनिश्चित करें, शहरी स्वास्थ केन्द्र हर माह परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक करें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि उन्हें टीबी प्रोग्राम एवं पुरुष नसबंदी करवाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संचालन शहरी स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविंदर नाथ ने किया।

## आरपीएफ ने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जागरुकता अभियान, लोगों को रेलवे के नियमों की दी जानकारी

# अपील... ट्रेन की चेन पुलिंग न करें, रेलवे ट्रैक पर पत्थर नहीं रखें

**केटी न्यूज/चंदौली**

वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, डीडीयू जतिन वी राज के आदेशानुसार प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत रेसुब पोस्ट डीडीयू के अधिकारी साथ स्टाफ द्वारा डीडीयू स्टेशन के नजदीकी गांवों , धरना, छितमपुर, सिकटियाँ, में घूम घूम कर व सभा आयोजित कर बताया गया कि चलती गाड़ियों की चैन पुलिंग न करने, उस पर पत्थर नही मारने,रेलवे ट्रैक पर पत्थर न रखने व खेतों में काम करने आते जाते समय रेलवे ट्रैक को अधिकृत रास्ते से ही पार करने के संबंध मे जागरूकता अभियान अभियान चलाया गया।

साथ ही इससे होने वाले नुकसान व इसको करने वाले के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किए जाने व




न्यायालय द्वारा दिए जाने वाले दंडों के बारे में भी विस्तार से बताया गया।जागरूकता अभियान के दौरान स्थानीय लोग बड़े बुजुर्गो, महिलाओं के साथ साथ स्कूली बच्चे आदि उपस्थित रहे।इस अभियान में सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र नाथ राय,प्रधान आरक्षी आर के सुब्रमण्यम आरक्षी भूपेंद्र यादव, विजय सिंह, इरफान खान,आदि शामिल रहे।

### ट्रैक के आसपास रहने वालों का होगा सत्यापन

**चंदौली।** कानपुर में कालिन्दी एक्सप्रेस में विस्फोट करने की साजिश को देखते हुए यूपी पुलिस ने सतर्कता और बढ़ा दी है। इसी कड़ी में डीजीपी प्रशांत कुमार ने लगातार दूसरे दिन इस मुद्दे पर समन्वय बनाये रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल व रेलवे के अन्य अफसरों के साथ बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। डीजीपी ने कहा कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वालों का सत्यापन कराने को कहा है। रेलवे ट्रैक के आस-पास अवैध निर्माण को नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की जाए।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

♦ जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस

**केटी न्यूज/चंदौली**

चंदौली मझवार स्टेशन के समीप बृहस्पतिवार की रात किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के बाद मौके पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज आगे के कार्रवाई में जुट गई। वहीं इसकी सूचना वृद्धि के परिजनों को दे दी,जिससे उनमें कोहराम मच गया। बताते हैं कि बिहार राज्य के कैमूर जिला अंतर्गत रामगढ़ के रहने वाले उमाशंकर ठाकुर 53 बृहस्पतिवार की रात ट्रेन से उतरकर सदर कोतवाली के खगवल गांव स्थित अपनी बेटी के ससुराल जा रहे थे। ज्यों ही प्लेटफॉर्म पर उतरकर रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे उक्त वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के बाद सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मौत की खबर लगते ही बेटी के ससुराल सहित मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

## सुभाषितम्

**विद्धवानो के पत्र मानव के समस्त कथनो से श्रेष्ठ हैं।**
**-फ्रांसिस बेकन**

# पेट्रोलियम कंपनियों का खेल

कई महीनो से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल के दाम लगातार गिर रहे हैं। इसके बाद भी भारतीय तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार मे तेल के दाम घटने के बाद भी रेट नहीं घटाा रही हैं। पेट्रोलियम कंपनियों का यह खेल कई महीनो चल रहा है। पिछले 3 साल से पेट्रोलियम कंपनियों और सरकार ने चुप्पी साध रखी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम बढ़ते थे। तब तेल कंपनियां रोजाना पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ा देती थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम पिछले 3 साल की तुलना में सबसे निचले स्तर पर हैं। 15 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सरकार और तेल कंपनियों ने मिलकर पेट्रोल एवं डीजल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर कम किए थे। उसके बाद से पेट्रोलियम कंपनियों ने डीजल और पेट्रोल के रेट नहीं घटाए हैं। भारत सरकार की नीतियों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी और वृद्धि होने पर तेल की कीमत घटाने और बढ़ाने की नीति है। इसके बाद भी पेट्रोलियम कंपनियां, भारतीय उपभोक्ताओं से खुले आम पेट्रोल डीजल में मुनाफाखोरी और दिनदहाड़े लूट रही हैं। भारत सरकार भी आंख बंद करके बैठी हुई है। भारतीय उपभोक्ता भी इस लूट पर चुपचाप मूकदर्शक बनकर लुट रहा है। इस तरह की लूट शायद भारत में ही संभव है। अन्य देशों में जनता सड़कों पर उतरकर आ जाती है। अभी जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनाव होने वाले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव होने हैं। इस साल के अंत तक या अगले साल के प्रारंभ में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। पिछले 3 सालों से पेट्रोलियम कंपनियों की लगातार लूट चल रही है। अरबो रुपए पेट्रोलियम कंपनियां हर माह भारतीय उपभोक्ताओं के साथ मुनाफाखोरी करके कमा रही हैं। पेट्रोल और डीजल की इस लूट के कारण भारत में महंगाई निरंतर बढ़ रही है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार इंडियन बास्केट में कच्चे तेल के दाम में 20.61 फीसदी की गिरावट आई है। इसके हिसाब से पेट्रोल और डीजल के रेट में 22 से 25 रुपए प्रति लीटर की कमी होनी चाहिए थी। पिछले ढाई साल में पेट्रोलियम कंपनियों ने केवल दो बार ही पेट्रोल डीजल के दाम घटाए हैं। पेट्रोलियम कंपनियों को रिफाइनरी में भी बड़ा फायदा हो रहा है। भारत में लगभग 27 करोड़ टू व्हीलर चलाने वाले उपभोक्ता है। यह गरीब और मध्यम परिवार के उपभोक्ता हैं। दो पहिया वाहन चालक 12000 से 20000 रुपए प्रतिमाह कमाते हैं। इन्हें अपनी नौकरी और मजदूरी के लिए जाने मे वाहन का इस्तेमाल करना पड़ता है। हल्के और भारी वाहनों को जोड़ लिया जाए, तो करीब 33.50 करोड़ उपभोक्ता नियमित रूप से पेट्रोल और डीजल खरीदतें हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम कम होंगे, तो मालभाड़ा भी कम होगा। उपभोक्ता वस्तुओं के दाम घटेंगे। इस तरह की मुनाफाखोरी और लूट पर सरकार की चुप्पी सभी को हैरान कर रही है। अप्रैल 2024 में कच्चे तेल के दाम 89.44 डॉलर प्रति बैरलअंतरराष्ट्रीय बाजार में थे। सितंबर माह में यह घटकर 71 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। सरकार सब कुछ देख और जान रही है। इसके बाद भी सरकार ने चुप्पी साध रखी है। जनता जानना चाहती है, पेट्रोलियम कंपनियों और सरकार के बीच किस तरह का रिश्ता है। विपक्ष ने पेट्रोलियम कंपनियों की मुनाफाखोरी और लूट पर मौन साध रखा है। रोजाना 33 करोड़ उपभोक्ताओं के साथ खुलेआम लूट हो रही है। पिछले तीन सालों मे सरकार की मिली भगत से पेट्रोलियम कंपनियों ने अरबों-खरबों रुपए की लूट खुलेआम की है। सरकार, पेट्रोलियम कंपनियों पर क्यों मेहरबान है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर आम जनता में गुस्सा है। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच महंगाई प्रमुख मुद्दा था। सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण भाजपा को 240 सीटों पर आकर रुक जाना पड़ा। अगले 6 महीने में कई राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं।

## चिंतन-मनन

# जहाँ शांति है वही सुख

यदि हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है शांति। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है। लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी। खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा। अपने बारे में जानना होगा। मैं कौन हूं, कहाँ से आया हूं और हमारे अंदर कौन-कौन सी शक्तियाँ हैं जो हम अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हैं। शांति का सागर परमात्मा है। हम आत्माएँ परमात्मा की संतान हैं। जब हमारे अंदर शांति आएगी तो हमारा विकास होगा। जब विकास होगा तो वहाँ सुख का साम्राज्य होगा। यह प्रक्रिया बिल्कुल सरल और सहज है जिसके जरिए हम यह जान और पहचान सकते हैं। वर्तमान समय अशांति और दुख के भयानक दौर से गुजर रहा है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपने धर्म और शाश्वत सत्य को स्वीकारते हुए शांति के सागर परमात्मा से अपने तार जोड़ें।

# हिन्दी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक

**- संजय गोस्वामी**




हिंदी, भारत की मातृभाषा है। यह सबसे अधिक बोली जाने वाली और सम्मानित भाषाओं में से एक है। भारतीयों के लिए हिंदी एक भाषा नहीं बल्कि एक भावना है। 14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। इस दिन को इसलिए चुना गया क्योंकि यह ब्योहर राजेंद्र सिम्हा की जन्मतिथि है। वह एक प्रमुख हिंदी विद्वान थे और हिंदी को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते थे।हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है। हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।हिंदी दिवस पर, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत कई क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के साथ भाषाई विविधता का देश है। हिंदी दिवस राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में हिंदी को कायम रखते हुए इस विविधता को संरक्षित और सम्मान करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है।14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। हिंदी एक ऐसी भाषा है जिसकी लिपि देवनागरी है। यह भाषा विविध भाषाई और सांस्कृतिक परिदृश्य को एक साथ जोड़ने में एकीकृत भूमिका निभाती है। एक भाषा के रूप में हिंदी संचार के माध्यम के रूप में कार्य करती है जो लोगों और क्षेत्रों को जोड़ती है, राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देती है।हिंदी दिवस 2024 के अवसर पर हमें अपनी भाषा का सम्मान करने और इसके संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने की शपथ ले। हिंदी दिवस का उत्सव भाषाई और सांस्कृतिक बहुलवाद के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।14 सितंबर इसी भावना को मनाने के लिए समर्पित दिन है। भारतीय इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाते हैं, क्योंकि यह देश की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में हिंदी को अपनाने की याद दिलाता है। 26 जनवरी, 1950 को हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाया गया था, उसी दिन जब भारतीय संविधान लागू हुआ था। इस निर्णय को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के माध्यम से औपचारिक रूप दिया गया, जिसने अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी को भारत सरकार की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी, जिसका उपयोग एक संक्रमणकालीन अवधि के लिए किया जाना था।14 सितंबर वह दिन है जब भारतीय हर साल हिंदी दिवस मनाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो हिंदी भाषा के महत्व और योगदान को उजागर करता है।हिंदी दिवस का पहली बार मनाया जाना 1949 में हुआ था। उस समय, भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था। हिंदी दिवस को मनाने का निर्णय इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए लिया गया था।हिंदी भाषा भारत की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह देश की विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने में मदद करती है। हिंदी भाषा का व्यापक रूप से भारत में और दुनिया भर में उपयोग किया जाता है। यह शिक्षा, व्यापार, और सरकारी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में कविता पाठ, नाटक, गायन, और भाषण शामिल होते हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदी भाषा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को हिंदी भाषा का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है।हिंदी दिवस का भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। यह हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। हिंदी भाषा का उपयोग बढ़ने से देश की एकता और राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करने में मदद मिली है। हिंदी भाषा का व्यापक उपयोग भारत के विकास और प्रगति में भी योगदान देता है।हिंदी दिवस भारत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करता है और इसके विकास को बढ़ावा देता है। हिंदी भाषा का उपयोग बढ़ने से भारत की एकता और राष्ट्रीय पहचान मजबूत होती है। हमें हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा का सम्मान करना चाहिए और इसका उपयोग बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। समय के साथ, आधुनिकीकरण के इस दौर में विकसित होने के साथ-साथ हमारा हिंदी का ज्ञान भी कम होता जा रहा है। इस प्रकार, हिंदी दिवस का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण हिंदी को एक भाषा के रूप में बढ़ावा देना है। दूसरा कारण राष्ट्र में भाषाई इकाइयों को बढ़ावा देना है। हिंदी दिवस का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना भी है। इससे हम अपनी राष्ट्रीय पहचान, शिक्षा और साक्षरता की रक्षा कर सकते हैं। दार्शनिकों और महान शिक्षाविदों ने कहा है कि जो राष्ट्र अपनी भाषा का सम्मान और पालन नहीं करता, उसका विनाश आसान होता है। हिंदी ने साहित्य, कला, संगीत, और फिल्म उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हिंदी साहित्य की अनगिनत रचनाएँ, जैसे कि प्रेमचंद की कहानियाँ, हरिवंश राय बच्चन की कविताएँ, और अनेक आधुनिक लेखकों की कृतियाँ, हमारे मन और आत्मा को छू जाती हैं। हिंदी भाषा ने हमें एक समान मंच प्रदान किया है जहां हम अपनी भावनाओं, विचारों और संस्कारों को साझा कर सकते हैं।हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका केवल साहित्यिक या सांस्कृतिक संदर्भ में ही नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक और राष्ट्रीय एकता को भी सुदृढ़ करती है। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में, हिंदी एक ऐसा साझा माध्यम है जो विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच समझ और संवाद का पुल तैयार करता है। इस प्रकार, हमें अपनी विरासत को जीवित रखना चाहिए और अपनी भावी पीढ़ियों और उनकी जड़ों के ज्ञान को मजबूत करने के लिए इसका पालन करना चाहिए। आइए मिलकर इस हिंदी दिवस को मनाएं।

# वामपंथियों के अटल बिहारी जैसे थे येचुरी

**- राकेश अचल**

` जाना सभी को है ,लेकिन जिस दौर में कामरेड सीताराम येचुरी गए हैं वो सबसे कठिन दौर है और इस दौर में कामरेड सीताराम येचुरी की बहुत जरूरत थी। सीताराम येचुरी का जाना फिलाहल एक बड़ा शून्य पैदा कर गया है ,जिसे भरने में कुछ वक्त तो लगेगा ही। मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक थे सीताराम येचुरी । सीताराम से पहली राम-राम कब हुई मुझे याद नहीं ,लेकिन वे जब भी ग्वालियर आये ऐसे मिले जैसे बरसों स बिछुड़े हुए हों। सहज,सरल ,सौम्य सीतारम येचुरी से मिलना सुखानुभूति से भर देता था। वे भयंकर अध्येता थे और भाषण देते -देते उनके भीतर का आक्रोश कब उनकी मोटी नाक पर झलकने लगता था उनकी उत्तेजना में भी सौम्यता टपकती थी। कोई माने या न माने लेकिन मुझे वे वामपंथियों के अटल बिहारी बाजपेयी लगते थे। उनकी सभी दलों के नेताओं से दोस्ती थी,जिनसे दोस्ती नहीं थी उनसे भी उनका संवाद था ,लेकिन वे अपनी विचारधारा पर हिमालय की तरह डटे रहने वाले कम्युनिष्ट थे। मै तमाम कम्युनिष्ट नेताओं से मिला हूँ। पुरानी पीढ़ी के कामरेड वी टी रणदिवे और कामरेड हरिकिशन सिंह सुरजीत से भी मै मिला हूँ। उनके साथ लम्बी गपशप की है ,लेकिन सीतारम येचुरी इस कड़ी में सबसे अलग कामरेड थे। कोई आधी सदी तक उन्होंने अपनी पार्टी के माध्यम से देश की सेवा की ,और जमकर की।

मुझे याद आता है इमरजेंसी का वो दौर जब सीताराम येचुरी माकपा के मंच पर एक युवा नेता के रूप में उभरे थे । आपाताकाल में वे जेल गए और उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के सामने निंदा पत्र पढ़ा था। अब न इंदिरा गांधी जैसा कोई प्रधानमंत्री हो सकता है और न सीता जैसा कोई युवा नेता। कम्युनिस्ट रहने के बावजूद सीताराम येचुरी सिद्धांतवादी रहे लेकिन उन्होंने कभी भी हठधर्मी नहीं नहीं दिखाई उन्होंने 2015 से पार्टी की अगुवाई कर रहे थे । मुझे याद आता है कि सीताराम 1992 से पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य थे. कम्युनिस्ट होते हुए भी वो एक मध्यमार्गी नेता की तरह थे जिन्हें थोड़ा उदारवादी और बीच का रास्ता अपनाने वाला माना जाता था। सीताराम ने अपनी पार्टी का नेतृव उस समय सम्हाला था जब पूरे देश में माकपा का सूरज ढल रहा था,लेकिन वे निराश नहीं थे । मै जब भी उनसे मिला वे कहते थे कि सिर्फ पार्टी के सामने ही नहीं बल्कि देश के सामने भी बड़ी चुनौतियां हैं. हाल के दिनों में जो हमारी हार हुई है उसके सुधारने के लिए हमें जनाधार सुधारने की जरूरत है। जब वे पहली बार पार्टी के मुखिया बने तब उन्होंने कहा था कि हमें पार्टी को स्वतंत्र रूप से और मजबूत करना होगा यहीं हमारी प्राथमिकता होगी. हमें इसके आधार पर जनआंदोलन छेड़ते हुए जनता के साथ जुड़ाव को और मजबूत करना है। सीताराम येचुरी राजनीति में गठबंधन के धर्म और उसकी जरूरत को समझते थे । वे अक्सर कहते थे कि देश के अलग-अलग प्रांतों में हालात समान नहीं हैं ना ही मुद्दे समान हैं। इसीलिए अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग गठबंधन की गुंजाइश है। उन्होंने इस दिशा में कोशिश भी की। सीताराम येचुरी जमीन की हकीकत से वाकिफ थे,उन्हें अपनी पार्टी की ताकत का भी अहसास था। उन्होंने कहा था की 2024 के चुनावों में हमारा पहला लक्ष्य है कि आरएसएस और भाजपा की सत्ता को हटाना है हम समझते हैं देश की जनता और एकता और अखंडता के लिए ये अनिवार्य है। यही बात इन्होने 2019 के आम चुनावों से पहले भी दोहराई थी ,लेकिन इत्तफाक देखिये कि दोनों ही आम चुनावों में उनका सपना पूरा नहीं हो पाया ,लेकिन वे विपक्ष की मजबूती से खुश भी थे और उत्साहित भी थे। मुझसे उम्र में कोई सात साल बड़े कामरेड सीताराम एचडी से मेरी मुलाकात एक पत्रकार के रूप में दर्जनों बार हुई। वे जब भी ग्वालियर आते थे ,तब शायद ही कोई ऐसा अवसर रहा हो जब मै उनसे न मिला हूँ। माकपा के हमारे पुराने साथी कामरेड शैलेन्द्र शैली और बदल सरोज ने उन्हें न जाने कितनी बार ग्वालियर बुलाया । वे हर संघर्ष में ग्वालियर के साथ रहे। जैसा कि मैंने कहा कि सीताराम येचुरी से मिलना अपने किसी सखा से मिलने जैसा था । वे बातचीत में कभी ये महसूस ही नहीं होने देते की वे एक बड़े नेता है। उनका पहनावा ,उनका खानपान एक दम सहज इँ। अक्सर ऐसा लगता की सीताराम येचुरी बोलते रहें और हम सुनते रहे। उनकी हिंदी का उच्चारण बड़ा मीठा था । हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं थी ,लेकिन उन्होंने हिंदी को कभी अपने सम्पर्कों में अवरोध नहीं बनने दिया। वे देश के राजनितिक मंचों पर सभी के साथ खड़े नजर आते थे। विपक्षी एकता के लिए उनकी कोशिशें अविस्मरणीय मानी जायेंगीं। इस कोशिश में यदाकदा उन्हें अपनी पार्टी में असहमतियों का समाना करना पड़ा होगा लेकिन वे रुके नहीं। थके नहीं। दिल्ली में दो सीतारमण को जानता था । दोनों ही जेएनयू के थ। एक सीतराम बिहारी थे और एक तमिलनाडु के। कामरेड सीताराम येचुरी जल्दी चले गये । अभी उनके जाने की उम्र नहीं थी ,लेकिन उन्हें जाना था। वे अपने साथ यश,कीर्ति के अलावा कुछ नहीं ले गये । अपनी देह भी नहीं। उनकी इच्छा के अनुसार इनकी पार्थिव देह भी एम्स के छात्रों के शोध अध्ययन के लिए समर्पित कर दी गयी। वैसे भी उनके पास अपना कुछ था भी नहीं। उनका छोटा और सुखी परिवार जरूर था। लेकिन कोरोना ने उनके इस सुख को छीन लिया था। कोरोना से सीताराम येचुरी के बड़े बेटे आशीष का निधन हो गया था , वह महज 35 साल के थे। दीगर नेताओं की तरह उनका परिवार कभी उनके आगे - पीछे नजर नहीं आता था। सब अपने-अपने काम में व्यस्त रहते थे।

कामरेड सीताराम येचुरी केवल एक राजनेता ही नहीं थे बल्कि वह अर्थशास्त्री, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार और लेखक भी थे । वह विभिन्न अखबारों को लगातार कॉलम लिखते रहे। राजनीति में भी उनकी राय को अहम माना माना जाता है। उन्होंने कई किताबें लिखी है, इसमें ह्ययह हिन्दू राष्ट्र क्या हैह्व, घृणा की राजनीतिह्व, ह्व21वीं सदी का समाजवादह्व जैसी किताबें अहम मानी जा रही है। मेरी स्मृतियों में वे लमबे समय तक रहने वाले है।

# पेरिस पैरालंपिक के संदेश को समझना जरूरी

**-आर.के.सिन्हा**

पेरिस में ओलंपिक खेलों में लचर प्रदर्शन के बाद पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन से सारा देश खुश है। हमारे एथलीटों ने अपने उल्लेखनीय और शानदार अविश्वसनीय प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने शारीरिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने उल्लेखनीय खेल से हरेक भारतीय प्रेरित किया है। भारत ने पैरालंपिक में 29 पदकों (सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य) जीते, जो कि अबतक का एक रिकॉर्ड है। इसमें कोई शक नहीं है कि पदक तालिका में भारत का 18वां स्थान, सरकार द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी का ही प्रमाण है। इस पैरालंपिक में भारतीय कोचों और सहायक कोच भी पेरिस में खिलाड़ियों को हर तरह के सहयोग के लिए पर्याप्त संख्या में मौजूद थे। पहली बार भारतीय एथलीटों के लिए खेल गांव में एक स्पेशल रिकवरी सेंटर बनाया गया था। इससे खिलाड़ियों को चोटों से उबरने और अपनी फिटनेस को तेजी से सुधारने में मदद मिली, जिससे वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख सके।भारत ने पेरिस पैरालंपिक में 77 कोच और सहयोगी स्टाफ भेजे, जो टोक्यो पैरालंपिक में भेजे गए 45 कोच और सहयोगी स्टाफ से कहीं ज्यादा थे। इससे खिलाड़ियों को बेहतर मार्गदर्शन और देखभाल मिली, जिसका सीधा असर उनके प्रदर्शन पर पड़ा। पैरालंपिक में देश की भागीदारी ने केवल 16 वर्षों में एक उल्लेखनीय छलांग लगाई है। 2008 में बीजिंग पैरालंपिक में पाँच एथलीटों के मुकाबले अब भारतीय दल 84 हो गया है। बीते रविवार को खेलों की समाप्ति से पहले भारत के पैरालंपियनों ने एक भारतीय रेस्तरां में सुस्वादु भोजन का आनंद भी लिया। हमारे खिलाड़ी जश्न के मूड में थे। ये जश्न मनाने के हकदार भी थे। यदि 2021 के टोक्यो पैरालंपिक में ही भारत ने संकेत दे दिए थे कि अब भारत पैरा स्पोर्ट्स के शिखर पर जाने को बेताब है।तो 2024 के पेरिस पैरालंपिक उस ख्वाब को भी हमारे दिव्यांग खिलाडियों ने काफी तक सच भी साबित कर दिया। एक दौर था जब भारत इन खेलों में दो-चार पदक ही ले पाता था। पर अब वह दिन चले गए। भारत अब दो अंकों में पदक हासिल कर रहा है और आसानी से अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ रहा है। बेशक, पिछले टोक्यो खेलों में भारत के 19 पदक के प्रदर्शन ने देश में पैरालंपिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक लंबी छलांग लगाई थी। इस अर्थ में, पेरिस में यह देखना था कि क्या भारत इन खेलों में तेजी से आगे बढ़ रहा है अथवा नहीं। पैरालंपिक में हमारे श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही देश और समाज को दिव्यांगों के प्रति अधिक उदार और मानवीय रवैया अपनाना होगा। अभी भी दिव्यांगों के हक में बहुत कुछ किया जाना शेष है। क्या हमारे देश में दिव्यांगों विकलांगों के मन-माफिक घरों या कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है? कतई नहीं। अब लक्जरी होम, सी-फेसिंग फ्लैट, एलिट होम वगैरह के दौर में कितने बिल्डर और आर्किटेक्ट सोचते भी हैं दिव्यांगों के मन-माफिक घर बनाने के संबंध में। वास्तव में, बहुत ही कम। अफसोस है कि हमारे यहां दिव्यांगो के लिए हाई-राइस बिल्डिंगों और दूसरे घरों में पर्याप्त जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर सही ढंग नहीं सोचा जा रहा। दिव्यांगों को लेकर रीयल एस्टेट कंपनियों और आर्किटेक्ट बिरादरी को ज्यादा संवेदनशील रुख अपनाना ही होगा।

# आज का राशिफल

**मेष** आज करियर के मामले में लाभ होगा और हर कार्य में सफलता प्राप्त होने का दिन है।

**तुला** आज लाभ होगा और आपके आनंद में वृद्धि होगी। आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा।

**वृषभ** आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन संतोष और शांति के साथ आनंद में बीतेगा।

**वृश्चिक** आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन** करियर में हर फैसला सोचकर लेने की सलाह है। आपके लिए नुकसान के योग बन रहे हैं।

**धनु** आज लाभ होगा और आपको करियर के मामले में भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क** आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**मकर** आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास सफल होंगे और आपको लाभ होगा।

**सिंह** आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता और सम्मान से आपको लाभ होगा।

**कुंभ** अकारण शत्रुपत्ति हो सकती है। अपनी बुद्धि द्वारा किये कार्यों में ही हानि हो सकती है।

**कन्या** आपके रोजगार के क्षेत्र में जारी प्रयास सफल होंगे। अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

**मीन** आज दिन परेशानियों से भरा होगा और कोई खास चिंता आपको पूरा दिन परेशान करेगी।

## विशेष

# डॉक्टरों ने आदेश नहीं माना

सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के जूनियर डॉक्टरों को काम पर लौटने का आदेश दिया था। पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नहीं माना। पश्चिम बंगाल की सरकार ने जूनियर डॉक्टरों को बातचीत करने के लिए बुलाया था। जूनियर डॉक्टर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी बात करने के लिए नहीं पहुंचे। जूनियर डॉक्टरों को जब केंद्रीय सत्ता पक्ष का समर्थन हो, तो उनमें डर भी किसी बात का नहीं होगा। सीबीआई को हत्या और गैंगरेप की जांच दी थी। सीबीआई इतने दिनों बाद भी मामला हल नहीं कर पाई। उल्टे वह भ्रष्टाचार की जांच कर रही है। आसानी से समझा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट जो आदेश और निर्देश देती है। उसे ना तो सरकार सुन रही है। नाही जनता सुन रही है। ऐसी हालत न्यायपालिका की क्यों हुई।

# सीजफायर का उल्लंघन कर पाक ने की घाटी में फायरिंग

जम्मू कश्मीर में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान का रिश्ता ही ऐसा है। जब भारत में चुनाव होते हैं। तब पाकिस्तान सक्रिय हो जाता है। जब पाकिस्तान में चुनाव होते हैं, तो भारत सक्रिय हो जाता है। पाकिस्तान की सेना ने 7 माह के बाद भारतीय सुरक्षा बलों पर गोली चलाकर सीजफायर का उल्लंघन किया है। कश्मीर के अखनूर इलाके पर पाक सेना ने गोलीबारी की है। जिसका जवाब भारत की सेना ने दिया है। जम्मू कश्मीर का चुनाव इसके बिना संभव ही नहीं है। चुनाव जीतना है, तो हर टोटके का इस्तेमाल तो करना ही होगा।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1673: तुर्की ने हंगरी पर हमला किया. 1752: ब्रिटेन में ग्रेगोरियन कैलेंडर को स्वीकार किया गया. 1774: रूसी तख्त के दावेदार पुगाचोफ मौत के घाट उतार दिए गए. 1842: नेपोलियन बोनापार्ट मास्को पहुंचे और वहाँ के निवासियों ने पूरे शहर में आग लगा दी. 1829: रूस तुर्की युद्ध समाप्त हुआ. 1831: लार्ड लेक ने दिल्ली पर कब्जा किया . 1917: रूसी प्रधानमंत्री पीटर स्टोलिपिन की हत्या कर दी गई. 1924: मिगुएल प्राइमो डी रिविरा स्पेन के तानाशाह बने. 1972: अमरीकी सीनेट के पांच वर्ष तक परमाणु हथियारों पर रोक लगाने के अमरीका सोवियत संघ के समझौते को मंजूरी दी. 1982: लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमाइल की पूर्वी बेरूत में बम विस्फोट में मृत्यु. 1988: बर्मा के राष्ट्रपति मांग मांग के इस्तीफे की मांग करते हुए लाखों लोगों ने प्रदर्शन किया.

## दैनिक पंचांग

**14 सितम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.01 बजे से |
| चंद्र | मकर में | तुला | 08.12 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.26 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.42 बजे से |
| गुरु | वृष में | मकर | 14.47 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | कुंभ | 16.34 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.07 बजे से |
| राहु | मीन में | मेष | 19.37 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृष | 21.17 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.15 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | कर्क | 01.29 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.45 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 258 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 20.42 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 20.33 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 18.17 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 09.42 बजे तदनन्तर विष्टि 20.42 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 18' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872102 **जूलियन दिन** 2460567.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 10 **विशेष** जलझूलनी ग्यारस, पार्श्व एकादशी, हिंदी दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore



## परिवर्तिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को लगाएं इन चीजों का भोग, घर आएगी सुख-समृद्धि

**भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को परिवर्तिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस साल परिवर्तिनी एकादशी 14 सितंबर, दिन शनिवार को पड़ रही है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य ने बताया कि परिवर्तिनी एकादशी के दिन पूजा के बाद भगवान विष्णु को किन चीजों का भोग लगाना चाहिए।**

परिवर्तिनी एकादशी 2024 पर भगवान विष्णु को लगाएं घी-शक्कर का भोग घी का संबंध बृहस्पति और सूर्य ग्रह से है। ऐसे में भगवान विष्णु को परिवर्तिनी एकादशी के दिन घी का भोग लगाने से दोनों ग्रह मजबूत होते हैं। वहीं, घी में शक्कर मिलाकर भोग लगाने से पारिवारिक रिश्तों में मिठास बनी रहती है।

### परिवर्तिनी एकादशी पर भगवान विष्णु को लगाएं दही का भोग

भाद्रपद माह में दही खाना शुभ माना जाता है। ऐसे में परिवर्तिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को दही या दही से बनी चीजों का भोग लगाने से घर में शुभता का आगमन होता है और घर में शांति एवं सकारात्मकता बनी रहती है।

### भगवान विष्णु को लगाएं नारियल का भोग

नारियल को धन-वैभव एवं संतान का प्रतीक माना जाता है परिवर्तिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को नारियल या उससे बने किसी भी खाद्य पदार्थ का भोग लगाने से घर धन-धान्य से भरा रहता है और संतान की उन्नति होती है।

### भगवान विष्णु को लगाएं पंचमेवा का भोग

साल की सभी 24 एकादशियों पर भगवान विष्णु को पंचमेवा का भोग अवश्य लगाना चाहिए। ठीक ऐसे ही परिवर्तिनी एकादशी के दिन भी भगवान विष्णु को पंचमेवा का भोग लगाना चाहिए। इससे घर में घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



### 17 सितंबर को मनाई जाएगी

# विश्वकर्मा जयंती

## सही तिथि और पूजा का शुभ मुहूर्त

विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर को पूरे विधि-विधान के साथ मनाई जाएगी। इस दिन सृष्टि का निर्माण कार्य करने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाती है और उनकी पूजा की जाती है। सभी मजदूर और मशीन पर काम करने वाले कुशल कामगार अपनी मशीनों की पूजा करते हैं और साथ ही भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं। ब्रह्मांड के पहले इंजीनियर कहे जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की जयंती हर साल 17 सितंबर को मनाई जाती है। इस दिन हर कारखाने, फैक्ट्री और दुकानों में उनकी धूमधाम से पूजा की जाती है। इस दिन औजार से जुड़ा काम करने वाले कुशल मजदूर और कामगार औजार का प्रयोग नहीं करते बल्कि उनकी पूजा करके उन्हें एक दिन के आराम देते हैं। इस दिन फैक्ट्रियों में सभी मशीनों और कलपुर्जों की पूजा की जाती है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग विश्वकर्माजी को अपना भगवान मानते हैं और उनकी पूजा करते हैं।

### विश्वकर्मा पूजा 2024 तिथि

विश्वकर्मा पूजा को लेकर लोगों के बीच में इस बार कन्फ्यूजन की स्थिति बनी हुई है। हर साल भाद्रपद मास में सूर्य जब सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में प्रवेश करते हैं तो विश्वकर्मा पूजा मनाई जाती है। हर साल 17 सितंबर को यह पूजा की जाती है। लेकिन इस बार लोगों के मन में 16 सितंबर को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है। इस बार सूर्य 16 सितंबर की शाम को 7 बजकर 29 मिनट पर कन्या राशि में प्रवेश कर रहे हैं। इसलिए विश्वकर्मा जयंती अगले दिन यानी कि 17 सितंबर को मनाई जाएगी। बिहार, बंगाल और झारखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश में विश्वकर्मा पूजा विधिविधान से की जाती है। इस दिन कुशल कामगार जैसे कारपेंटर, बिजली के उपकरणों को सही करने वाले या फिर अन्य तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोग भी भगवान विश्वकर्मा को भोग प्रसाद चढ़ाते हैं और उनकी पूजा करते हैं।

### विश्वकर्मा पूजा का महत्व

विश्वकर्मा पूजा न सिर्फ मजदूरों और कामगारों बल्कि हम सभी के लिए भी जरूरी मानी जाती है। आज के युग में हर व्यक्ति मोबाइल और लैपटॉप के बिना अपना काम नहीं कर पाता है। इसलिए ये भी एक प्रकार की मशीन हैं और इनका प्रयोग करने वाले सभी लोगों के लिए भी विश्वकर्मा पूजा का महत्व बहुत खास माना गया है। इसलिए विश्वकर्मा पूजा के दिन हम सभी को पूजा करनी चाहिए और साथ ही यह भी प्रार्थना करनी चाहिए कि हम जिस भी मशीन से जुड़ा काम करते हैं साल भर वह मशीन ठीक से सुचारू रूप से कार्य करे, ताकि हमारे रोजाना के काम में बाधा न आएं।
विश्वकर्मा पूजाविधि विश्वकर्मा पूजा के दिन सुबह सबसे पहले मशीनों की खूब अच्छे से साफ-सफाई करें और उसके बाद इन मशीनों को ऑफ करके इनकी पूजा करें। भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर या मूर्ति को मशीनों के पास में रखकर साथ में दोनों की पूजा करनी चाहिए। इस दिन मशीनों के साथ-साथ आपको अपने वाहनों की पूजा करनी चाहिए। इस दिन घर की सभी छोटी-बड़ी मशीनों की पूजा करनी चाहिए और साथ ही आपको भोग व प्रसाद भी इस दिन चढ़ाना चाहिए। विश्वकर्मा पूजा के दिन आपको घर की बनी शुद्ध चीजों का ही भोग लगाना चाहिए। इनमें मोतीचूर के लड्डू, मीठी बूंदी, चावल की खीर या हलवे का भोग आप लगा सकते हैं।

### विश्वकर्मा पूजा विधि

- सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति या तस्वीर पर फूल, चंदन, रोली (लाल पवित्र पाउडर) और अक्षत (अखंडित चावल) चढ़ाएं.
- धूप और दीप जलाएं और मिठाई और फल चढ़ाते हुए भगवान का ध्यान करें.
- इसके बाद, आप विश्वकर्मा चालीसा का पाठ कर सकते हैं, आरती कर सकते हैं और अन्य भजन पढ़ सकते हैं.
- परिवार के सदस्यों के बीच प्रसाद वितरित करें और अपने काम में सफलता और समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना करें.
- विश्वकर्मा जयंती पर, अनुष्ठान करने और उचित तरीके से भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से व्यापार में उन्नति और सफलता मिलती है. ऐसा माना जाता है कि तकनीकी क्षेत्रों से जुड़े लोग जो इस दिन अपने औजारों और शस्त्रों के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं, उन्हें पूरे वर्ष अपने औजारों और उपकरणों के साथ सुचारू रूप से काम करने में किसी भी बाधा का सामना नहीं करना पड़ता है.



## विश्वकर्मा पूजा के दिन चुपचाप करें 3 उपाय भरी रहेगी तिजोरी!

सभी देवी-देवताओं में भगवान विश्वकर्मा जी का खास स्थान है। माना जाता है कि जब ब्रह्माजी ने इस सृष्टि की रचना की थी, तो इसे सजाने-संवारने का काम भगवान विश्वकर्मा को ही दिया था। इसलिए विश्वकर्मा देव को इस सृष्टि का शिल्पकार भी कहा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भाद्रपद माह में जब सूर्य देव ने कन्या राशि में गोचर यानी प्रवेश किया था, तो उसी समय विश्वकर्मा जी का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल सूर्य गोचर के दिन विश्वकर्मा जयंती का पर्व मनाया जाता है।

### विश्वकर्मा जयंती के प्रभावशाली उपाय

- विश्वकर्मा जयंती की पूजा जोड़े में प्रातः काल करनी लाभदायक होती है। यदि आपको पैसों की कमी का सामना करना पड़ रहा है या परिवार में सुख-शांति नहीं रहती है, तो इसके लिए प्रातः काल स्नान आदि कार्य करने के बाद घर के मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर स्थापित करें। उनके सामने कलश रखें। उसमें जल भरें। इसके बाद देवता को अक्षत, फल, फूलों से बनी माला, चंदन, सुपारी और पीली सरसों अर्पित करें। इस उपाय को यदि आप सच्चे मन से करते हैं, तो जल्द ही आपको अपनी सभी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।
- भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से पहले विष्णु जी की आराधना करना जरूरी होता है। देवताओं की विधिपूर्वक पूजा करने के बाद अपने घर की चारों दिशाओं में पीली सरसों को छिड़काव करें। अपने और परिवार के हर सदस्य के हाथ पर रक्षा सूत्र बांधे। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस उपाय से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाती है और धन प्राप्ति की राह में जो बाधाएं आ रही होती हैं, वो समाप्त होने लगती हैं।
- विश्वकर्मा जयंती के दिन भगवान की उपासना करने के बाद अपने हाथ में फूल और अक्षत लें। विश्वकर्मा जी को समर्पित मंत्रों का तीन या चार बार जाप करें। इसके बाद हाथ में मौजूद अक्षत को घर की चारों दिशाओं में छिड़क दें। इससे घर में सकारात्मकता का वास होगा और घरवालों के स्वास्थ्य में भी सुधार होने लगेगा।

## परिवर्तिनी एकादशी के दिन जरूर करें इन चीजों का दान, मां लक्ष्मी होती हैं प्रसन्न!

परिवर्तिनी एकादशी का व्रत हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित होता है. यह व्रत भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है. मान्यता है कि इस व्रत को करने से सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है. इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और व्रत रखा जाता है. परिवर्तिनी एकादशी को जलझूलनी एकादशी भी कहते हैं. इस एकादशी को बहुत ही पवित्र माना जाता है.
परिवर्तिनी एकादशी पर करें इन चीजों का दान

**अन्न का दान** - परिवर्तिनी एकादशी पर चावल, गेहूं, दालें आदि अन्न का दान करना बहुत शुभ माना जाता है. मान्यता है कि ऐसा करने से घर में कभी अन्न की कमी नहीं होती है.

**जल का दान** - जल और अन्न के दान को सबसे बड़ा दान माना जाता है. मान्यता के अनुसार, जल दान करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है. इसलिए एकादशी पर जल का दान अच्छा माना जाता है.

**वस्त्रों का दान** - परिवर्तिनी एकादशी पर कपड़ों का दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है. इस दिन पीले वस्त्र और कंबल आदि का भी दान करना चाहिए. मान्यता है कि ऐसा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं.

**धन का दान** - परिवर्तिनी एकादशी पर अपनी क्षमता के अनुसार किसी जरूरतमंद को धन का दान भी जरूर करना चाहिए.

**फलों का दान** - परिवर्तिनी एकादशी पर फलों जैसे केला, सेब, संतरा आदि का दान करना चाहिए. इस दिन फलों का दान करना बहुत शुभ माना जाता है.

**मिठाई का दान** - परिवर्तिनी एकादशी पर मिठाई जैसे मोतीचूर लड्डू, पेड़ा आदि का भी दान करना बहुत अच्छा माना जाता है. इसलिए इस दिन मिठाई का भी दान करना चाहिए.

**तुलसी के पौधे का दान** - परिवर्तिनी एकादशी पर तुलसी का पौधा दान करना बहुत शुभ माना जाता है.

**किताबों का दान** - परिवर्तिनी एकादशी के दिन धार्मिक ग्रंथों या किताबों का दान करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. इस दिन अगर संभव हो तो धार्मिक किताबों का दान जरूर करें. मान्यता है कि ऐसा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती है.



## बहुत ही सरल है परिवर्तिनी एकादशी की पूजा विधि, व्रत करने से पापों से मिलेगी मुक्ति

भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को परिवर्तिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। पंचांग के अनुसार इस वर्ष 14 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी व्रत किया जाएगा। अगर आप जीवन के पापों से मुक्ति पाना चाहते हैं तो परिवर्तिनी एकादशी व्रत जरूर करें। इस व्रत को करने से सभी पाप दूर होते हैं और श्री हरि प्रसन्न होते हैं। सनातन शास्त्रों में परिवर्तिनी एकादशी के महत्व का विशेष उल्लेख किया गया है। इस खास अवसर पर भगवान विष्णु और धन की देवी मां लक्ष्मी की उपासना की जाती है। साथ ही जीवन के पापों से छुटकारा पाने के लिए व्रत भी किया जाता है। मान्यता है कि परिवर्तिनी एकादशी के दिन विधिपूर्वक श्रीहरि की पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और विष्णु जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। चलिए इस लेख में जानते हैं कि परिवर्तिनी एकादशी पर किस तरह प्रभु की उपासना करना जातक के लिए फलदायी साबित होगा।
पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि शनिवार 13 सितंबर को रात 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इस तिथि का समापन रविवार 14 सितंबर को रात 08 बजकर 41 मिनट पर होगा। ऐसे में 14 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी व्रत किया जाएगा। एकादशी व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी में किया जाता है। 15 सितंबर को परिवर्तिनी एकादशी व्रत का पारण सुबह 06 बजकर 06 मिनट से लेकर 08 बजकर 34 मिनट तक कर सकते हैं।

### ऐसे करें भगवान विष्णु की पूजा

- परिवर्तिनी एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठें और दिन की शुरुआत विष्णु जी के ध्यान से करें।
- इसके बाद स्नान कर पीले वस्त्र धारण करें।
- मंदिर की सफाई करें।
- सच्चे मन से व्रत का संकल्प लें।
- इसके बाद चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की मूर्ति को स्थापित करें।
- अब फूलमाला अर्पित करें।
- घी का दीपक जलाएं और विधिपूर्वक आरती करें। प्रभु के मंत्रो का जप भी करना चाहिए।
- विष्णु चालीसा और व्रत कथा का पाठ करें।
- प्रभु को पंचामृत और फल समेत आदि चीजों का भोग लगाएं।
- व्रत का पारण द्वादशी तिथि में करें।

### इन मंत्रों का करें जप

1. ऊँ श्री त्रिपुराय विद्महे तुलसी पत्राय
धीमहि तन्नोः तुलसी प्रचोदयात।
2. तुलसीदेव्यै च विद्महे, विष्णुप्रियायै
च धीमहि, तन्नो वृन्दा प्रचोदयात् ।।
3. तुलसी श्रीर्महालक्ष्मीर्विद्याविद्या यशस्विनी।
धर्म्या धर्मानना देवी देवीदेवमनः प्रिया ।।
लभते सुतरां भक्तिमन्ते विष्णुपदं लभेत।
तुलसी भूर्महालक्ष्मीः पद्मिनी श्रीर्हरप्रिया ।।

## संक्षिप्त समाचार

### 16 भुजी मां दुर्गा के दिउड़ी मंदिर पर ताला जड़ने की वजह क्या है

**रांची, एजेंसी।** रांची जिले के तमाड़ प्रखंड में स्थित है प्राचीन दिउड़ी मंदिर, जिसका निर्माण लगभग 700 साल पहले कराया गया था. इस मंदिर की खासियत यह है कि यहां के 15 पुजारियों में से आधे ब्राह्मण और आधे आदिवासी पाहन हैं. स्थानीय लोगों के लिए यह मंदिर उनकी आस्था का केंद्र है और बड़े-बड़े सेलिब्रेटी भी यहां आकर पूजा करते हैं जिसमें महेंद्र सिंह धोनी का नाम सबसे ऊपर है. लेकिन पिछले कुछ दिनों से यह मंदिर विवाद का केंद्र बन गया है और स्थिति यह है कि शुक्रवार छह सितंबर को कुछ लोगों ने मंदिर में ताला जड़ दिया था. मंदिर से जुड़ा विवाद क्या है यह जानने के लिए हमने विभिन्न पक्षों से बात की और जानने की कोशिश की कि आखिर मामला क्या है रांची के दिउड़ी मंदिर का निर्माण तमाड़ के राजा ने करवाया था. मां दुर्गा के इस मंदिर का स्थापत्य ओडिशा की स्थापत्य कला से मिलता-जुलता नजर आता है. इस मंदिर का निर्माण बड़े-बड़े चट्टानों से किया गया है, किसी भी चट्टान को जोड़ने के लिए सीमेंट या किसी भी अन्य सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया है. यहां बड़े-बड़े चट्टानों पर कलाकारी की गई है. आदिवासियों का दावा है कि इस मंदिर का निर्माण मुंडा राजा खैरा ने कराया था. इस मंदिर से लोगों की आस्था जुड़ी है और यह काफी प्राचीन मंदिर भी है, जिसकी वजह से यहां सैकड़ों लोग रोज दर्शन के लिए आते हैं. यही वजह है कि पर्यटन विभाग ने मंदिर के सुंदरीकरण के लिए आठ करोड़ रुपए का फंड जारी किया है, जिसके जरिए मंदिर और मंदिर परिसर में कई निर्माण कार्य होना है. मंदिर की देखभाल के लिए 2021 में ट्रस्ट का गठन किया गया, जिसके अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी मोहन लाल मरांडी हैं, उनके अलावा ट्रस्ट में सीओ, मुख्य पुजारी नरसिंह पंडा (कोषाध्यक्ष) और मुख्य पाहन सुखराम मुंडा (उपकोषाध्यक्ष) भी शामिल हैं. आदिवासी समन्वय समिति के लक्ष्मी नारायण मुंडा का कहना है कि दिउड़ी मंदिर का हिंदूकरण किया जा रहा है जबकि यह आदिवासियों का मंदिर है. यहां आदिवासी पाहन ही पूजा कराते हैं, जब तमाड़ के राजा यहां पूजा करने आते थे, तो वे अपने साथ पंडा को लेकर आते थे और उस वक्त वह पूजा कराता था. यह मंदिर मुंडारी खूंटकटी जमीन है ( आदिवासियों द्वारा जंगल साफ कर बनाई गई जमीन) इसपर किसी ब्राह्मण का अधिकार कैसे हो सकता है दूसरा यह कि यहां मंदिर ट्रस्ट का निर्माण गलत तरीके से किया गया है, ना तो उसे ग्राम सभा ने पास किया है और ना ही उसमें स्थानीय लोगों की भागीदारी है. यह आदिवासियों का सरना स्थल है, इसलिए हम ट्रस्ट को भंग करने की मांग कर रहे हैं. हमारे पास इससे संबंधित तमाम दस्तावेज भी मौजूद हैं.

### गोविंदपुर यूजी बंद करने के बिंदु पर जीएम ने लिया सुझाव

**रांची, एजेंसी।** सीसीएल कथारा स्थित ऑफिसर्स क्लब में गुरुवार को जीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्र की गोविंदपुर यूजी माइंस बंद करने को लेकर एसीसी सदस्यों से सुझाव लिया गया. सीसीएल कथारा स्थित ऑफिसर्स क्लब में गुरुवार को क्षेत्र के गोविंदपुर यूजी माइंस बंद करने सहित कई मुख्य बिंदुओं को लेकर एसीसी सदस्यों के साथ जीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई. जीएम संजय कुमार ने एसीसी सदस्यों के समक्ष क्षेत्र के उत्पादन, उत्पादकता एवं डिस्पैच की विस्तृत जानकारी दी. कहा कि इस वर्ष कोयले का वार्षिक उत्पादन लक्ष्य 44 लाख 20 टन निर्धारित किया गया है. इसमें 11 सितंबर तक 8 लाख 28 हजार 908 टन उत्पादन हुआ. वहीं ओबीआर 31 लाख 95 हजार 13 टन उत्पादन हुआ तथा 9 लाख 38 हजार 9 टन कोयले का डिस्पैच किया गया. बावजूद गत वर्ष की अपेक्षा कोयला, ओबीआर उत्पादन एवं डिस्पैच में काफी पीछे रहा. इस तरह स्वांग-गोविंदपुर फेज-टू एवं कथारा कोलियरी माइंस में बरसात का पानी जमा हो जाने से उत्पादन में पीछे रहना मुख्य वजह रहा. जीएम ने विशेष कर गोविंदपुर यूजी माइंस पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से अब यह माइंस चलाना मुश्किल है. यहां मैन पावर लगभग साढ़े तीन से चार सौ के आसपास है. साथ ही वर्तमान में एक टन कोयला निकासी में 83 हजार रुपये का नुकसान हो रहा है. इस तरह गत अप्रैल से 11 सितंबर तक माइंस को 36 करोड़ 92 लाख का नुकसान हो चुका है. इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र के कौन सी परियोजना घाटे एवं लाभ में चल रही है, इसकी भी जानकारी दी. वहीं स्वांग कोलियरी पीओ एके तिवारी ने कहा कि क्षेत्रीय प्रबंधन ने सेफ्टी को देखते हुए छोटी-छोटी पहलुओं पर ध्यान देकर ही उद्योग हित में बंद करने का फैसला लिया है. इस पर सभी की सहमति होनी चाहिए.

# रघुवर दास फिर लौट सकते हैं झारखंड की राजनीति में,

**बस इस बात का है इंतजार; शाह से हुई थी मुलाकात**

**रांची, एजेंसी।** ओडिशा के राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की राज्य की राजनीति में वापसी हो सकती है। विधानसभा चुनाव को लेकर जारी प्रदेश भाजपा की अंदरूनी रायशुमारी में उनका नाम जमशेदपुर पूर्वी सीट के लिए प्रत्याशी के तौर पर प्रमुखता से सामने आया है। इस सीट से रघुवर दास लगातार पांच बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा के बागी सरयू राय ने परास्त कर दिया था। कहा जा रहा है कि रघुवर दास भी सक्रिय राजनीति में वापसी की इच्छा रखते हैं। पार्टी के नेताओं के मुताबिक उन्होंने अपनी भावना से दल के प्रमुख नेताओं को भी अवगत कराया है।

बीते 27 अगस्त को उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। अगर नेतृत्व की हरी झंडी मिलती है तो वह राजनीति में वापसी करेंगे। ओडिशा में रहने के बावजूद उनका अपने गृहनगर जमशेदपुर लगातार आना-जाना लगा रहता है। वह लगातार यहां विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ-साथ स्थानीय लोगों से संपर्क बनाए रखते हैं।



समर्थकों को उम्मीद है कि उनकी वापसी होगी।

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा का राज्य में चौतरफा अभियान चल रहा है। इस कड़ी में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों चम्पाई सोरेन और मधु कोड़ा ने भाजपा का दामन थामा है। पार्टी को उम्मीद है कि इन दोनों के जरिए आदिवासी मतदाताओं को आकर्षित करने में सफलता मिल सकती है।

पिछले विधानसभा चुनाव में 28 आदिवासी सुरक्षित सीटों में से सिर्फ दो सीटें भाजपा के खाते में आई थी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में पांचों आदिवासी सुरक्षित सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। रघुवर दास की सक्रियता मतदाताओं का संतुलन साधने के प्रयास के तहत लाभकारी हो सकती है।

इसके जरिये ओबीसी मतदाताओं पर पार्टी की पकड़ और मजबूत होने का अनुमान है। रघुवर दास लगातार पांच साल शासन करने वाले राज्य के पहले सीएम हैं। उनके समर्थकों का बड़ा समूह उन्हें फिर से सक्रिय देखना चाहता है।

हालांकि, रघुवर दास को लेकर प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता खुलकर बोलने से परहेज कर रहे हैं। पार्टी के एक प्रवक्ता ने बताया कि नेतृत्व का निर्देश सर्वोपरि है। इसी मुताबिक दल में कार्यकर्ताओं की भूमिका तय होती है।

## सऊदी अरब में फंसे 14 मजदूर झारखंड लौटे, लिस्ट हुई जारी, 31 को अब भी वतन वापसी का इंतजार



**गिरिडीह, एजेंसी।** सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों में से 14 राज्य में लौट आए हैं। शुक्रवार की सुबह ये सभी मजदूर गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के आवास पर पहुंचे और वतन वापसी के लिए सरकार की ओर से किए प्रयास के प्रति आभार जताया। 31 मजदूर अभी भी सऊदी अरब में फंसे हुए हैं।

वतन वापसी पर मजदूरों में उत्साह हैं। इन मजदूरों में हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के बालक मक्का निवासी तिलक महतो, उच्चाघना निवासी नंदलाल महतो, सुकर महतो, सुनील महतो, करगालो निवासी बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, नागी निवासी चुरामन महतो, गालोबार निवासी भुवनेश्वर महतो, हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत भैयाडीह निवासी बालगोविंद महतो, गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी सोहन कुमार, बेको निवासी कामेश्वर साव, निमियाघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पोरदाग गांव निवासी गणेश साव और बोकारो जिले के चतरोचट्टी क्षेत्र के अंतर्गत बड़की सीधाबारा निवासी मनोहर महतो शामिल हैं।मजदूरों से मुलाकात के दौरान गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने इन सभी को सरकार की ओर से सहायता राशि एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने का आश्वासन दिया है।

## हाईकोर्ट का रांची नगर निगम को कड़ा निर्देश, कहा- बिना नक्शे के चल रहे रूफ टॉप बार-रेस्टोरेंट तत्काल बंद कराएं

**रांची, एजेंसी।** हाईकोर्ट ने रांची में बिना स्वीकृत नक्शे के चल रहे रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को तत्काल बंद कराने का निर्देश रांची नगर निगम को दिया है।

गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने कहा कि शहर में लालपुर और अन्य इलाकों में बिना नक्शा पास कराए रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं।

रांची नगर निगम तत्काल कार्रवाई करते हुए इन्हें बंद कराए। अदालत ने निगम को ऐसे बार एवं रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई कर अदालत में रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि रांची में कई स्थानों में खुले आम नशीले पदार्थों का सेवन किया जा रहा है। हरमू रोड स्थित एक रेस्तरां के पास एक पार्क की जमीन में गांजा, चरस जैसे नशीले पदार्थ की





बिक्री होती है।

इस कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। इस पर अदालत ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड को रेस्टोरेंट के पास की उस पार्क को दो सप्ताह में नगर निगम को हस्तांतरित करने का निर्देश दिया।अदालत ने नगर निगम को पार्क का टेंडर जल्द करने को कहा ताकि पार्क का सौंदर्यीकरण हो सके। इसके पूर्व महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि रांची सहित पूरे राज्य में गांजा, अफीम जैसे मादक पदार्थ की बिक्री रोकने का अभियान चल रहा है। प्रतिदिन मादक पदार्थों के तस्कर पकड़े जा रहे हैं।

## सीएम के बयान पर मांझी का पलटवार, गिद्ध को सब गिद्ध ही दिखता है : जीतनराम मांझी

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतनराम मांझी ने बुधवार को रांची एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना कराने और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग की आलोचना की। मांक्षी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने प्रत्येक 10 साल पर आरक्षण की समीक्षा करने की बात कही थी। संविधान में इसकी व्यवस्था है। देश में 60 साल कांग्रेस का शासन था। लेकिन, कांग्रेस की सरकार में एक बार भी आरक्षण की समीक्षा नहीं हुई, आज उसके नेता अनर्गल बात कर रहे हैं।

सीएम हेमंत सोरेन द्वारा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा को गिद्ध की संज्ञा दिए जाने पर मांझी ने कहा कि जो जैसा चश्मा लगाएगा, उसे वैसा ही दिखेगा। या कोई खुद गिद्ध होगा, तो उसे सामनेवाला भी गिद्ध ही नजर आएगा। यदि हम वोट मांगने आएंगे, तो क्या हम बिलार हो



जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पूरे दमखम के साथ झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष असेसमेंट करा रहे हैं। रूपरेखा तैयार की जा रही है। कौन-कौन सीट पर हम जीत सकते हैं, उन सीटों पर दावा ठोकेंगे।

**विश्वकर्मा योजना से राज्य के लोगों को होगा लाभः भोक्ता :** राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने एमएसएमई कॉनक्लेव की सराहना की। कहा कि एमएसएमई मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे पीएम विश्वकर्मा योजना से झारखंड के विश्वकर्माओं को अपना जीवन स्तर सुधारने एवं उद्यमी के रूप में स्थापित होने में काफी सहयोग प्राप्त होने की संभावना है।

मंत्री मांझी ने कहा है कि झारखंड में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) की संख्या लगभग 10 लाख हो गई है। इनमें 38 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित एमएसएमई कॉनक्लेव और पीएम विश्वकर्मा कार्यशाला में उन्होंने बोकारो के प्रौद्योगिकी केंद्र का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इसकी अनुमानित लागत 200 करोड़ रुपए है। ये प्रौद्योगिकी केंद्र राज्य के एमएसएमई इकाइयों को तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। साथ ही, युवाओं के कौशल विकास के लिए कार्य करेगा, ताकि उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके।

मंत्री मांझी ने कहा कि पूरे देश में 20 प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना की जा रही है। साथ ही, पूरे देश में स्थापित हो रहे 100 विस्तार केंद्रों में से दो की स्थापना राज्य के आईएसएम, धनबाद और झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय, रांची में की जाने की स्वीकृति एमएसएमई मंत्रालय द्वारा दी गई है। ये विस्तार केंद्र एमएसएमई इकाइयों की आवश्यकतानुसार तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे और कौशल विकास कार्यक्रम चलाएंगे। उन्होंने कहा कि पांच साल में 30 लाख विश्वकर्माओं को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य मिला था, जबकि मात्र एक वर्ष से कम समय में ही 2.45 करोड़ लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं।

## झारखंड में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ से बदल गई डेमोग्राफी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के संताल परगना में बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठ हुई है। इससे संबंधित क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गई है। बीते कुछ दशकों से इस क्षेत्र में आदिवासियों की संख्या लगातार घटती जा रही है। संताल क्षेत्र में कभी आदिवासियों की आबादी 44 प्रतिशत थी, जो वर्तमान में घटकर 28 प्रतिशत रह गई है।

झारखंड में सिर्फ घुसपैठ ही नहीं मतांतरण और पलायन भी हो रहा है। केंद्र सरकार के पास घुसपैठियों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने की क्षमता है लेकिन इसके लिए एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लागू करना जरूरी है।

केंद्र सरकार ने गुरुवार को झारखंड उच्च न्यायालय के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत में शपथपत्र दाखिल कर यह जानकारी दी है। इस मामले में अदालत 17 सितंबर को सुनवाई करेगी। केंद्र



सरकार की ओर से दाखिल शपथपत्र में यह भी कहा गया है कि संताल क्षेत्र में भारी संख्या में गिफ्ट डीड के तहत जमीन का हस्तांतरण हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि राज्य सरकार की सहमति के बगैर ऐसा नहीं हो सकता है।

संताल में राज्य सरकार ही संताल परगना टेंनेंसी एक्ट (एसपीटी) का उल्लंघन कर रही है। यहां पिछले कुछ वर्षों में मदरसों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। साहिबगंज और पाकुड़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्वाधिक मदरसे खुले हैं।

इधर, यूनिक आइडेंटिफिकेशन आथारिटी आफ इंडिया ने अपने शपथपत्र में कहा है कि आधार कार्ड कभी भी नागरिकता का आधार नहीं हो सकता।

यह महज यूनिक आइडेंटिफिकेशन के रूप में लोगों को चिन्हित करने जैसा है। राज्य सरकार ने एक भी बांग्लादेशी घुसपैठ नहीं होने की बात कही है। बता दें कि इस मामले में पूर्व में राज्य सरकार और संताल के सभी जिलों के उपायुक्तों ने शपथ पत्र दाखिल कर अदालत को बताया है कि किसी भी जिले में बांग्लादेशी घुसपैठिये नहीं है।

## एसीबी की छापेमारी पूरी, हजारीबाग एसडीओ के आवास से 22 लाख नकद मिले

**रांची, एजेंसी।** बड़गाईं अंचल कार्यालय के जमीन से जुड़े दस्तावेज में छेड़छाड़ व भ्रष्टाचार के केस में अप्राथमिकी अभियुक्त हजारीबाग एसडीओ शैलेश कुमार और नोआमुंडी सीओ मनोज कुमार के ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी व तलाशी गुरुवार को पूरी हुई. इस दौरान शैलेश कुमार के गिरिडीह और हजारीबाग स्थित आवास से एसीबी ने कुल 22,09,162 रुपये नकद बरामद किये हैं. इसके अलावा जमीन के कई डीड और अन्य सामान बरामद किये गये हैं. दूसरी ओर, बड़गाईं के पूर्व सीओ मनोज कुमार के आवास की तलाशी के दौरान जमीन से जुड़े दस्तावेज और अन्य सामान मिले हैं. रांची में एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के एक डुप्लेक्स का पेपर भी बरामद किया गया है.

गुरुवार को एसीबी ने दोनों अधिकारियों से पूछताछ की. इस दौरान मनोज कुमार ने बताया कि उक्त डुप्लेक्स बरियातू के रामेश्वरम स्थित राधा-कृष्णा अपार्टमेंट में है. इसके बाद एसीबी की टीम मनोज कुमार को साथ लेकर उक्त डुप्लेक्स में पहुंची. एसीबी के अधिकारी डुप्लेक्स का इंटीरियर देखकर दंग रह गये. वहीं, शैलेश कुमार से पूछताछ में जानकारी मिली कि उनका एक मकान चिरौंदी के समीप है. इसके बाद एसीबी की टीम शैलेश को लेकर उस मकान में पहुंची और उसकी तलाशी ली.

## झारखंड में आईएनडीआईए के साथ खेल करेगी सीपीआई दीपांकर भट्टाचार्य ने सीटों को लेकर किया बड़ा एलान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव में भाकपा (माले) उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की सभी विधानसभा सीटों पर गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने का दावा करेगी। इसपर आगामी 24 व 25 सितंबर को होने वाली पार्टी के केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय होगा।

माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य के मुताबिक, उत्तरी छोटानागपुर में गठबंधन की कमजोर स्थिति है। वे गुरुवार को पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाकपा माले में मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) के विलय की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। मासस के पांच नेताओं को केंद्रीय कमेटी में शामिल किया गया है। इनमें आनंद महतो, हलधर महतो, अरूप चटर्जी, आरडी मांझी व निताई महतो शामिल हैं।

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि 24 व 25 सितंबर की बैठक में सीटों पर पार्टी में सहमति के बाद महागठबंधन के सामने भाकपा माले अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेगी। वे चाहेंगे कि भाजपा के विरुद्ध महागठबंधन के सभी प्रमुख दल झामुमो,



राजद, कांग्रेस व वामदल मिलकर चुनाव लड़ें और भाजपा को राज्य से बाहर करें।

माले व मासस के गठबंधन को चुनावी अवसरवाद वाले सीपीएम के राज्य सचिव के बयान पर भट्टाचार्य ने कहा कि यह सीपीएम ही बता पाएगी कि उसने ऐसा क्यों कहा। अगर सीपीएम का माले से गठबंधन होता तो ऐसा बयान नहीं आता। उनका कहना है कि भाकपा व माकपा की भी विचाराधार एक जैसी है। देश विरोधी ताकतों के विरुद्ध सभी मिलकर चुनाव में साथ आएं।

भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि चंपई सोरेन आदिवासियों के बड़े नेता हैं।

## बोकारो वालों की बल्ले-बल्ले, बड़ा सपना होने जा रहा पूरा, सरकार करेगी 200 करोड़ रुपये खर्च

**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि पूरे देश में 20 प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इनमें एक का झारखंड के बोकारो जिले में स्थापना को लेकर वर्चुअल मोड में शिलान्यास किया गया है।

इसकी अनुमानित लागत 200 करोड़ रुपये है। ये प्रौद्योगिकी केंद्र और राज्य के एमएसएमई इकाइयों को तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। साथ ही युवाओं के कौशल विकास के लिए कार्य करेगा।

उन्होंने रैंप योजना के तहत झारखंड के उद्यमियों के विकास के लिए 70 करोड़ की राशि प्रदान करने की घोषणा की। यह भी कहा कि झारखंड में पांच सौ करोड़ की योजना देकर जा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री मांझी ने बुधवार को रांची विवि के आर्यभट्ट सभागार में एमएसएमई कानक्लेव तथा पीएम विश्वकर्मा कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में स्थापित हो रहे 100 विस्तार केंद्रों में से दो केंद्र की स्थापना झारखंड के आइआइटी-आइएसएम, धनबाद एवं तकनीकी विश्वविद्यालय रांची में की जा रही है।

ये विस्तार केंद्र एमएसएमई इकाइयों की आवश्यकतानुसार तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे और कौशल विकास कार्यक्रम चलाएंगे। इसपर प्रसन्नता व्यक्त की कि पांच वर्षों में 30 लाख विश्वकर्माओं को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य मिला था, जबकि मात्र एक वर्ष के कम समय में ही 2.45 करोड़ लोग इससे जुड़ चुके हैं।

मांझी ने वर्चुअल मोड में बोकारो में प्रौद्योगिकी केंद्र, जेड 2.0, आइडिया हैकथान 4.0 की आधारशिला रखी। केंद्रीय राज्यमंत्री शोभा करांदलाजे ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर देश की जीडीपी के लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में लगभग 45 प्रतिशत एवं निर्यात क्षेत्र में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान करता है।

## केके सिंह सिजुआ व तुनेश्वर पासवान बने बस्ताकोला एरिया के एजीएम

**रांची, एजेंसी।** बीसीसीएल उच्च प्रबंधन के निर्देश पर माइनिंग व एक्सकैवेशन डिपार्टमेंट के 16 अधिकारियों का तबादला किया गया है. इसमें 13 माइनिंग व तीन एक्सकैवेशन डिपार्टमेंट के अधिकारी शामिल हैं. इस संबंध में बीसीसीएल अधिकारी स्थापना विभाग के प्रबंधक (कार्मिक) अभिषेक कुमार के हस्ताक्षर बुधवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक माइनिंग संभाग के तीन जीएम, 7 चीफ मैनेजर, दो सीनियर मैनेजर व एक मैनेजर स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया है, जबकि एक्सकैवेशन डिपार्टमेंट से एक-एक चीफ मैनेजर, सीनियर मैनेजर व असिस्टेंट मैनेजर का तबादला किया गया है. तबादला किये गये अधिकारियों को 17 सितंबर तक नये स्थान पर योगदान देने को कहा गया है. अन्यथा 18 सितंबर से वे स्वतः विरमित समझे जायेंगे.

तबादला सूची के मुताबिक सेंद्रा बांसजोड़ा व निचितपुर के प्रोजेक्ट ऑफिसर (पीओ) सह जीएम किशोर कुमार सिंह को सिजुआ एरिया का एजीएम बनाया गया है, जबकि कुसुंडा एरिया में पदस्थापित जीएम तुनेश्वर पासवान को बस्ताकोला एरिया का एजीएम बनाया गया है. वहीं एजीएम पीबी एरिया सह पीबी प्रोजेक्ट के पीओ एमडी हफिजुल कुरैशी को कुसुंडा एरिया के एजीएम की जिम्मेदारी दी गयी है. चीफ मैनेजर (माइनिंग) सह लोदना एरिया के एजीएम सहदेव मांझी को बस्ताकोला एरिया का एरिया सेफ्टी मैनेजर व बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन सेफ्टी एंड रेस्क्यू डिपार्टमेंट में पदस्थापित चीफ मैनेजर (माइनिंग) अनिल कुमार वर्मा को पीबी एरिया का एजीएम बनाया गया है. पीबी एरिया में पदस्थापित चीफ मैनेजर (माइनिंग) आरके शर्मा को पीबी प्रोजेक्ट का पीओ, ब्लॉक-टू एबीओसीपी के मैनेजर कमलाकांत दुबे को पीओ जोगीडीह कोलियरी, गोविंदपुर, बस्ताकोला एरिया के एरिया सेफ्टी मैनेजर मंतोष कुंडू को सेंद्रा-बांसजोड़ा व निचितपुर कोलियरी का पीओ बनाया गया है. एजीएम बस्ताकोला एरिया परवेज आलम को एजीएम लोदना एरिया व ब्लॉक-टू एरिया में पदस्थापित चीफ मैनेजर (माइनिंग) रणविजय सिंह को ब्लॉक-टू एरिया के एबी ओसीपी का पीओ बनाया गया है. कनकनी कोलियरी के मैनेजर गोपाल जी को कुसुंडा एरिया के जीकेकेसी का पीओ, बरोरा एरिया में पदस्थापित सीनियर मैनेजर विजय कुमार सिंह को मैनेजर दामोदा कोलियरी, एबी ओसीपी, ब्लॉक-टू में पदस्थापित चीफ मैनेजर(एक्सकैवेशन) प्रणव कुमार बेरा का तबादला सीवी एरिया, एबी ओसीपी ब्लॉक-टू एरिया में पदस्थापित सीनियर मैनेजर (एक्सकैवेशन) निशांत कुमार श्रीवास्तव का लोदना एरिया व एबीओसीपी ब्लॉक-टू एरिया में पदस्थापित असिस्टेंट मैनेजर (एक्सकैवेशन) मोहम्मद हैदर का तबादला सीबी एरिया में कर दिया गया है.

आइंद जेल ड्यूटी के लिए अंदर जा रहा था. तभी गेट पर ड्यूटी कर रहे प्रदीप कुमार दास ने उसकी तलाशी ली. इग्नासियुस आइंद अपने जांघिया के नीचे गांजा का एक पैकेट में 50 ग्राम गांजा, एक की-पैड मोबाइल सीम सहित तथा नशा का दवा छह पीस छिपा कर ले जा रहा है. उसे तुरंत गेट के अंदर बैठा दिया गया और वरीय अधिकारियों को सूचना दी गयी. वरीय अधिकारियों ने पूछताछ शुरू की तो पूरे मामला का खुलासा हुआ.पुलिस सूत्रों ने बताया कि इग्नासियुस आइंद पहले से इस तरह का काम कर रहा है और जेल के अंदर बंदियों को बाहर का सामान के साथ नशीला पदार्थ मुहैया कर रहा है.

# रिलायंस के मार्केट कैप पर भारी एलन मस्क की नेटवर्थ, जकरबर्ग टॉप 3 में, गौतम अडानी फिसले



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ 250 अरब डॉलर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि 2027 में वह दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बन सकते हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.10 अरब डॉलर की तेजी आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक इस साल उनकी नेटवर्थ 21.4 अरब डॉलर बढ़ी है। मस्क की नेटवर्थ दुनिया की 39 कंपनियों के मार्केट कैप से ज्यादा है। भारत की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 238.69 अरब डॉलर है। मुकेश अंबानी की यह कंपनी दुनिया की सबसे ज्यादा वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 45वें नंबर पर है। टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्स जैसी कई कंपनियों को चला रहे मस्क की नेटवर्थ सालाना 110 प्रतिशत औसत रफ्तार से बढ़ रही है। साल 2027 तक उनकी नेटवर्थ चार गुना से ज्यादा बढ़ जाएगी।

दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से 18 की नेटवर्थ में गुरुवार को तेजी आई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 209 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। फेसुबक की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म के सीईओ मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 4.66 अरब डॉलर की तेजी आई। इसके साथ ही वह 187 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 58.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट 179 अरब डॉलर तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

### गौतम अडानी फिसले

लैरी एलिसन 173 अरब डॉलर के साथ इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 3.87 अरब डॉलर की तेजी आई। माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स (160 अरब डॉलर) छठे, स्टीव बालमर (148 अरब डॉलर) सातवें, वॉरेन बफे (142 अरब डॉलर) आठवें, लैरी पेज (140 अरब डॉलर) नौवें और सर्गेई ब्रिन (132 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 112 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 11वें नंबर पर डटे हुए हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 2.09 अरब डॉलर की तेजी आई। रिलायंस का शेयर गुरुवार को 1.9 फीसदी तेजी के साथ बंद हुआ। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 100 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ इस लिस्ट में 16वें नंबर पर फिसल गए। हालांकि गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.96 अरब डॉलर की तेजी आई। लेकिन एनवीडिया के फाउंडर और सीईओ जेंसन हुआंग उनसे आगे निकल गए। ताइवान में जन्मे हुआंग इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाले रईस हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ 60.5 अरब डॉलर बढ़ी है। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 2.03 अरब डॉलर की तेजी आई और वह गौतम अडानी से आगे निकल गए। उनकी नेटवर्थ 104 अरब डॉलर पहुंच गई है। अडानी 100 अरब डॉलर के क्लब में सबसे निचले पायदान पर हैं।

## पी2सी का बड़ा फैसला, 1800 कर्मचारियों को निकालेगी बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टेक कंपनियों के बाद अब दुनियाभर की कंपनियों ने छंटनी शुरू कर दी है। इस लिस्ट में एक और बड़ी कंपनी प्राइसवाटरहाउसकूपर्स (पी2सी) भी शामिल हो गई है। कंपनी 15 वर्षों में अपनी सबसे बड़ी छंटनी कर रही है और इसमें 1,800 कर्मचारियों को निकालने का निर्णय लिया है। यह सभी छंटनी अमेरिका में की जाएगी। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, यह छंटनी मुख्य रूप से मैनेजिंग डायरेक्टर्स, बिजनेस सर्विस ऑडिट, असोसिएट्स और टैक्स डिपार्टमेंट्स में होगी। कंपनी के कुल अमेरिकी कर्मचारियों का 2.5 प्रतिशत इस फैसले से प्रभावित होगा और यह प्रक्रिया अक्टूबर 2024 तक पूरी की जाएगी। पी2सी अमेरिका के अध्यक्ष पॉल ग्रिग्स ने मामले पर एक मेमो जारी करते हुए कहा है कि इस फैसले का असर कंपनी के बहुत छोटे वर्ग के कर्मचारियों पर पड़ेगा। यह फैसला हमेशा मुश्किल होता है लेकिन कंपनी के हित में जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि साल 2009 के बाद से ऐसा पहली बार है जब कंपनी ने छंटनी का फैसला किया है।

### क्यों लिया छंटनी का फैसला?

गौरतलब है कि पी2सी ने 15 साल में छंटनी का फैसला उसकी सर्विसेज में कम डिमांड होने के बाद लिया है। पॉल ग्रिग्स ने अपने मेमो में कंपनी के रिस्ट्रक्चरिंग प्लान के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि हम अपने भविष्य के प्लान पर काम करते हुए कंपनी की टीमों में पुनर्गठन का काम कर रहे हैं। इस कारण हमने कई टीमों में छंटनी का फैसला किया है।

## सोना 250 रुपये कमजोर हुआ, चांदी 2000 रुपये उछली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 250 रुपये घटकर 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी की कीमत बढ़कर 87,000 के स्तर पर पहुंच गई। बुधवार को कीमती धातु या शुद्ध सोना (99.9 प्रतिशत शुद्धता) 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, गुरुवार को चांदी की कीमत 2,000 रुपये बढ़कर दो सप्ताह के उच्चतम स्तर 87,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 3,200 रुपये प्रति किलोग्राम चढ़ चुकी है। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी 250 रुपए की गिरावट के साथ 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 74,250 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि मजबूत औद्योगिक उठाव के कारण चांदी में लगातार तीसरे सत्र में मजबूती का रुख जारी रहा, जिससे धातु की कीमतों में उछाल आया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स सोना 0.21 प्रतिशत बढ़कर 2,547.70 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। कोटक सिक्योरिटीज में वीपी-कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा, कॉमेक्स सोना 2,558 डॉलर प्रति औंस के साप्ताहिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, लेकिन मुद्रास्फीति रिपोर्ट जारी होने के बाद इसमें गिरावट आई, क्योंकि बाजार की धारणा अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में मामूली कटौती की संभावना के अनुसार समायोजित हुई। वैश्विक बाजारों में चांदी भी 29.16 डॉलर प्रति औंस पर बोली गई। शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा के एसोसिएट वीपी, फंडामेंटल करेंसीज एंड कमोडिटीज प्रवीण सिंह ने कहा, व्यापारी उत्पादक मूल्य सूचकांक (अगस्त) और बेरोजगारी दावों जैसे अमेरिकी डेटा मैक्रोइकोनॉमिक डेटा पर बारीकी से नजर रखेंगे।

## दुनिया में कर्ज का बढ़ना चिंता की बात, आरबीआई गवर्नर बोले- इससे निपटने के लिए साझा प्रयास हों




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दुनिया को बढ़ते वैश्विक कर्ज के बारे में आगाह किया है, जो 2024 में वैश्विक जीडीपी के 333 प्रतिशत के बराबर, 315 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ गया है।

सिंगापुर में शुक्रवार को फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 में बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर दास ने कहा कि कर्ज का यह अभूतपूर्व स्तर विशेष रूप से उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) और निम्न से मध्यम आय वाले देशों के लिए बड़ा जोखिम पैदा करता है। ऐसे देश वित्तीय अस्थिरता के प्रति तेजी से कमजोर होते जा रहे हैं।

दास ने कहा, निम्न आय और कुछ मध्यम आय वाले देश बहुत कमजोर हैं। उच्च स्तर के कर्ज और उच्च ब्याज दरों का सह-अस्तित्व सरकारी और निजी क्षेत्र की बैलेंस शीट की हानि के माध्यम से वित्तीय अस्थिरता के दुष्चक्र को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजकोषीय परिदृश्य बढ़ते राजकोषीय घाटे से और जटिल हो गया है, जो अब महामारी से पहले के स्तर से अधिक है। दास ने कहा कि 2024 में 88 अर्थव्यवस्थाएं चुनावी चक्र में प्रवेश कर रही हैं, ऐसे में राजकोषीय समेकन की गुंजाइश सीमित प्रतीत होती है। इससे विभिन्न देशों के लिए वित्तीय जोखिमों को बढ़ने से बचाने के लिए अपने ऋण का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना महत्वपूर्ण हो जाता है। आरबीआई गवर्नर ने यह भी बताया कि चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों ने निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है, जिससे सीमा पार व्यापार प्रतिबंध बढ़ गए हैं। आरबीआई गवर्नर ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ रही चुनौतियों के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने साझा वैश्विक मुद्दों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने की वकालत की। उन्होंने सतत आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया। आरबीआई गवर्नर दास ने राष्ट्रों से सभी के लिए एकीकृत भविष्य की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

## पीएन गाडगिल ज्वेलर्स आईपीओ में 41 गुना ज्यादा मिला है आवेदन




**मुंबई एजेंसी।** पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आईपीओ में कल ही सब्सक्रिप्शन बंद हुआ है। इसका शेयर आवंटन को आज अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। निवेशकों को लॉटरी के आधार पर शेयर मिलेंगे और पूरी प्रक्रिया रजिस्ट्रार की निगरानी में होगी। आवेदक बीएसई के माध्यम से या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर जाकर आवंटन की स्थिति की जांच कर सकते हैं। पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आईपीओ में आपने अप्लाई किया है तो आप बीएसई या रजिस्ट्रार की वेबसाइट पर स्थिति कैसे जांच सकते हैं। कंपनी के शेयरों के 17 सितंबर को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट होने की उम्मीद है। इस समय गैर-सूचीबद्ध बाजार में, कंपनी के शेयर 333 रुपये के जीएमपी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो कि निर्गम मूल्य से 70 प्रतिशत अधिक है। पीएन गाडगिल ज्वेलर्स के आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ) को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। इस आईपीओ को कुल मिलाकर 59 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। जनवरी 2024 तक स्टोर की संख्या के मामले में महाराष्ट्र में प्रमुख संगठित आभूषण कंपनियों में पीएन गाडगिल ज्वेलर्स दूसरे नंबर पर है। वित्त वर्ष 22-2023 के बीच राजस्व वृद्धि के आधार पर, कंपनी भारत में प्रमुख संगठित आभूषण कंपनियों में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आभूषण ब्रांड भी है। मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स, नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट (पूर्व में एडलवाइस सिक्योरिटीज) और बीओबी कैपिटल मार्केट्स इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं।

## मुकेश अंबानी की कंपनी में बिताए 5 साल और फिर किया रिजाइन, अब 1091 करोड़ के मालिक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई बड़े बिजनेस लीडर्स मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज में काम कर चुके हैं। सालों तक काम करने के बाद उनमें से तमाम ने अपनी खुद की कंपनियां शुरू करने के लिए इसे छोड़ने का फैसला किया। विकास चौधरी भी उन्हीं लोगों में से एक हैं। वह रिलायंस जियो के प्रेसीडेंट रहे हैं। नौकरी छोड़ने के बाद आज विकास एक सफल स्टार्टअप के मालिक बन चुके हैं। आइए, यहां विकास की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### शुरू किया अपना वेंचर

रिलायंस जियो के पूर्व प्रेसीडेंट विकास चौधरी ने अपना स्टार्टअप फंड शुरू करने के लिए नौकरी छोड़ दी। उन्होंने अपना खुद का ग्रोथ स्टेज स्टार्टअप फंड प्लेबुक पार्टनर्स शुरू करने के लिए पांच साल बाद जियो से इस्तीफा दे दिया। ग्रोथ स्टेज स्टार्टअप फंड एक प्रकार का निवेश है जो उन स्टार्टअप कंपनियों में किया जाता है जो अपनी शुरुआती अवस्था पार कर चुकी हैं और अब तेजी से बढ़ रही हैं। ये स्टार्टअप पहले से ही बाजार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके होते हैं और उनके पास एक प्रोडक्ट या सर्विस होती है जो ग्राहकों को पसंद आ रही होती है।

### जुटा लिए हैं 1091 करोड़ रुपये

विकास चौधरी ने अपने फंड के लिए घरेलू और विदेशी निवेशकों से 13 करोड़ डॉलर (1091 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। यह फंड मुख्य रूप से फायदेमंद मिड-मार्केट टेक-इनेबल्ड भारतीय स्टार्टअप्स में निवेश करता है। विकास ने कहा है कि वह अंत में फंड का आकार बढ़ाकर 25 करोड़ डॉलर कर सकते हैं। विकास ने 2017 से 2022 तक रिलायंस जियो में काम किया। जियो में उन्होंने ई-कॉमर्स (इलेक्ट्रॉनिक्स और किराने का सामान), टेलीकॉम और अन्य व्यवसायों का नेतृत्व किया। उनके पास शुरुआती और बाद के चरण के स्टार्टअप्स में दो दशकों का निवेश का अनुभव है। विकास चौधरी हार्वर्ड के पढ़े हैं। उनके पास अमेरिका और एशिया में व्यवसाय चलाने का अनुभव भी है। जियो से पहले वह छह साल तक टोरंटो स्थित इन्वेस्ट होल्डिंग कंपनी आइमिया के इंडिया हेड रहे।

## रेलवे से 716 करोड़ के ऑर्डर मिलने के बाद शेयर को खरीदने की मची लूट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग के शेयर आज शुरुआती कारोबार में 5 प्रतिशत बढ़कर 1,574 रुपये पर पहुंच गए। स्टॉक में इस रैली की मुख्य वजह कंपनी को गुरुवार को सेंट्रल रेलवे से 716 करोड़ रुपये का मिला ऑर्डर है। एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग की विशेषता विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के निर्माण, डेवलपमेंट, डिजाइन और प्रबंधन में है। कंपनी की फाइलिंग के अनुसार एलओए धुले और नारदाना के बीच एक नई ब्रॉड गेज लाइन बिछाने के लिए है, जो इंजीनियरिंग और प्रोक्योरमेंट कॉन्ट्रैक्ट मोड के तहत लगभग 49.45 किलोमीटर को कवर करता है। गुजरात में छह लेन की सड़क को अपग्रेड करने के लिए सोमवार को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से 781 करोड़ रुपये के कांट्रैक्ट के बाद एचजी इंफ्रा के लिए यह दूसरा बड़ा ऑर्डर है। बीते अगस्त में कंपनी ने हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत गुजरात में एनएच-47 पर नारोल जंक्शन और सरखेज जंक्शन के बीच एक एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण सहित मौजूदा छह लेन की सड़क के एलीवेशन के लिए एमओआरटीएच से 883 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर भी हासिल किया है।

कंपनी पर ऑर्डर की बारिश हो रही है। अभी जून तिमाही के अंत में कंपनी की कुल ऑर्डर बुक 15,642 करोड़ थी, जो स्त्रङ्घ24 राजस्व के 3 गुना के बराबर थी। इन परियोजनाओं का 91 प्रतिशत हिस्सा भारत सरकार और शेष 9 प्रतिशत निजी क्षेत्र से आता है। कंपनी सड़क और रेलवे परियोजनाओं के अलावा अपने पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। 24 मार्च को इसने अपना पहला सोलर प्रोजेक्ट हासिल की, जिसकी लागत राजस्थान में जेडीवीवीएनएल से 1,307 करोड़ रुपये थी। यह परियोजना एक संयुक्त उद्यम है, जिसमें एचजीआईएल की 65 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

इसके अलावा कंपनी अपने बिजनेस प्रोफाइल को और विविधता प्रदान करने के लिए जल खंड में ऑर्डर सुरक्षित करना चाहती है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म एक्सिस सिक्योरिटीज ने अपने ताजा नोट में कहा कि स्ट्रेटजिक डायवर्सिफिकेशन से कंपनी को फायदा हो सकता है। कंपनी वित्त वर्ष 2025 में 10,000-12,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर फ्लो की उम्मीद कर रही है।

इसमें राजमार्ग परियोजनाओं से 8,000 करोड़ रुपये, रेलवे परियोजनाओं से 2,000 करोड़ रुपये और सोलर और जल परियोजनाओं से 1,000 करोड़ रुपये जोड़ने का अनुमान है। कंपनी के मैनेजमेंट को उम्मीद है कि अगले 2-3 साल में उसकी ऑर्डर बुक का 35-40 पर्सेंट नॉन-रोड प्रोजेक्ट्स से आएगा।

## सितंबर में कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत की गिरावट, भारत की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। अमेरिकी और खाड़ी देशों के तेल में 10 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। भारत जैसे देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है क्योंकि देश अपनी ऊर्जा की जरूरत का 85 प्रतिशत आयात करता है। कच्चे तेल की कीमतों में कमी से भारत का आयात बिल घटेगा और विदेशी पूंजी का प्रवाह भी कम होगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

हाल के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका और चीन में मंदी की चिंताओं के चलते पिछले 5 दिनों में ब्रेंट क्रूड की कीमत में लगभग 4 फीसदी और पिछले एक महीने में करीब 14 फीसदी की गिरावट आई है। वर्तमान में ब्रेंट क्रूड की कीमत 72 डॉलर प्रति बैरल से अधिक है, जो 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई थी। कच्चे तेल की कीमतों की गिरावट का असर शेयर बाजार में भी देखने को मिला है। घरेलू उद्योग जैसे पेंट, टायर, ऑयल मार्केटिंग कंपनियां और एयरलाइंस कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है, जबकि तेल निकालने वाली कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई है।

### पेंट कंपनियों पर असर

कच्चे तेल की कीमतों में कमी का लाभ पेंट कंपनियों को हो सकता है, क्योंकि कच्चा तेल पेंट के इनपुट कॉस्ट का 35 प्रतिशत हिस्सा होता है। कोटक सिक्योरिटीज के सुमित पोखरना के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से पेंट कंपनियों को लाभ होगा, हालांकि इस क्षेत्र के स्टॉक्स की कीमतें बढ़ गई हैं। एशियन पेंट्स, बर्जर पेंट्स इंडिया और कंसाई नेरलोक के शेयरों में हाल ही में तेजी आई है।

### ऑयल मार्केटिंग कंपनियों पर असर

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के शेयरों में भी कच्चे तेल की कम कीमतों का असर देखा गया है। हालांकि, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की आशा ने मंगलवार को इन कंपनियों के शेयरों में गिरावट लाई। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के शेयरों में क्रमशः 3.11 प्रतिशत, 1.49 प्रतिशत और 2.69 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### एविएशन सेक्टर पर असर

एविएशन सेक्टर में कच्चे तेल की गिरती कीमतों का लाभ हो सकता है, क्योंकि फ्यूल इस क्षेत्र की सबसे बड़ी लागत होती है। इंटरग्लोब एविएशन के शेयरों में 1.16 प्रतिशत की बढ़त हुई, जबकि स्पाइसजेट के शेयरों में 3.89 प्रतिशत की गिरावट आई।

### टायर शेयरों की स्थिति

कच्चे तेल की कीमतों में कमी से टायर कंपनियों को लाभ हो सकता है, क्योंकि सिंथेटिक रबर की लागत कच्चे तेल पर निर्भर होती है। सिएट टायर्स, अपोलो टायर्स और एमआरएफ टायर्स के शेयरों में मामूली वृद्धि देखी गई है।

### तेल निकालने वाली कंपनियों पर असर

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का तेल निकालने वाली कंपनियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ऑयल इंडिया, हिंदुस्तान ऑयल एक्सप्लोरेशन और ओएनजीसी के शेयरों में गिरावट देखी गई है।

## स्विस अधिकारियों ने जब्त किए अदाणी समूह के 2600 करोड़, हिंडनबर्ग के दावे को कंपनी ने किया खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह पर नया आरोप लगाया है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी ने दावा किया है कि कई स्विस बैंकों में जमा अदाणी समूह के करीब 31 करोड़ डॉलर (करीब 2600 करोड़ रुपये) को वहां के अधिकारियों ने फ्रीज कर दिया है। हिंडनबर्ग का दावा है कि यह कार्रवाई अदाणी के खिलाफ वहां चल रही मनी लॉन्ड्रिंग व जालसाजी के मामलों की जांच के तहत की गई है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह दावा किया। अमेरिकी कंपनी ने लिखा, स्विस अधिकारियों ने अदाणी समूह से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और शेयर जालसाजी के आरोपों की जांच के तहत छह स्विस बैंक खातों में जमा 31 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम फ्रीज कर दी है। हिंडनबर्ग ने इस दावे के पीछे हाल ही में जारी स्विस क्रिमिनल कोर्ट के रिकॉर्ड का हवाला दिया। स्विस मीडिया के हवाले से हिंडनबर्ग ने कहा, स्विस अभियोजकों ने बताया है कि कैसे अदाणी के एक सहयोगी ने बीवीआई/मॉरीशस और बरमूडा के संदिग्ध फंडों में निवेश किया था।

### हिंडनबर्ग के आरोपों से पिछले साल क्रैश हुए थे अदाणी के शेयर

हिंडनबर्ग रिसर्च पिछले साल से भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी के पीछे पड़ा है। 2023 की शुरुआत में उसने अदाणी समूह पर टैक्स हैवन देशों के जरिये बाजार नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया था। इसके बाद अदाणी समूह के सभी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई थी और समूह के प्रवर्तक गौतम अदाणी की निजी संपत्ति में भी बहुत कमी आ गई थी। हालांकि धीरे-धीरे समूह इस झटके से उबर गया।

### अदाणी समूह ने खारिज किए आरोप

वहीं, अदाणी समूह ने स्विक बैंक खातों में कुछ फंड्स को फ्रीज किए जाने से जुड़ी खबरों को खारिज किया है और उन्हें बेबुनियाद बताया है। समूह ने साफ किया है कि उसके खिलाफ स्विस कोर्ट में कोई मामला नहीं है और न ही कंपनी के खातों को किसी भी अधिकारी द्वारा फ्रीज किया गया है।

अदाणी समूह ने एक बयान में कहा कि ये आरोप पूरी तरह से निराधार, अव्यावहारिक और हास्यास्पद हैं। यह आरोप समूह की छवि को नुकसाने पहुंचाने की एक और संगठित कोशिश है। बयान में कहा गया, हम पूरी तरह से इन बेबुनियाद आरोपों को खारिज करते हैं। अदाणी समूह स्विस कोर्ट की किसी भी कार्यवाही में शामिल नहीं है और नहीं हमारी कंपनी के किसी खाते को किसी प्राधिकरण द्वारा फ्रीज किया गया है। स्विस कोर्ट ने आदेश ने आदेश में हमारे समूह की कंपनियों का कोई जिक्र नहीं किया है और न ही हमें किसी प्राधिकरण या नियामक संस्था से कोई स्पष्टीकरण या जानकारी के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

## शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच होगी भिड़ंत



सेमीफाइनल में जगह बना चुकी भारतीय हॉकी टीम का आज पाकिस्तान से सामना होगा। एथियाई चैंपियंस ट्रॉफी के बहु प्रतिक्षित आखिरी राउंड रॉबिन मैच में भारत अपना दबदबा कायम रखने के लिए उतरेगा। लगातार चार मैचों में जीत दर्ज कर चुकी भारतीय सेना अंक तालिका में शीर्ष पर है जबकि पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारत ने चीन को 3-0 से, जापान को 5-1, मलयेशिया को 8-1 और कोरिया को 3-1 से हराया। अब टीम की नजर पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले पर है। वहीं, पाकिस्तानी टीम ने मलयेशिया और कोरिया से 2-2 से ड्रॉ खेला। इसके अलावा जापान को 2-1 और चीन को 5-1 से हराया है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। मौजूदा फॉर्म की बात करें तो भारत का पलड़ा भारी है। हांगझोउ एशियाई खेलों में पिछले साल भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया था। उससे पहले चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर 4-0 से जीत दर्ज की थी। जकार्ता में 2022 एशिया कप में युवा भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 1-1 से ड्रॉ पर रोका जबकि 2021 एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी ढाका में भारत ने पाकिस्तान को 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए काफी उत्साहित हैं। मुकाबले से पहले कप्तान ने कहा- मैं अपने जूनियर दिनों से पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलता आया हूं। मेरा उनसे अच्छा संबंध है और वे भाई जैसे हैं। मैदान पर हालांकि किसी भी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जज्बात पर काबू रखना होता है।

## बगैर टॉस के ही रद्द हुआ अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड का टेस्ट

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाला इकलौता टेस्ट बारिश की भेंट चढ़ गया. बारिश के कारण मुकाबला बिना टॉस के ही रद्द हो गया. यह मैच 09 से 13 सितंबर के बीच भारत के ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड, ग्रेटर नोएडा में खेला जाना था, लेकिन बारिश ने सारा खेल बिगाड़ दिया. मुकाबले के पहले दिन बारिश नहीं हुई थी बल्कि सिर्फ ग्राउंड गीला था. फिर दूसरे दिन भी ऐसा ही हुआ. दूसरे दिन भी मैच के वक्त बारिश नहीं हुई. हालांकि उससे एक रात पहले तेज बारिश के कारण पूरा ग्राउंड गीला हो गया था. तीसरे दिन भी यही सिलसिला चला. फिर चौथे दिन हल्की बारिश ने मैच वक्त दस्तक दी. इस तरह मुकाबले के चार दिन बिना टॉस के ही रद्द हो गए. फिर पांचवें दिन भी बारिश ने मैच शुरू नहीं होने दिया और अंततः अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड के बीच इकलौते टेस्ट को बिना टॉस के ही रद्द करना पड़ा.

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से सोशल मीडिया के जरिए मुकाबले के रद्द होने की जानकारी साझा की गई. बोर्ड की तरफ से एक्स पर लिखा गया, ग्रेटर नोएडा में लगातार बारिश के कारण बहुप्रतीक्षित अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया.

# रोहित शर्मा के साथ वो जीवन भर बैटिंग करना चाहूंगा: युवराज सिंह

### नहीं लिया तेंदुलकर, कोहली या धोनी का नाम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व स्टार भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह से पूछा गया कि वह किस बल्लेबाज के साथ जीवन भर बल्लेबाजी करना चाहेंगे। इसका जवाब देते हुए युवी ने सचिन तेंदुलकर या फिर विराट कोहली का नाम नहीं लिया जो क्रिकेट के दो बेस्ट बल्लेबाज माने जाते हैं या फिर उन्होंने एमएस धोनी का भी नाम नहीं लिया जिनके साथ वो कई यादगार पारियां खेल चुके हैं। युवी ने इसके लिए भारतीय टीम के मौजूदा टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा का नाम लिया।

### युवराज और रोहित के बीच है गहरी दोस्ती

युवराज सिंह और रोहित शर्मा के बीच बहुत अच्छी दोस्ती है। दोनों को अक्सर एक-दूसरे को चिढ़ाते हुए देखा जाता है और साथ ही वे एक-दूसरे के साथ खूब मस्ती भी करते हैं। उन्होंने साथ में काफी क्रिकेट भी खेला है और टीम के हित लिए कई बेहतरीन काम किए हैं। रोहित शर्मा के बुरे समय में युवराज सिंह हमेशा उनके साथ रहे हैं। जब 2011 में उन्हें भारत की विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया था, तब भी इस ऑलराउंडर ने हिटमैन का साथ दिया था। युवराज सिंह उन्हें डिनर पर ले गए थे, जिससे उन्हें इस झटके से उबरने में मदद मिली थी। उन्होंने हाल ही में इस साल की शुरुआत में एक बातचीत में रोहित को अपना सबसे करीबी दोस्त भी बताया था।

युवराज सिंह को भारत के बेस्ट ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है जो टीम के लिए बड़े मैच विजेता रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए बल्ले व गेंद दोनों के साथ बेस्ट प्रदर्शन किया था। युवी टी20 वर्ल्ड कप 2007 और वनडे वर्ल्ड कप 2011 में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी थे। दोनों टूर्नामेंट में वो प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे और वनडे वर्ल्ड कप 2011 में वो कैंसर से जूझते हुए देश के लिए खेले थे।

रोहित शर्मा की बात करें तो वो बतौर ओपनर भारतीय टीम के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 37 साल की उम्र में भी रोहित टीम के लिए शीर्ष पर जमकर रन बनाते हैं जिससे कि अन्य बल्लेबाजों का काम आसान हो जाता है। उन्होंने हाल ही में भारती टीम को टी20 विश्व कप 2024 की जीत दिलाई और अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे, उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और टीम को रास्ता दिखाया।

## काउंटी में चमका माइकल वॉन का बेटा आर्ची, चटकाए 6 विकेट, देखें गेंदबाजी एक्शन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के बेटे आर्ची भी काउंटी चैंपियनशिप में धमाल मचाते नजर आ रहे हैं। अर्ची ने डिवीजन वन मैच में समरसेट के लिए खेलते हुए सरे के खिलाफ मुकाबले में 6 विकेट लिए हैं। उन्होंने रोरी बर्न्स, बेन फॉक्स की महत्वपूर्ण विकेट निकालीं। यह आर्ची का दूसरा काउंटी मैच था। उन्हें इंग्लैंड की अंडर 19 टीम में भी चुना गया है। उनके साथ इंग्लैंड के पूर्व ऑलराऊंडर एंड्र्यू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी का नाम भी आता है।

आर्ची ने अगस्त में डरहम के खिलाफ प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया था। तब कमेंट्री बॉक्स में माइकल वॉन ने गर्व महसूस होने की बात की थी। वॉन ने कहा कि यह वर्षों में क्रिकेट मैदान पर उनकी सबसे अधिक घबराहट थी। आर्ची ने उक्त मुकाबले की पहली पारी में 30 तो दूसरी में 16 रन बनाए। उन्होंने 3 विकेट भी लिए। अप्रैल 2024 में आर्ची ने हेडिंग्ले में यॉर्कशायर सेकेंड-इलेवन के खिलाफ जैक लीच के साथ समरसेट की सेकेंड-इलेवन के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत की और 61 रन बनाए थे। इसके बाद अंडर 19 में मुकाबला खेला जिसमें उन्होंने एंड्र्यू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ का विकेट लिया। उन्होंने जुलाई में श्रीलंका की अंडर 19 टीम के खिलाफ यंग लायंस के लिए एक अंडर 19 टेस्ट मैच भी खेला।

इस जज्बे को सलाम है...

## टूटे पैर से टीम को दिलाई जीत, लंगड़ाते हुए मैच में बनाए दिए 178 रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के खेल में कुछ भी हो सकता है... ऐसा अक्सर कहा जाता है। खेल कब किस ओर पलट जाए कोई नहीं बता सकता। ऐसा ही कुछ हुआ काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन-2 के एक मुकाबले में, जिसमें समरसेट के लिए खेलने वाले टॉम बेंटन ने ऐसा कुछ कर दिखाया, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है।



बेंटन ने टूटे हुए पैर के साथ दर्द कराहते हुए अपनी टीम के लिए मैदान पर उतरे और बल्लेबाजी की, जिससे समरसेट को जीत मिली। बेंटन ने क्रिकेट के लिए जो समर्पण दिखाया है उसके लिए हर तरफ उनकी तारीफ हो रही है। बेंटन जब अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी करने आ रहे थे, तो वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। दर्द से कराहते हुए बेंटन एक पैर पर खड़े होकर सरे के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा कर रख दी। सरे के खिलाफ जब समरसेट की टीम ने जीत हासिल की तो बेंटन बैसाखी के सहारे अपने साथी खिलाड़ियों से मिलने पहुंचे। इस दौरान उनके चेहरे पर जो खुशी दिख रही थी, उससे उनके सारे दर्द गायब हो गए। बेंटन का यह वीडियो सोशल मीडिया पर अब खूब वायरल हो रहा है और उनकी तारीफ भी हो रही है।

### बेंटन ने मैच में बनाए 178 रन

सरे के खिलाफ मुकाबले में बेंटन कुल 178 रन बनाए। उन्होंने अपनी टीम के लिए पहली पारी में 132 रन बनाए थे, जिसमें 16 चौके और 1 छक्का शामिल था। इस पारी के बाद वे वॉर्म अप के समय फुटबॉल खेलते हुए उनके टखने में चोट लग गई थी। ऐसे में उनका बल्लेबाजी करना मुश्किल था, लेकिन दूसरी पारी में जब समरसेट लड़खड़ा गई तो टूटे हुए पैर के साथ उन्होंने बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

एक समय समरसेट की टीम 153 रन के स्कोर अपने 9 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन बेंटन गजब का हौसला दिखाते हुए 11वें नंबर बैटिंग करने उतरे और 46 रनों की दमदार पारी खेली। उन्होंने अंतिम विकेट के लिए जैक लीच के साथ मिलकर 71 रनों की साझेदारी की, जिससे उनकी टीम 224 रन तक पहुंचने में सफल रही। समरसेट के लिए यह काफी उपयोगी रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरे की टीम जैक लीच और आर्ची वॉन के पंजे में फंस कर सिर्फ 109 के स्कोर पर ढेर हो गई जिससे समरसेट ने 111 रन से मुकाबले को अपने नाम कर लिया।



## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर रचा इतिहास

### सोशल मीडिया पर पार किया 1 अरब फॉलोअर्स का आंकड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल और अल नस्त्र के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इतिहास रच दिया। वह सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर एक अरब फॉलोअर्स तक पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बन गए। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शुक्रवार 13 सितंबर 2024 की तड़के सुबह अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर इस उपलब्धि को साझा किया। 39 साल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर पहले से ही दुनिया भर में सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

639 मिलियन फॉलोअर्स के साथ इंस्टाग्राम क्रिस्टियानो रोनाल्डो का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना हुआ है। यह संख्या दुनिया की आबादी का लगभग 8त्न है। रोनाल्डो के फेसबुक पर 170.5 मिलियन और ङ्ग (एक्स/पूर्व में ट्विटर) पर 113 मिलियन फॉलोअर्स हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने ङ्ग पर लिखा, 'हमने इतिहास रच दिया है- 1 बिलियन फॉलोअर्स! यह सिर्फ एक संख्या से कहीं ज्यादा है- यह खेल और उससे परे हमारे साझा जुनून, प्रेरणा और प्यार का प्रमाण है। मदीरा की गलियों से लेकर दुनिया के सबसे बड़े मंचों तक, मैंने हमेशा अपने परिवार और आपके लिए खेला है, और अब हम 1 बिलियन लोग एक साथ खड़े हैं। आप सभी उतार-चढ़ावों के दौरान हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं।'

रोनाल्डो ने लिखा, 'यह यात्रा हमारी यात्रा है, और साथ मिलकर हमने दिखाया है कि हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। मुझ पर विश्वास करने, आपके समर्थन के लिए और मेरे जीवन का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद। सबसे अच्छा अभी आना बाकी है, और हम आगे बढ़ते रहेंगे, जीतते रहेंगे और साथ मिलकर इतिहास रचते रहेंगे।'

### आठ जुलाई 2024 को लॉन्च किए गए रोनाल्डो के यू ट्यूब

चैनल पर 60 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इसमें से 50 मिलियन पहले हफ्ते में ही जुड़ गए, जो एक रिकॉर्ड है। यह उपलब्धि रोनाल्डो को 1 बिलियन फॉलोअर्स को पार करने वाला पहला इंसान बनाती। इस संख्या तक उनके साथी फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी या अमेरिकी एक्ट्रेस सेलेना गोमेज, अमेरिकी मीडिया पर्सनालिटी, सोशलाइट और बिजनेसवुमन काइली जेनर और ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन जैसी अन्य हस्तियां अब तक पहुंच नहीं पाई हैं।

### कमाई के मामले में भी हैं 'टॉप' पर

क्रिस्टियानो रोनाल्डो सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एथलीट्स में भी एक हैं। उन्होंने 2023 में सऊदी अरब के क्लब अल-नस्त्र से करार के जरिये 215 मिलियन डॉलर और विज्ञापनों से 60 मिलियन डॉलर कमाए। एक अनुमान के मुताबिक, 2024 के अंत तक उनकी कुल कमाई 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएगी। इससे वह माइकल जॉर्डन और टाइगर वुड्स के बराबर आ जाएंगे।

## आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थी

### भारतीय महिला एथलीट हरमिलन बैंस ने किया बड़ा खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरमिलन पिछले साल चीन में हुए एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम की स्टार खिलाड़ियों में से एक थीं जब उन्होंने 800 मीटर और 1500 मीटर में दो पदक जीते थे। हालांकि इस पूरे सत्र में वह चोटों से परेशान रहीं जिससे पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं।




भारतीय महिला एथलीट हरमिलन बैंस ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। मध्यम दूरी की धाविका हरमिलन हाल ही में संपन्न हुए पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले सकी थी जिसका उन्हें काफी अफसोस था। एशियाई खेलों में दो बार पदक जीत चुकीं हरमिलन अब मॉडलिंग जैसे दूसरे करियर विकल्प की तलाश कर रही हैं।

हरमिलन पिछले साल चीन में हुए एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम की स्टार खिलाड़ियों में से एक थीं जब उन्होंने 800 मीटर और 1500 मीटर में दो पदक जीते थे। हालांकि इस पूरे सत्र में वह चोटों से परेशान रहीं जिससे पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गईं।

इस समय उन्हें हैमस्ट्रिंग टियर है और उन्होंने स्वीकार किया कि उनका एथलेटिक्स करियर अनिश्चित है। वह सर्जरी करवा सकती हैं और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। इस साल की शुरुआत में उन्हें टखने की चोट लगी थी जिसे ठीक होने में पांच हफ्ते लगे थे। जून में उन्हें हैमस्ट्रिंग में खिंचाव हुआ जो बाद में एक टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के बाद बढ़ गया। हरमिलन ने कहा, मैं पेरिस ओलंपिक में भाग लेना चाहती थी और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। लेकिन लगातार चोटें लगीं और इससे मेरा प्रदर्शन प्रभावित हुआ। पेरिस ओलंपिक में भाग नहीं ले पाने के बाद मैं अवसाद में थी, मैं कुछ भी नहीं सोच पा रही थी। यहां तक कि आत्महत्या करने का विचार भी मेरे दिमाग में आया और मैं खेल छोड़ना चाहती थी। हरमिलन ने कहा, मैं इतनी हताश थी कि मैं अंक अर्जित करना चाहती थी और ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करना चाहती थी। इस कारण मैंने चोट के साथ एक रेस में भाग लिया। यह शुरू में ग्रेड 1 हैमस्ट्रिंग टियर था लेकिन अब यह ग्रेड 2बी है, मतलब यह करीब ग्रेड 3 है। मैं एक और स्कैन करवाऊंगी और फिर सर्जरी के बारे में फैसला करूंगी। किसी भी स्थिति में मैं अगले नौ महीनों तक प्रतियोगिता के लिए शुरुआत नहीं कर पाऊंगी। इसलिए मैं लंबे समय तक प्रतिस्पर्धा शुरू नहीं कर पाऊंगी।

## दुनिया के सबसे दमदार बॉडीबिल्डर की मौत महज 36 साल की उम्र में हार्ट अटैक से गई जान



**लंदन, एजेंसी।** दुनिया के सबसे ताकतवर बॉडीबिल्डर के नाम से मशहूर इलिया गोलेम येफिमचिक का 36 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया। दिल का दौरा पड़ने के बाद उन्हें छह सितंबर को अस्पताल ले जाया गया था, जहां वह कोमा में चले गए थे। कुछ दिनों बाद 11 सितंबर को उनकी मौत हो गई। डेलीमेल ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि हार्ट अटैक आने के बाद एंबुलेंस के आने का इंतजार करते हुए उनकी पत्नी एना ने छाती को कम्प्रेस भी किया था। बाद में उन्हें हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया। एना ने स्थानीय मीडिया को बताया, मैंने इस पूरे समय प्रार्थना करती रही। मैंने हर दिन उनके साथ बिताया। उनका दिल दो दिनों तक धड़का, लेकिन डॉक्टर ने मुझे एक भयानक खबर दी कि उनके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया था। मैं संवेदना व्यक्त करने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करती हूं। यह महसूस करना दिल को छू लेने वाली है कि मैं इस दुनिया में अकेली नहीं रह गई हूं। इतने सारे लोगों से मुझे मदद और समर्थन मिल रहा है। इलिया ने कभी भी किसी प्रोफेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन इस बेलारूसी बॉडी बिल्डर की सोशल मीडिया फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा था।



अभिनय की दुनिया में

# वापसी करने के लिए तैयार इमरान खान

**आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म में आएंगे नजर!**

**इमरान** खान अब अभिनय की दुनिया में वापसी करने की योजना बना चुके हैं। वे आमिर खान के प्रोडक्शन के तले बनने वाली रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। अभिनेता इमरान खान ने लंबे समय अभिनय की दुनिया से दूरी बना रखी है। हालांकि, वे कई बार प्रशंसकों से बातचीत कर चुके हैं। कई इवेंट्स और साक्षात्कार के बाद प्रशंसकों ने अभिनेता ने फिर से अभिनय करियर की शुरुआत करने की गुजारिश की। आखिरकार अब ऐसा लगता है कि इमरान अब दोबारा अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उन्होंने एक स्क्रिप्ट पर फैसला ले लिया है। खबर है कि अभिनेता आखिरकार नौ साल के अंतराल के अब बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। हालांकि, अभिनेता अगस्त 2023 से इस बारे में संकेत दे रहे हैं। वहीं अब इमरान ने ब्रेक के बाद फिर अभिनय करने का फैसला कर लिया है।

### दानिश असलम करेंगे फिल्म का निर्देशन

रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता अपने चाचा आमिर खान के बैनर आमिर खान प्रोडक्शंस के तहत बने एक फिल्म से बॉलीवुड में वापसी करेंगे। आमिर खान की फिल्म से इमरान खान की स्क्रीन पर वापसी होगी। दानिश असलम नेटफ्लिक्स के लिए एक अनटाइटल्ड रोमांटिक कॉमेडी का निर्देशन करेंगे। चर्चा है कि इमरान इस फिल्म में अलग अंदाज में नजर आएंगे।

### कुछ महीने में शुरू होगी शूटिंग

आमिर खान प्रोडक्शंस की पहली ओटीटी परियोजना, कंपनी की नई सीईओ अपर्णा पुरोहित की देखरेख में ओपन एयर फिल्म्स के साथ एक अनटाइटल्ड रोमांटिक कॉमेडी है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का प्रोडक्शन कुछ ही महीनों में शुरू हो जाएगा। इमरान खान के लिए इस फिल्म में काम करना नई शुरुआत करने जैसा होगा।

### आमिर के बैनर का पहला ओटीटी प्रोडक्शन

अभिनेता ने इंडस्ट्री में बाल कलाकार के रूप में अपनी शुरुआत की थी, वे 1988 में रिलीज हुई फिल्म कयामत से कयामत तक में नजर आए थे। फिर उन्होंने मुख्य अभिनेता के तौर पर 2008 की फिल्म जाने तू... या जाने ना के साथ शुरुआत की। दानिश और इमरान ने इससे पहले 2010 की फिल्म ब्रेक के बाद में साथ काम किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण और शर्मिला टैगोर भी थीं। नेटफ्लिक्स फिल्म की शूटिंग कथित तौर पर अगले कुछ महीनों में शुरू होगी। यह आमिर के बैनर का पहला ओटीटी प्रोडक्शन होगा।



# राजश्री प्रोडक्शंस के नाम पर हो रही लोगों से ठगी

### सूरज बड़जात्या को जारी करना पड़ा नोटिस

सूरज बड़जात्या के प्रोडक्शन हाउस राजश्री प्रोडक्शंस के नाम लोगों को फर्जी कॉल कर पैसे ऐंठे जा रहे थे। इसी को देखते हुए अब खुद कंपनी की ओर से नोटिस जारी कर लोगों को सचेत किया गया है।

77 साल पहले ताराचंद बड़जात्या द्वारा स्थापित राजश्री प्रोडक्शंस के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सूरज बड़जात्या के प्रोडक्शन हाउस के नाम पर लोगों को फर्जी कॉल कर पैसे ऐंठे जा रहे थे। इसी को देखते हुए अब खुद कंपनी की ओर से आधिकारिक बयान जारी किया गया है। राजश्री प्रोडक्शंस ने महत्वाकांक्षी अभिनेताओं को उनकी ओर से की जा रही फर्जी कास्टिंग कॉल के बारे में चेतावनी दी है।

गुरुवार को इंस्टाग्राम पर प्रोडक्शन हाउस ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कलाकारों से कभी कोई पैसा नहीं मांगा है और न ही कभी मांगेंगे। कंपनी ने अपने टीवी और ओटीटी शोज के लिए रखे गए कास्टिंग डायरेक्टर्स का भी नाम बताया।

**राजश्री प्रोडक्शंस ने किया लोगों को सचेत:** राजश्री प्रोडक्शंस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक सावधानी नोटिस जारी किया। इसमें कंपनी के नाम पर फेक कॉल किए जाने और उनसे पैसा ऐंठने वालों का पर्दाफाश किया गया।



# साउथ स्टार विजय सेतुपति एक और धमाके के तैयार

अगर आप तमिल फिल्मों के शौकीन हैं, तो अब तक आपने दिग्गज कलाकारों विजय सेतुपति और तृषा कृष्णन की फिल्म '96' शर्तिया देख ली होगी। साल 2018 में रिलीज हुई इस फिल्म का हिंदी रीमेक बनाने के लिए कई निर्माता-निर्देशक लंबे समय से परेशान रहे हैं। एक समय अभिनेता आर माधवन ने भी इसके हिंदी रीमेक में दिलचस्पी दिखाई थी लेकिन अब जब फिल्म के हिंदी रीमेक की संभावनाएं नगण्य हो चुकी हैं तो मूल तमिल फिल्म बनाने वाले निर्देशक सी प्रेम कुमार ने इसकी सीक्वल की तैयारी कर ली है। और, इस सीक्वल को लेकर चल रही तैयारियों के बीच एक दिलचस्प खुलासा विजय सेतुपति की पत्नी को लेकर भी हुआ है।

ये तो सब जानते ही हैं कि दुबई में 2003 तक नौकरी करते रहे विजय सेतुपति का अभिनय करियर उनके जीवन में उनकी पत्नी के आने के बाद ही कमाल का हुआ। विजय ने ऑनलाइन मिली अपनी पुरानी दोस्त जेसी से शादी की है। दोनों के दो बच्चे भी हैं, बेटा सूर्या और बेटी श्रीजा। आमतौर पर विजय अपनी पत्नी के साथ सार्वजनिक कार्यक्रमों में कम ही नजर आते हैं और अपने बच्चों को भी फिल्मी माहौल से दूर ही रखते हैं। लेकिन, अब जाकर जेसी ने विजय सेतुपति के काम काज में दिलचस्पी लेनी शुरू कर दी है।

# 'फिर मिलेंगे' के लिए सलमान ने ली थी? 1 रू.फीस



प्रोड्यूसर बोले- कोई एक्टर फिल्म करने के लिए तैयार नहीं था, तब भाईजान ने की मदद

फिल्म फिर मिलेंगे में सलमान खान ने एक मरीज का रोल निभाया था। प्रोड्यूसर शैलेन्द्र सिंह ने खुलासा किया है कि कोई भी एक्टर इस फिल्म में मरीज का किरदार निभाने के लिए तैयार नहीं था। तब सलमान इसके लिए राजी हुए थे और उन्होंने इसके लिए सिर्फ एक रुपए फीस ली थी।

इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए शैलेन्द्र सिंह ने कहा, 'सलमान खान ने फिल्म के लिए सिर्फ एक रुपए फीस ली थी। फिल्म में उन्होंने लीड रोल प्ले किया था, जिसे एचआईवी हो जाता और वह क्लाइमेक्स में मर जाता है। बॉलीवुड इंडस्ट्री से कोई भी इस तरह का रोल करने के लिए तैयार नहीं था। तब मैंने सलमान खान को फोन किया। वे राजी हो गए।

क्लाइमेक्स में सलमान की मौत हो जाती है। जाहिर है कि उनके फैंस खुश नहीं होंगे। लेकिन इससे पूरे देश में संदेश गया। यह फिल्म न सिर्फ थिएटर में रिलीज हुई, बल्कि टीवी पर भी इसे दिखाया गया।

फिल्म फिर मिलेंगे 2004 में रिलीज हुई थी। फिल्म का डायरेक्शन रेवती ने किया था। इसमें सलमान खान के अलावा शिल्पा शेट्टी और अभिषेक बच्चन ने भी काम किया था। 5.50 करोड़ में बनी इस फिल्म ने 5.43 करोड़ की कमाई की थी। सलमान को अंतिम बार फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था, जिसका डायरेक्शन मनीष शर्मा ने किया था। वहीं आने वाले दिनों में एक्टर फिल्म सिकंदर में दिखाई देंगे।



# युवराज सिंह की गर्लफ्रेंड की भूमिका में होंगी दंगल एक्ट्रेस!

**भारतीय** स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह की जिंदगी की कहानी अब बड़े पर्दे पर देखने की जोर-शोर से तैयारी हो रही है। खबर है कि इस फिल्म में जिस एक्ट्रेस को उनकी प्रेमिका की भूमिका में लेने की बात चल रही है, वो कोई और नहीं बल्कि दंगल की एक्ट्रेस हैं। जल्द ही कई अन्य क्रिकेटर्स की तरह अब भारतीय स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह की लाइफ की कहानी भी बड़े पर्दे पर नजर आएगी। टी-सीरीज के बैनर तले बनने जा रही इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। खबर है कि इसमें फिल्म दंगल, लूडो, अजीब दास्तां, सैम बहादुर और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस फातिमा सना शेख भी नजर आ सकती हैं। बताया ये भी जा रहा है कि इस फिल्म में फातिमा युवराज की प्रेमिका की भूमिका में दिखेंगी। इससे पहले, फातिमा ने दंगल और सैम बहादुर जैसी बायॉपिक फिल्मों में काम किया है।

सूत्रों के मिताबिक, टीम फातिमा सना शेख को युवराज सिंह की बायोपिक में उनकी प्रेमिका की भूमिका निभाने के लिए विचार कर रही है। हालांकि एक्ट्रेस या प्रड्यूसर्स की ओर से इस बारे में कोई बयान समाने नहीं आया है, लेकिन इसकी संभावना है कि वह फिल्म में एक अहम भूमिका निभाती नजर आ सकती हैं।



# कमिटमेंट को लेकर सुष्मिता सेन का क्रिप्टिक पोस्ट

**बॉलीवुड** की दिग्गज अभिनेत्री और पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन अक्सर किसी न किसी बात को लेकर चर्चा में रहती हैं। वे मुंबई में कई जगहों पर स्पॉट भी होती रहती हैं। इस दौरान पैपराजी से बातचीत में वह कहती हैं मुस्कुरा नहीं सकती। उनकी आवाज भी लड़खड़ा रही है। संभवत दांत दर्द के बाद उन्हें लोकल एनेस्थीसिया की भारी खुराक दी गई थी। अब अभिनेत्री ने एक क्रिप्टिक पोस्ट की है। इसमें उन्होंने कमिटमेंट को लेकर बात की है।

सुष्मिता सेन ने अपनी पोस्ट में लिखा है,हमारी दिलचस्पी और प्रतिबद्धता के बीच बहुत अंतर होता है। जब आप किसी चीज में दिलचस्पी रखते हैं, हम अपनी सुविधा के हिसाब से काम करते हैं। वहीं, जब हम किसी चीज को लेकर प्रतिबद्ध यानी उसके प्रति कमिटिड होते हैं तो हम कोई बहाने नहीं कर सकते हैं। हमें सिर्फ परिणाम दिखता है। दरअसल, पोस्ट में सुष्मिता ने केनेथ एच. ब्लांचर्ड का कोट साझा किया है।

इस पोस्ट को शेयर करते हुए सुष्मिता सेन ने लिखा है, सपने दिलचस्प होते हैं, उन्हें साकार करने के लिए प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है तो सवाल यह है कि क्या हम जीवन में केवल दिलचस्पी रखते हैं या इसके लिए प्रतिबद्ध हैं? लव यू गाइज।

एक फैन ने सुष्मिता के पोस्ट पर कमेंट किया कि बहुत बढ़िया और प्रेरणादायक बात कही है! शुक्रिया सुष्मिता। एक अन्य यूजर ने लिखा, माफ करें, लेकिन कभी-कभी हम चाहे कितने भी नतीजे दिखाना चाहें, कुछ ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं जो हमें ऐसा करने की अनुमति नहीं देती...। इसके अलावा एक यूजर ने सुष्मिता की पोस्ट को नकारते हुए लिखा पूरी तरह से सहमत नहीं हो सकता। असली मजबूत प्रतिबद्धता सिर्फ मूल दिलचस्पी से ही आती है।



# एमी अवार्ड्स होस्ट करने वाले पहले भारतीय होंगे वीर दास

52वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवार्ड्स की घोषणा हो गई है। 25 नवंबर, 2024 को न्यूयॉर्क शहर में होने वाले इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स को स्टैंड-अप कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास होस्ट करेंगे। इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज ने घोषणा करते हुए बताया कि स्टैंड-अप कॉमेडियन वीर दास को होस्ट के रूप में घोषित किया गया है। ऐसे में वीर दास एमी अवार्डस को होस्ट करने वाले पहले भारतीय होंगे।

इस उपलब्धि के लिए वीर दास ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए आभार जताया और लिखा, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, एक भारतीय एमी होस्ट। मैं इस साल एमी की मेजबानी करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता! पागलपन। मुझे आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। बेहद सम्मानित और उत्साहित हूं। वीर दास ने कहा, मैं इंटरनेशनल एमी की मेजबानी करने के लिए बहुत खुश हूं। यह दुनिया भर के मेकर्स को प्रोत्साहित करने के लिए एक बहुत बड़ी प्रतिष्ठित रात है, जो मेरा मानना ??है कि अपना बेस्ट कंटेंट बना रहे हैं।

# विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का सबसे बड़ा सरप्राइज

### मल्लिका का होगा अहम रोल



विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो चुका है। ट्रेलर का सबसे बड़ा सरप्राइज मल्लिका शेरावत रहीं।

मर्डर और प्यार के साइड इफेक्ट्स जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध मल्लिका, राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की इस फिल्म में अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। निर्माताओं ने मल्लिका की कास्टिंग को गुप्त रखा था। आज ट्रेलर रिलीज होने पर फिल्म में मल्लिका का होना प्रशंसकों के लिए एक सरप्राइज साबित हुआ। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के ट्रेलर से साफ पता चल रहा है कि मल्लिका, विक्की के परिवार की सदस्य की भूमिका में दिखाई देंगी। विक्की का किरदार राजकुमार राव ने निभाया है, वहीं विद्या के किरदार में तृप्ति नजर आईं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में मल्लिका का किरदार अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म वेलकम जैसा ही होगा, जिसके लिए हर कोई उनका दीवाना होता है। ट्रेलर में विजय राज का किरदार भी उनके (मल्लि्का शेरावत) प्यार में पागल दिखाई दिया, जिससे वेलकम के मजनू और उदय की यादें ताजा हो जाती हैं। मल्लिका शेरावत के प्रशंसक उनकी इस आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में उन्हें देखकर प्रशंसक खुश और सरप्राइज भी हैं। इस फिल्म में मल्लिका कई सालों बाद किसी बॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाली हैं।

साभार-एजेंसी